राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 153
लखनऊ, मंगलवार 21 जनवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जानवरों के मन में भी होती है संवेदना : सीएम योगी 03

तहसील मड़िहान में 72 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर मात्र छह का निस्तारण 12


## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर कार-पिकअप की टक्कर

**लखनऊ।** लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर रविवार देर रात सड़क हादसा हो गया। घटना सैरपुर थाना क्षेत्र के छठा मील चौराहे की है। यहां कार और डीजे पिकअप की आमने-सामने टक्कर होने से चार लोग घायल हैं। हादसे में पिकअप में सवार 2 लोग जनरेटर और डीजे बॉक्स के बीच फंसे थे, जबकि कार सवार दो लोग घायल हुए है। मौके पर पहुंची सैरपुर पुलिस ने घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेजा है। थाना प्रभारी मनोज कुमार कोरी का कहना है कि घायलों की स्थिति गंभीर थी। इसलिए पहले उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है। नाम और पते की जानकारी नहीं ली जा सकी है।

### सुकमा में छह नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सक्रिय एक इनामी सहित छह नक्सलियों ने पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष सोमवार को आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित सभी नक्सली कई नक्सल घटनाओं में शामिल थे। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति'' एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ''नियद नेल्ला नार'' योजना से प्रभावित होकर तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव के कारण नक्सली संगठन में सक्रिय छह नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

### कनाडा के पीएम पद की दौड़ में भारतीय मूल के चंद्रा आर्या

**लखनऊ।** भारतीय मूल के चंद्रा आर्या कनाडा की लिबरल पार्टी के नए नेता और प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल हैं। कर्नाटक राज्य के मूल निवासी श्री चंद्रा 2006 में नौकरी की तलाश में कनाडा गए थे और वहां नौकरी छोड़कर व लिबरल पार्टी से जुड़ गए और पार्टी और कनाडा के प्रति निष्ठावान समर्पित भाव ने उन्हें इस रेस शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।
आबादी का 48.8 प्रतिशत हिस्सा सामाजिक सुरक्षा के दायरे में

### आबादी का 48.8 प्रतिशत हिस्सा सामाजिक सुरक्षा के दायरे में

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि भारत का सामाजिक सुरक्षा दायरा 48.8 प्रतिशत हो गया है और 65 प्रतिशत आबादी केंद्र सरकार की योजनाओं के अंतर्गत कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में है। श्री मांडविया ने यहां 'अनौपचारिक क्षेत्र में श्रमिकों के लिए औपचारिकीकरण और सामाजिक सुरक्षा दायरा चुनौतियां और नवाचार' पर दो दिन की अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कहा कि सामाजिक सुरक्षा आम लोगों तक पहुंचनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकें।

### ऋषभ पंत बने लखनऊ सुपर जायंट्स के नए कप्तान

**कोलकाता।** ऋषभ पंत को आधिकारिक तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 संस्करण के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान नियुक्त किया गया है। पंत, जो पहले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान थे, ने प्रतियोगिता के 18वें सीज़न से पहले नीलामी में प्रवेश करने का फैसला किया और आईपीएल इतिहास में सबसे महंगी खरीद बन गए। सुपर जाइंट्स ने बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा है। फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका ने पंत को कप्तान बनाए जाने का ऐलान करते हुए कहा- 卐मुझे पंत में एक जन्मजात लीडर दिखता है। वे एक जबरदस्त लीडर हैं।


## आवश्यकता

लखनऊ से प्रकाशित 12 पृष्ठीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्य के समस्त जनपदों हेतु जिला एवं तहसील स्तरीय संवाददाताओं की, जो खबरों के साथ समाचार पत्रों की व्यवसायिक क्षेत्रों में दक्षता रखते हों, केवल वही अपने पूर्ण विवरण के साथ सम्पर्क करें।

**समृद्धि न्यूज**
**202, रीजेंसी प्लाजा, द्वितीय तल, 5-पार्क रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001,**
**samradhinews@gmail.com**
**7985738649/9305748833**


# न्यायिक आयोग आज करेगा सुनवाई

## संभल में 24 नवंबर को हुए दंगों के मामले में जांच के लिए राज्य सरकार ने गठित किया था तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग

▸ आयोग के सदस्य संभल के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में लोगों से लेंगे लिखित बयान

समृद्धि न्यूज



**संभल।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संभल दंगों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग 21 जनवरी को यहां दौरा करेगा और मामले की सुनवाई करेगा। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी।

संभल में 24 नवंबर को हुए दंगों के मामले में जांच के लिए राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था, जिसने एक दिसंबर को जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के साथ संभल की शाही जामा मस्जिद समेत दंगा प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया था। बयान के अनुसार अब 21 जनवरी को न्यायिक आयोग के सदस्य संभल के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में लोगों से लिखित बयान लेंगे। संभल दंगों से संबंधित न्यायिक जांच आयोग लखनऊ के सचिव सोहन लाल के हवाले से जिला सूचना विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि संभल दंगों पर 11 दिसंबर को त्रिस्तरीय न्यायिक आयोग का गठन किया गया था, जिस पर लोगों से बयान दर्ज कराने के लिए सूचना भी प्रकाशित हुई लेकिन अभी तक कोई बयान नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति अपना बयान प्रस्तुत करना चाहता है, उसे 21 जनवरी को आयोग के समक्ष लिखित रूप में प्रस्तुत करना चाहिए। पिछले साल 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर एक सर्वेक्षण के दौरान संभल में हिंसा भड़क उठी थी जिसमें चार लोग मारे गए और कई घायल हो गए।

### संभल हिंसा में 10 और पत्थरबाज आरोपी गिरफ्तार

हिंसा के दौरान जो फोटो लिए गए, उसके आधार पर आरोपितों की हुई पहचान

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में विवादित जामा मस्जिद में 24 नवम्बर 2024 को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हुई हिंसा में फरार चल रहे 10 और आरोपितों को संभल कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 72 उपद्रवी पकड़े जा चुके हैं। इन उपद्रवियों ने पत्थरबाजी के अलावा आगजनी और तोड़फोड़ करने के साथ पुलिस पर भी जानलेवा हमला किया था। हिंसा के दौरान पुलिस ने जो फोटो लिए थे, उसके आधार पर इन आरोपितों की पहचान की गई है। संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में कोतवाली क्षेत्र के देहली दरवाजा निवासी मुल्ला अफरोज, तहजीब, अजहर अली, असद, कागजी सराय निवासी दानिश, शुऐब, आलम, मोहल्ला जगत निवासी दानिश, आलम सराय निवासी शानेआलम और कोटगर्वी निवासी बाकिर शामिल हैं। सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। एसपी विश्नोई ने बताया कि 24 नवंबर 2024 को संभल में तीन स्थानों पर हिंसा और बवाल हुआ था। पहला बवाल विवादित जामा मस्जिद के नजदीक हुआ था, जहां पांच लोगों की जान गई थी। दूसरा बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था, जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी। इसके बाद तीसरी हिंसा हिंदूपुरा खेड़ा में हुई था, जहां पुलिस के अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया गया था। इन्हीं तीनों स्थानों पर पुलिस-प्रशासन की ओर से वीडियो बनाया गया था और फोटो भी लिए थे। वीडियो और फोटो के आधार पर अभी तक 450 आरोपितों के चेहरे पहचाने गए हैं। उनकी पहचान के लिए टीमें जुटी हुई हैं, जिससे उनकी भी गिरफ्तारी की जा सके। उपद्रवियों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि वह पत्थरबाजी में शामिल थे

## कोलकाता : डॉक्टर रेप व मर्डर केस में दोषी संजय रॉय को उम्रकैद

▸ मृतका के परिवार को 17 लाख का मुआवजा देने का आदेश

एजेंसी



**कोलकाता।** कोलकाता में एक जघन्य रेप और मर्डर के मामले में न्याय की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया का समापन हुआ। विशेष अदालत ने संजय रॉय को दोषी ठहराते हुए उसे उम्रभर की सजा सुनाई है। यह मामला 2024 में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुई एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या से जुड़ा हुआ है। अदालत ने दोषी पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया और मृतका के परिवार को 17 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

कोलकाता के सालदा अदालत के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने 18 जनवरी को संजय रॉय को दोषी ठहराया था। आज, 20 जनवरी को दोषी को सजा सुनाई गई। कोर्ट ने इस मामले में दोषी को उम्रभर की सजा के साथ-साथ 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके अलावा, मृतका के परिवार को 17 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया गया है।

वहीं, कोर्ट ने इस अपराध को श्रेयर ऑफद रेयरश् श्रेणी में नहीं माना, जिस कारण मौत की सजा की मांग को खारिज कर दिया गया। हालांकि, इस मामले में सीबीआई ने फांसी की सजा की मांग की थी, लेकिन अदालत ने इसे उचित नहीं माना। सीबीआई ने कहा था कि इस घटना से समाज को गहरा धक्का लगा है और दोषी को सजा मिलने से समाज में विश्वास बहाल होगा। यह घटना 9 अगस्त 2024 को घटी, जब आरजी कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में एक ट्रेनी महिला डॉक्टर का शव मिला।

### आईएएस अरुणवीर सिंह को मिला सातवां सेवा विस्तार

**लखनऊ।** सीएम योगी के खास आईएएस अरुणवीर सिंह को छह माह का सेवा विस्तार दिया गया। यमुना अथॉरिटी के सीईओ अरुणवीर सिंह को अरुणवीर सिंह को 7वीं बार सेवा विस्तार दिया गया है। इसके साथ ही अरुणवीर सिंह 30 जून 2025 तक यीडा और जेवर एयरपोर्ट के सीईओ बने रहेंगे। औद्योगिक विकास विभाग ने कार्यकाल बढ़ाने का आदेश जारी किया है। आईएएस अफसर अरुणवीर सिंह पीसीएस से प्रमोट होकर आईएएस हुए थे। औद्योगिक विकास विभाग की ओर से आदेश जारी करके अब उनको 7वीं बार सेवा विस्तार दे दिया गया है। आईएएस अधिकारी होने के बाद उनको पहली पोस्टिंग एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर द हैंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम एक्सपोर्ट्स कॉर्पोरेशन नोएडा में मिली थी।

## लखीमपुर हिंसा : आशीष मिश्रा पर गवाहों को प्रभावित करने का आरोप

▸ सुप्रीम कोर्ट ने दिया जांच का आदेश

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2021 में किसान आंदोलन के दौरान लखीमपुर खीरी में आठ लोगों की हत्या से संबंधित मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा द्वारा संबंधित गवाहों को प्रभावित करने के आरोपों की जांच करने का सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने संबंधित पक्षों को निर्देश दिया कि वे (गवाहों को कथित तौर पर धमकाने) आरोपों से संबंधित सभी दस्तावेज संबंधित पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करें। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही पुलिस अधिकारी को चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया। पीठ के समक्ष मृतक के परिवार के सदस्यों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दावा किया कि आरोपी की ओर से अपनी जमानत शर्तों का उल्लंघन करते हुए गवाहों को प्रभावित किया जा रहा है। इसके विपरीत आरोपी के वकील सिद्धार्थ दवे ने तर्क देते हुए कहा कि आवेदक मीडिया की सुर्खियां बटोरने के लिए ऐसे आरोप लगाते रहे।

## उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को मंजूरी

▸ जनता से किए वादों को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम

समृद्धि न्यूज



समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का वेबपोर्टल 21 जनवरी को पहली बार प्रदेशभर में एक साथ उपयोग में आएगा। फिलहाल यह कवायद सरकार के अभ्यास (मॉक ड्रिल) का हिस्सा होगी। इसके बाद यूसीसी को लागू किया जा सकता है। मॉक ड्रिल से सरकार, विशेष समिति और प्रशिक्षण टीम अपनी-अपनी तैयारियों को परख सकेंगी। यूसीसी लागू होने पर सभी धर्म-समुदायों में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक ही कानून।

**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए धामी मंत्रिमंडल ने सोमवार को इसकी नियमावली को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह फैसला 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है।

सोमवार को सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में यूसीसी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। हालांकि, निकाय चुनावों के चलते मंत्रिमंडल की ब्रीफिंग आयोजित नहीं हो सकी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारी सरकार ने जनता से जो भी वादा किया उसे पूरा किया है। आज ही मंत्रिमंडल की बैठक में हमने सर्वसम्मति से यूसीसी को पारित कर दिया है, जिसे शीघ्र ही प्रदेश में लागू किया जाएगा। 26 मार्च 2010 के बाद से हर दंपती के लिए तलाक व शादी का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। हलाला और इद्दत जैसी प्रथा खत्म होगी। महिला का दोबारा विवाह करने की किसी भी तरह की शर्तों पर रोक होगी। कोई बिना सहमति के धर्म परिवर्तन करता है तो दूसरे व्यक्ति को उस व्यक्ति से तलाक लेने व गुजारा भत्ता लेने का अधिकार होगा।

### राहुल गांधी को सुप्रीम राहत : मानहानि कार्यवाही पर लगी रोक

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह को कथित तौर पर 'हत्या का आरोपी' कहने के एक पुराने मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ झारखंड की एक निचली अदालत में चल रही मानहानि मुकदमे की कार्यवाही पर सोमवार को अगले आदेश तक रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री गांधी की याचिका पर उन्हें यह राहत दी और झारखंड सरकार के साथ शिकायतकर्ता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ता नवीन झा को नोटिस जारी किया। पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा, नोटिस जारी करें। अगले आदेश तक ट्रायल कोर्ट के समक्ष सभी कार्यवाहियों पर रोक रहेगी।

## विकसित भारत के सपने को साकार करें कैडेट

एजेंसी



### युवाओं की बदौलत भारत सब हासिल करने में सक्षम

उन्होंने कैडेटों की प्रतिबद्धता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति प्रेम की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक देश के रूप में भारत जो कुछ भी हासिल करने में सक्षम है, वह सभी की कड़ी मेहनत, खासकर युवाओं की बदौलत है। जब भी मैं एनसीसी कैडेटों से मिलता हूं, तो मुझे उनमें सिर्फ एक कैडेट नहीं दिखता। मैं भारत का प्रतिबिंब देखता हूं, जिसमें कई शरीर हैं लेकिन आत्मा एक है। कई शाखाएं हैं लेकिन जड़ एक है। कई किरणें हैं लेकिन रोशनी एक है। ये कैडेट अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं, अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं और अलग-अलग रीति-रिवाजों और परंपराओं का पालन करते हैं लेकिन एक चीज जो उनमें समान है, वह है 'एकता'।

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनसीसी कैडेटों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया और उन्हें भारत की संपत्ति बताया।

सोमवार को दिल्ली कैंट में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर के अपने दौरे के दौरान कैडेटों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि कैडेट, चाहे वे किसी भी क्षेत्र में काम करते हों, एनसीसी द्वारा उनमें विकसित किए गए 'नेतृत्व', 'अनुशासन', 'महत्वाकांक्षा' और 'देशभक्ति' के गुणों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। वह स्वयं एक एनसीसी कैडेट रहे हैं। इसलिए, यदि किसी पूर्व एनसीसी कैडेट ने कोई सपना देखा है, तो उसे पूरा करना अन्य सभी कैडेटों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है। इसका अर्थ है 140 करोड़ भारतीयों की प्रगति, जो सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता के बावजूद एकता में रहते हैं। हमें अपने साथ-साथ समाज के लिए भी कुछ अच्छा करना चाहिए और जल्द ही भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।

### महाकुंभ नगर में एक बार फिर लगी आग, सेक्टर 16 के शिविरों मे मचा हड़कंप

**प्रयरगराज।** महाकुंभ नगर स्थित सेक्टर 19 में रविवार को हुई आग की भीषण घटना के बाद, सोमवार को सेक्टर 16 में एक और आग की घटना सामने आई, जिसने स्थानीय लोगों में खलबली मचा दी। हालांकि, इस बार स्थानीय लोगों की तत्परता और बचाव उपायों से कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल विभाग और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग पर काबू पाया सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे, किन्नर अखाड़ा के पास श्री हरि दिव्य साधना पीठ, प्रतापगढ़ के शिविर में आग लगने की सूचना मिली। दमकल विभाग के अधिकारी के अनुसार, टॉवर पर तैनात अग्निशमन कर्मियों ने धुएं का गुबार देखा और तुरंत इसकी सूचना नियंत्रण कक्ष को दी।

## यूपी में जमीन पर उतरने को तैयार 15573 करोड़ रुपए की नई हाईवे परियोजनाएं

कानपुर, बाराबंकी, बहराइच अलीगढ़, आगरा, मथुरा बरेली समेत कई जिलों की राह होगी आसान

विकास तिवारी



**लखनऊ।** यूपी में 15573 करोड़ रुपये की नई हाईवे परियोजनाएं जमीन पर उतरने जा रही हैं। इससे कानपुर, बाराबंकी, बहराइच, अलीगढ़, आगरा, मथुरा और बरेली समेत कई जिलों की राह आसान होगी। चार परियोजनाओं की वित्तीय बिड खुल चुकी हैं, जबकि पांच परियोजनाओं के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के दिल्ली के सूत्रों के अनुसार, बरेली के 4-6 लेन दक्षिणी बाईपास के लिए डीपीआर तैयार हो रही है। इसकी लंबाई 30 किमी होगी और अनुमानित लागत 2000 करोड़ रुपये है। इसी तरह से कबरई-कानपुर को फोरलेन करने और बाराबंकी-जरवल (पैकेज-1) मार्ग के लिए भी प्रोजेक्ट रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इनकी लागत क्रमशः 3900 करोड़ और 1550 करोड़ रुपये है। बाराबंकी जरवल मार्ग का यह पैकेज-1 करीब 35.7 किमी लंबा होगा। बाराबंकी-जरवल मार्ग के पैकेज-2 में घाघरा नदी पर फोरलेन ब्रिज और आरओबी (रेलवे उपरिगामी सेतु) बनेगा। 7.3 किमी लंबी इस परियोजना पर 750 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जरवल से बहराइच के बीच 58.4 किमी सड़क निर्माण के लिए भी डीपीआर तैयार हो रही है। इसकी लागत 2050 करोड़ रुपये आंकी गई है। कानपुर रिंग रोड फेज-2 और मथुरा-हाथरस-बदायूं-बरेली फोरलेन (पैकेज-4) के लिए वित्तीय बिड खुल चुकी हैं। एनएच-93 के आगरा-अलीगढ़ के 28 किमी लंबे पैकेज-1 और इसी हाईवे के 36.9 किमी लंबे पैकेज-2 के लिए भी वित्तीय बिड की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिन चार परियोजनाओं की बिड खुल चुकी हैं, उनकी कुल लागत 5324 करोड़ है।

**कार्यक्रम** — सीएम योगी भाजपा अनुसूचित मोर्चा की तरफ से आयोजित संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम में हुए शामिल

## कांग्रेस ने नहीं छोड़ा बाबा साहब को अपमानित करने का अवसर

समृद्धि न्यूज



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी संविधान की आत्मा उसकी प्रस्तावना होती है। याद रखना होगा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने 26 नवंबर 1949 को जो संविधान का ड्राफ्ट तैयार किया था जो संविधान भारत की संविधान सभा को सौंपा था, उसकी प्रस्तावना में दो शब्द नहीं थे सेक्युलर और सोशलिस्ट। कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए आपातकाल के दौरान ये दो शब्द रात के अंधेरे में डाल करके बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का काम किया।

सीएम योगी सोमवार को गोरखपुर में भाजपा अनुसूचित मोर्चा की तरफ से आयोजित संविधान गौरव अभियान के कार्यक्रम (मेरा संविधान-मेरा स्वाभिमान) को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी किस मुंह से संविधान लेकर के घूम करके जनता को बेवकूफ बनाने का काम करते हैं। संशोधन पर संशोधन करते गए पर अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जातियों को अधिकार मिले, इसका कांग्रेस ने कभी प्रयास नहीं किया।

### सीएम ने कांग्रेस व सपा नेताओं पर उठाए सवाल

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और सपा के नेताओं पर सवाल किया कि आखिर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय या जामिया मिलिया विश्वविद्यालय में अनुसूचित जाति, जनजाति या पिछड़ी जाति के नौजवानों को प्रवेश और नौकरी में क्यों आरक्षण नहीं है। यहां आरक्षण के सवाल पर इनके नेता मौन क्यों हो जाते हैं। उन्होंने कहा जैसी कांग्रेस है वैसी ही समाजवादी पार्टी भी है। याद करिए कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नामकरण बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर था, समाजवादी पार्टी की सरकार ने नाम हटा दिया। हमारी सरकार आई तो मेडिकल कॉलेज का नामकरण फिर से बाबा साहब के नाम पर करवाया गया। अखिलेश यादव जब 2012 में प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने पहले घोषणा की थी कि बाबा साहब और जितने भी सामाजिक न्याय के महापुरुष हैं उनके बने हुए स्मारकों को हम तोड़ेंगे। तब भारतीय जनता पार्टी ने कहा था कि सामाजिक न्याय के पुरोधाओं के और उठने वाले हर हाथ के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब देने के लिए भाजपा तैयार है।

## एस जयशंकर व जापानी विदेश मंत्री रणनीतिक संचार के लिए सहमत

एजेंसी



2025-26 को घोषित किया विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार वर्ष

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अमेरिका में अपने प्रवास के दौरान जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया के साथ द्विपक्षीय बैठक की। कल वाशिंगटन डीसी में हुई बैठक में मंत्रियों ने 2025-26 को भारत-जापान विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार वर्ष के रूप में घोषित किया।

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि यह दोनों विदेश मंत्रियों की पिछले साल 26 नवंबर को इटली में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद दूसरी बैठक रही। बैठक ने भारत और जापान के बीच आपसी विश्वास, साझा मूल्यों और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित स्थायी मित्रता को मजबूत किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने जपानी समकक्ष को भारत आने का भी निमंत्रण दिया। दोनों मंत्रियों ने बैठक में द्विपक्षीय सहयोग के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। वे लगातार बातचीत के माध्यम से रणनीतिक संचार बनाए रखने पर सहमत हुए, जिसमें रणनीतिक वार्ता और विदेश और रक्षा मंत्रियों की टू प्लस टू वार्ता शामिल है।

# शासन की प्राथमिकताओं में शिव मंदिर कॉरिडोर : जिलाधिकारी

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।



- निर्धारित अवधि में गुणवत्ता के साथ कॉरिडोर निर्माण की कार्रवाई हो पूरी : डीएम
- नक्शे पर देखा कारीडोर का स्वरूप, मौजूद रहे डीएम, एसपी, विधायक, चैयरमैन

छोटी काशी गोला शिव मंदिर गोला में कॉरिडोर निर्माण के लिए हुए ध्वस्तीकरण की प्रगति जानने, निर्माण कार्य में प्रगति लाने के उद्देश्य से विधायक अमन गिरि के संग डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, एडीएम संजय कुमार सिंह ने पूरे कॉरिडोर परिसर का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य रुप से पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, एसडीएम विनोद गुप्ता मौजूद रहे। डीएम-एसपी ने विधायक संग कार्यदाई संस्था उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन के सहायक परियोजना प्रबंधक संकल्प वर्मा और आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला से नक्शे पर पूरे कॉरिडोर निर्माण और उसके स्वरूप को समझा। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि कॉरिडोर निर्माण के लिए तय टाइम शेड्यूल के अनुसार गुणवत्ता के साथ कॉरिडोर निर्माण की कार्यवाही को संपादित किया जाए। यह कार्य शासन की प्राथमिकताओं में है। इसमें किसी प्रकार का विलंब और लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने एसडीएम से ध्वस्तीकरण की प्रगति जानी और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सावन मास से पूर्व श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुसार जरूरी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। ताकि उन्हें कोई असुविधा न हो। इस दौरान एसडीएम विनोद गुप्ता, उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन के सहायक परियोजना प्रबंधक संकल्प वर्मा, आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला कॉरिडोर निर्माण से जुड़े सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक संग डीएम-एसपी ने देखी रोडवेज के लिए जमीन, एसडीएम से मांगी रिपोर्ट

- एसडीएम जमीन का सर्वे कर सौंपे अपनी रिपोर्ट : डीएम



गोला गोकर्णनाथ। गोला छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर बनने के साथ-साथ रोडवेज बस स्टेशन को नया आशियाना मिलने की कवायद शुरू हो गई। इसी कड़ी में सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, एडीएम संजय कुमार सिंह ने गोला गोकर्णनाथ पहुंचकर विधायक गोला अमन गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल "रिंकू" संग रोडवेज बस अड्डे के निर्माण के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश में गोला देहात में काशीराम कॉलोनी के निकट स्थित लोक निर्माण विभाग की जमीन का प्रारंभिक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने मौजूद अफसरों संग रोड़वेज बस अड्डे के लिए भूमि चयन के संबंध में जरूरी जानकारी लेते हुए सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित को दिशा निर्देश दिए। डीएम ने एसडीएम गोला विनोद गुप्ता को निर्देशित किया कि रोडवेज के लिए देखी गई भूमि का विवरण इत्यादि के संबंध में सर्वे करते हुए नियमानुसार रिपोर्ट समयबद्धता से उन्हें प्रस्तुत करें, ताकि प्राप्त रिपोर्ट पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान एडीएम संजय कुमार सिंह, एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी, एआरएम गोला, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तरुणेन्द्र त्रिपाठी सहित सभी संबंधित विभागों के उत्तरदाई अधिकारी मौजूद रहे।

## सेंट्रल बार का मतदान व मतगणना आज

- अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में
- एकल नामांकन से संयुक्त मंत्री सुमित, कोषाध्यक्ष अमित निर्विरोध निर्वाचित



गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

सेन्ट्रल बार एसोसिएशन का चुनाव पूर्व नियोजित चुनाव कार्यक्रम के तहत आज कराया जाएगा। जबकि सोमवार को प्रत्याशियों के बीच जनरल स्पीच कराई गई सभी ने अपनी अपनी प्राथमिकता बताई। सेंट्रल बार एसोसिएशन के लिए आज सुबह 10बजे से शाम 3बजे तक मतदान होगा। इसके बाद 3.30 बजे से मतगणना के पश्चात परिणाम घोषित किया जाएगा। बता दें कि चुनाव में अध्यक्ष पद से चार प्रत्याशी कालिका प्रसाद मौर्य, रामकुमार गौतम, कृष्ण कुमार शुक्ला, प्रदीप कुमार सिंह मैदान में हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद तारिक इस्लाम, अचल कुमार श्रीवास्तव चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि मंत्री पद पर संदीप कुमार अवस्थी और अनूप कुमार वर्मा आमने सामने हैं। संयुक्त मंत्री पद पर सुमित गिरि, कोषाध्यक्ष पद पर अमित कुमार का एकल नामांकन होने से उनका निर्विरोध निर्वाचन तय है।

## खबरें एक नजर में

### 27-28 तक चलेगा दो दिवसीय मनरेगा महासंघ का मेला

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि 17वां दो दिवसीय राष्ट्रीय ग्रामीण मनरेगा मजदूर मिस्त्री महामेला 27जनवरी को सुबह 10 बजे भगवान विश्वकर्मा का हवन पूजन करने के बाद मेला प्रारंभ होंगा। 28 जनवरी को सांय 5बजे मेले का समापन होगा। मेले में 27जनवरी को सुबह 10 बजे से निशुल्क नेत्र परीक्षण व मेडिकल कैंप, किसानों प्रदर्शनी लगाई जाएगी। मेले के मुख्य अतिथि विधायक शशांक वर्मा निघासन, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शरद बाजपेई, सौरभ सिंह सोनू विधायक कस्ता, रोमी सहनी विधायक पलिया, अमन गिरि विधायक गोला, विनोद शंकर अवस्थी विधायक, योगेश वर्मा सदर विधायक, पालिकाध्यक्ष गोला विजय शुक्ला रिंकू, पूर्व चेयरमैन ईश्वरदीन वर्मा, आदि सहित जनपद के अधिकारी व कई दलों के नेता मौजूद रहेगे। मेले में बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर, खेतिहर मजदूर, विश्वकर्मा समाज के लोग, किसान, पत्रकार, अधिवक्ता, खुदरा व्यापारी आदि बड़ी संख्या में भाग लेंगे। साथ ही 37सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला अधिकारी खीरी के माध्यम से 28जनवरी मुख्य न्यायधीश भारत सरकार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत सरकार, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, सब जलकर राख



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर कलां के गांव दौलतापुर में अज्ञात कारणों से सोमवार शाम करीब 7 :30 बजे आग लग गई। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया पास में ही दूसरे घर को अपनी चपेट में ले लिया जिससे एक ही परिवार के दो घर जल गये। अग्निकांड की घटना में शिवम, शुभम पुत्र विक्रम यादव के घर जल गए। जिसमें शुभम के 20 हजार व शिवम के 38 हजार रुपए नकद एवं जेवर सहित घरेलू अनाज, कपड़ा, बर्तन, बिस्तर सब कुछ जल कर खाक हो गया। ग्राम प्रधान ने घटना की जानकारी स्थानीय लेखपाल को दी।

### सीडीओ ने समस्याओं के निस्तारण के दिये निर्देश

**जालौन (उरई), समद्धि न्यूज।** जन समस्याओं को मौके पर निस्तारण के लिए तहसील सभागार में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास व एसडीएम विनय मोर्य की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में 11 शिकायतें पंजीकृत हुई। मौके पर किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। शनिवार के स्थान पर सोमवार को आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास ने की। इस दौरान सीडीओ व एसडीएम विनय मौर्य ने शिकायतों को सुना। जिसमें 11 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पंजीकृत कराई। संपूर्ण समाधान दिवस में अवैध कब्जा, मारपीट, बिजली, पानी, अतिक्रमण की शिकायतें दर्ज कराई गईं। जिनमें पुलिस विभाग की चार, बिजली विभाग तीन, राजस्व विभाग दो, विकास विभाग की दो शिकायतें पंजीकृत हुई। मौके पर किसी समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस मौके पर तहसीलदार एसके मिश्रा, बीडीओ अरुण सिंह, एसीएमओ डॉ देवेंद्र भिटौरिया, नायब तहसीलदार गौरव कुमार, डॉ. राजीव दुबे, बीईओ प्रीति सिंह, जेई जल संस्थान आलोक श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक अजीत कुमार, मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### मिल्क प्लांट से भरे गए दूध के नमूने



गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। खादय सुरक्षा विभाग की टीम ने मिल्क प्लांट पर छापा मार कर दूध के दो सैम्पल भरे हैं। जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग का एक दल ने जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेंद्र शर्मा की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नत्थू कुशवाहा और रामजी शुक्ला की टीम ने गोला की सिकंदराबाद रोड पर सिंघानिया मिल्क प्लांट में छापा मारा जहां से दूध के दो नमूने लिए गए हैं जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य विभाग की टीम की शहर में मौजूदगी से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

## हाई स्पीड बस ने ओवरटेक करने में गन्ना भरे ट्रैक्टर ट्राली को मारी टक्कर

- ट्रैक्टर हुआ क्षतिग्रस्त ड्राइवर घायल

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।



**करीब चार घंटे बाद पहुंचा हाइड्रा**

स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी गुलरिया चीनी मिल प्रबंधक को दी और रोड से ट्रैक्टर ट्रॉली हटाने के लिए हाइड्रा भेजने के लिए कहा गया ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके बताते है सुबह सूचना दी गई और करीब 12 बजे गुलरिया चीनी मिल ने हाइड्रा भेजा तब रोड से क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर और गाना भरी ट्राली को हटाया गया।

पड़रिया तुला कस्बे में पुलिस चौकी के पास ओवरटेकिंग के चक्कर में बस ने दो ट्रैक्टर ट्राली को मारी टक्कर एक ट्रैक्टर ड्राइवर की हालत गंभीर हो गई।

थाना भीरा क्षेत्र के कस्बा पड़रिया तुला में सोमवार सुबह करीब 8-30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें एक गन्ना भरी ट्रॉली पलट गई वही दूसरा ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर ड्राइवर को गंभीर चोटे आई वही बस में बैठे सभी यात्री बाल बाल बचे किसी को भी चोटें नहीं आई। चौरठिया निवासी गुरजीत सिंह सोमवार को अपने ट्रैक्टर ट्राली से गुलरिया चीनी मिल गन्ना लेकर जा रहे थे। बताते है सुबह करीब 8:30 बजे जैसे ही पडरिया तुला पुलिस चौकी के पास पहुंचे तभी पालिया से लखीमपुर जा रही एक प्राइवेट बस यूपी 31बी टी 1578 ने सामने से टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रैक्टर चालक गुरजीत सिंह को गंभीर चोटे आई। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने तत्काल 108 एम्बुलेंस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ पहुंचाया, और बस को साइड में करवाकर यातायात को चालू करवाया। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया भीरा की तरफ से एक किसान गन्ना भरी डबल ट्रॉली जोड़कर दाउदपुर केशर को जा रहा था तभी पीछे से आ रही प्राइवेट बस ने ट्रॉली को अत्यधिक गति से ओवरटेक करने का प्रयास किया इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई,मौका पाकर बस ड्राइवर बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने बस को कब्जे में ले कर आगे की करवाई प्रारम्भ कर दी।

### संपूर्ण समाधान दिवस : 40 शिकायतों में 10 निस्तारित

**गोलागोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की कुल 40 शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें सबसे अधिक शिकायतें राजस्व एवं आपदा विभाग की 27, संयुक्त जांच हेतु 04, खाद्य एवं रसद विभाग, ग्राम विकास विभाग की 2-2, गृह गोपन विभाग पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, बैंक विभाग, नगर विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग की एक-एक शिकायत दर्ज की गई। जिसमें 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।
इस मौके पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, तहसीलदार सुखबीर सिंह सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## तेलंगाना राज्य से भटककर मिली महिला को उसके परिवारजनों से मिलाया

लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।



20 जनवरी 2025 जनपद में स्थित वन स्टाप सेंटर के द्वारा तेलंगाना राज्य से भटक कर मिली महिला को जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव के निर्देशन में उसके परिवारजनों से मिलने का सराहनीय कार्य किया गया।

ज्ञात हो कि 18 जनवरी 2025 को अपना घर भूल भटकर पी.आर.बी 2851को एक महिला ग्राम चिमनी पुलिस चौकी ओयल थाना खीरी क्षेत्र मिली थी, उक्त महिला को वन स्टॉप सेंटर पर आश्रय व संरक्षण दिलाया गया था। जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव के निर्देशन में काउंसलर विजेता गुप्ता व रश्मि वर्मा द्वारा परिवारिक जन की जानकारी की गयी। काउन्शिलिग में उक्त महिला ने अपना नाम रमन्ना पत्नी भास्कर राव जिला कमम मंडल ओयदा राज्य तेलगांना बताया था। परिवार में पुत्र मुताशाही से काउन्शलर द्वारा बात होने के बाद उन्हे वन स्टाप सेंटर लखीमपुर बुलाया गया था। दिनांक 20 जनवरी 2025 को महिला के पति भास्कर राव , व पुत्र मुताशाही वन स्टाप सेंटर पर अपना व महिला के पहचान सम्बन्धित प्रमाण दिया और महिला ने अपने पति व पुत्र को देखकर पहचान लिया। उक्त महिला एक माह पूर्व अपने घर से भटकर निकल आयी थी। एक माह बाद पति व पुत्र ने महिला को देखकर काफी खुश हुऐ। इस तरह से वन स्टाप सेंटर के द्वारा महिला को उसके परिवार के लोगो से मिलाने का सराहनीय कार्य किया गया है।

## पंचायत भवन के बंद कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।



थाना क्षेत्र के गांव संडिलवा गांव में बने पंचायत भवन के बंद कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव परिवार का रो रो कर बुरा हाल,परिवार के लोगों ने बताया की शैलेंद्र पांच दिनो से घर से गायब था जिसकी खोजबीन आसपास के क्षेत्र में की गई लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चला सोमवार को दिन के लगभग 1:00 बजे के समय मृतक का भाई जितेंद्र सिंह पंचायत भवन की तरफ गया जहां पर पीछे की खिड़की खुली मिली जिसमें झांक कर देखा तो शैलेंद्र सिंह 28 का शव जमीन पर पड़ा दिखाई दिया,जिसकी सूचना परिवारी जनों को दी गई, परिवार के लोगों के साथ गांव के अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे जहां पर सभी ने देखा पंचायत भवन के मुख्य दरवाजे पर ताला बंद था लेकिन पीछे की खिड़की खुली पाई गई ,शव के पास में मृत युवक का मोबाइल फोन भी रखा मिला है, संडिलवा ग्राम प्रधान दिलीप सिंह तोमर ने बताया कि पंचायत भवन का ताला कभी कभी खुलता है प्रति दिन नहीं जब पंचायत सहायक को ग्राम सभा संबंधित काम होता तब ताला खोला जाता है अन्य समय में बंद रहता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक शैलेन्द्र सिंह ने दो विवाह किए थे पहली वाली पत्नी का एक छोटा बेटा है शैलेन्द्र के आपसी पति पत्नी के विवाद में पहले वाली पत्नी शैलेन्द्र को छोड़ कर चली गई थी।उसके बाद दूसरी सादी किया जिसे अभी कोई संतान न थी ,मृतक अपने पीछे एक बेटा व पत्नी छोड़ गया। प्रभारी निरीक्षक मितौली राजू राव ने बताया शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है ,पी एम रिपोर्ट आने के बाद स्थिती स्पष्ट हो जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने लिए नमूने, जांच को भेजे

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाये जाने एवं आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं जाने के लिए जनपद में चलाए जा रहे खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग के जांच अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार, अनिल कुमार राठौर और अरविन्द कुमार साहू ने नगर में पाल चौराहे पर डेरी में विक्रय के लिए लेकर जाते हुए अनिल कुमार पुत्र भारत सिंह और तिर्वा में बेहरीन रोड पर डेरी में विक्रय लेकर जाते हुए बलराम यादव पुत्र फूलचंद के दूध विक्रय वाहन को रोककर संदेह के आधार पर मिश्रित दूध के दो नमूने जांच हेतु संग्रहित किए।

इसीक्रम में मेडिकल कॉलेज तिर्वा स्थित मरीजों के भोजन के आपूर्तिकर्ता जायसवाल कैंटीन के किचन का निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने प्रबंधक संचित शर्मा पुत्र स्व. राम अवतार से रिफाइंड तेल, अरहर की दाल एवं मूंग की दाल के नमूने तथा पके हुए भोजन में दाल, पालक पनीर सब्जी एवं पके चावल के सर्विलांस नमूने जांच हेतु संग्रहित किए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य कारोबार कर्ताओ एवं आमजनता को विभिन्न खाद्य पदार्थों में मिलावट के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया।

## 100 दिवसीय टीबी खोजी अभियान | सीएससी गोला के मड़िया में निश्चय शिविर आयोजित

- 100 से अधिक मरीजों की स्क्रीनिंग की गई
- शिविर में बलगम की जांच के साथ ही शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच भी कराई गई

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।



100 दिवसीय टीबी खोजी अभियान के अंतर्गत जिले की 1165 ग्राम पंचायत में निश्चय शिविर का आयोजन किया रहा है। सोमवार को सीएससी गोला के अंतर्गत ग्राम मड़िया में निश्चय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका स्थलीय निरीक्षण सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने किया।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी खोजी अभियान के अंतर्गत उच्च जोखिम वाले समूह के अंतर्गत टीबी के रोगियों की खोज की जा रही है। सीएचसी गोला के अंतर्गत ग्राम मड़िया में निश्चय शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान 100 से अधिक मरीजों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 32 लोगों की बलगम की जांच की गई। शिविर में बलगम की जांच के साथ ही शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच भी कराई गई।

आभा आईडी बनाई गई, आयुष्मान कार्ड बनाए गए, नेटवर्क सही न होने के कारण पर्याप्त लाभार्थियों को लाभ नहीं मिल पाया। अजान में लगने वाले निश्चय शिविर में इन सभी लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बना लिए जाएंगे।

साथ ही उन्होंने बताया कि 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धि जन व कुपोषित बच्चे, एचआईवी से ग्रसित मरीज, कम बीएमआई वाले व्यक्ति जिनका बीएमआई 18.5 से कम है। शुगर के मरीज व नशा करने वाले व्यक्ति आदि की पहचान कर उनकी जांच कराई जाएगी। वहीं आवासीय विद्यालय, कारागार, वृद्धा, आश्रम नारी निकेतन भी इस अभियान में शामिल किए गए हैं। यहां पर रहने वाले लोगों की भी स्क्रीनिंग की जाएगी। मलिन बस्ती ईंट भट्टे पर काम करने वाली युवतियों को भी चिन्हित कर स्क्रीनिंग की जाएगी। सभी कार्य क्षेत्रों की आशा, आशा संगिनी अभियान में सहयोग करेगी। पुराने एवं नए टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों की भी स्क्रीनिंग कराई जाएगी। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर आयुष्मान आशुतोष श्रीवास्तव, सीएचसी की टीम, सहित आशा आंगनवाड़ी वर्कर और स्थानीय ग्राम प्रधान मौजूद रहे, जिन्होंने स्वयं बढ़-चढ़कर इस शिविर में लोगों की स्क्रीनिंग करवाई।

## जीत में बूथ पदाधिकारी व पन्ना प्रमुखों की भूमिका महत्वपूर्ण : धर्मपाल

- मिल्कीपुर के चमनगंज में हुआ बूथ अध्यक्ष प्रभारी व बीएलए-2 का सम्मेलन

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।



मिल्कीपुर के चमनगंज में आयोजित बूथ अध्यक्ष, प्रभारी तथा बीएलए-2 के सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि चुनाव की जीत में बूथ पदाधिकारी व पन्ना प्रमुखों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। सभी बूथ के पदाधिकारी अपनें वोटरों को चिन्हित कर लें तथा मतदान के दिन यह सुनिश्चित करें की इनका शत प्रतिशत मतदान हो।उन्होंने कहा कि मोर्चो, प्रकल्प व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी अपने अपने बूथ पर सक्रियता बढ़ा दे।सभी को अपना बूथ पर विजय दिलाने की जिम्मेदारी निभानी है।इसके लिए प्रत्येक घर हर मतदाता से सम्पर्क करना आवश्यक है।पन्ना प्रमुख अपने क्षेत्र मे आने वाले मतदाताओं से रोजाना किसी न किसी माध्यम से चर्चा अवश्य करें।उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करें।सभी पदाधिकारियों को आपसी सामजस्य स्थापित करने हुए चुनावी रणनीति तैयार करनी है। बूथ कमेटियों की बैठकें रोजाना होनी चाहिए।वार्ड के पदाधिकारी व सेक्टर प्रमुख चुनाव को लेकर अपनी सक्रियता बढ़ा दे।सोशल मीडिया पर सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक्टिव हो जाय।पार्टी कार्यक्रमों व जनसम्पर्क से लेकर रोजाना आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सोशल मीडिया पर साझा करें।इस चुनाव में भाजपा एक बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है।क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कहा कि चुनाव यदि कोई विजय दिला सकता है तो वह बूथ का कार्यकर्ता ही है।मंच योजना बना सकता है लेकिन मतदाता को मतदान करने ले जाने का सबसे महत्वपूर्ण कार्य बूथ का कार्यकर्ता करता है। इसलिए सभी बूथ के कार्यकर्ता एक्टिव हो जाएं।घर घर सम्पर्क करें।बूथ विजय का लक्ष्य लेकर कार्य करें।चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि विजय का लक्ष्य बूथ कार्यकताओं की मेहनत पर निर्भर होता है।सभी बूथ के पदाधिकारी लगतार लभार्थियों से सम्पर्क व संवाद करते रहे।

सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह,सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर,आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु', कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही,खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव,राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव,पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, एमएलसी हरिओम पांडेय, विधायक अमित सिंह चौहान, रामचन्दर यादव, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, गोरखनाथ बाबा, रामू प्रियदर्शी, अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र, राघवेन्द्र पाण्डेय, भाष्कर मिश्र सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष, प्रभारी व बीएलए 2 मौजूद रहे।

## अज्ञात चोरों ने पार किया हाईटेंशन लाइन का एक किमी तार

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।



- कई गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप्प, ग्रामीणांचल में पसरा अंधेरा

रविवार की रात अज्ञात चोर उदोतपुरा खकसीस 33 केवी बिजली के लगभग एक किमी दूरी के बिजली का तार काट ले गए। हाईटेंशन लाइन का तार चोरी होने के आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई है। बिजली के तार चोरी होने की सूचना जेई व एसडीओ ने पुलिस को दी है।

कोंच मार्ग पर उदोतपुरा बिजलीघर से खकसीस के लिए 33 केवी की लाइन निकली हुई है। रविवार की रात को अज्ञात चोरों ने ग्राम तामां व सुढ़ार के बीच में लगभग एक किमी दूरी की ट्रिपल लाइन (कुल लगभग तीन किमी) 33 केवी की लाइन के तार काट लिए। खेतों से निकली हाईटेंशन लाइन के तार कटने की सूचना मिलने पर जेई रमाकांत वर्मा, एसडीओ राम सुधार ने मौके पर पहुंच कर चोरी की घटना की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पता चला कि लगभग 960 मीटर दूरी के लाइन के तीनों तार चोरी हो गए हैं। तारों को निकालने के चक्कर में बिजली के 11 पोल इंसुलेटर क्षतिग्रस्त हो गए। तामां से सुढ़ार के बीच रामकुमार पचौरी तामां, रामू सुढ़ार व एक अन्य खेत के बीच बिजली के तार चोरी होने से बिजली विभाग की पेट्रोलिंग टीम व मलकपुरा छिरिया सलेमपुर पुलिस चौकी की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। चोरों ने ट्रैक्टर की मदद से लगभग एक किमी बिजली की लाइन चोरी कर ली और खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा दिया। इसके बाद भी बिजली विभाग व पुलिस विभाग को भनक तक नहीं लगी। बिजली के तार चोरी होने व पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति रविवार की रात करीब दो बजे से पूरी तरह ठप्प है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। एसडीओ राम सुधार ने बताया कि 33 केवी के बिजली तार चोरी व 11 पोल व इंन्सुलेटर क्षतिग्रस्त होने की शिकायत छिरिया मलकपुरा चौकी पर की गई है।

# जानवरों के मन में भी होती है संवेदना : सीएम

## सीएम ने बहराइच से आए भेड़िए का नाम रखा भैरव व भैरवी, पीलीभीत टाइगर रिजर्व से लाए गए बाघ को दिया केसरी नाम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जानवरों के मन में भी संवेदना है। कोई उन्हें आत्मीयता दे, ठीक व्यवहार रखे तो आसानी के साथ वे मनुष्य के पास आना चाहते हैं। प्रकृति-पर्यावरण, जीव-जंतुओं, पशु-पक्षियों के साथ हमारा व्यवहार संवेदनशील है तो हम संतुलन बनाए रख सकते हैं। यदि हम पर्यावरण के अनुकूल हैं तो पर्यावरण हमें उत्तम वातावरण देगा। सीएम ने कहा कि 121 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस प्राणि उद्यान में हर तरह के 350 से अधिक प्राणि (पशु-पक्षी आदि) हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में हाथी रेस्क्यू सेंटर का उद्घाटन किया। साथ ही तितली उद्यान का लोकार्पण और कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने यहां पौधरोपण किया। हाथी-गैंडा (हर व गौरी) को गन्ना-केला, गुड़-चना आदि भी खिलाया। एनपीए एकेडमी की विद्यार्थी कृतिका व वैष्णव ने मुख्यमंत्री को उनका चित्र भेंट किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई पीढ़ी को पर्यावरण का महत्व पता लगना चाहिए। पर्यावरण के लिए खतरनाक कारकों से परहेज करना चाहिए। इससे वर्तमान व भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित है। सीएम ने अपील की कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, इससे पर्यावरण बचेगा। पर्यावरण बचेगा तो वर्तमान व भविष्य भी उज्ज्वल होगा। आबादी के साथ मनुष्य की आवश्यकताएं भी बढ़ रही हैं। हर व्यक्ति वर्ष में दस पेड़ लगाए। पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जाने वाले उपायों से जुड़ें। बरसात के पानी के संरक्षण के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा दें, जल की बर्बादी न हो।मुख्यमंत्री ने बहराइच से गोरखपुर चिड़ियाघर लाए गए भेड़िए का नामकरण भी किया। सीएम ने नर भेड़िए का नाम भैरव व मादा का भैरवी रखा। उन्होंने बताया कि बहराइच में छह भेड़ियों का झुंड था। इन्होंने लगभग नौ-दस बच्चों पर हमला किया। इसमें कुछ बच्चों की मौत भी हो गई थी। भेड़ियों को रेस्क्यू कर इन दोनों को यहां लाया गया था। वहीं सीएम ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व से आए बाघ का नाम केसरी रखा। सितंबर 2024 में इसे रेस्क्यू किया गया था। सोमवार को उसे बाड़े में छोड़ दिया गया। इस दौरान वन-पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, राज्यमंत्री केपी मलिक, सांसद रवि किशन, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, विधायक श्रीराम चौहान, विपिन सिंह, फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, विमलेश पासवान, महेंद्र पाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, महंत रविंद्र दास जी महाराज, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी आदि मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश का वनाच्छादन बढ़ा, अनवरत हो रही वृद्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात-आठ वर्ष के अंदर 100 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया गया है। इससे यूपी का वनाच्छादन बढ़ा है। अनवरत इसमें वृद्धि भी हो रही है। कैंपियरगंज में जटायु संरक्षण केंद्र भी बन रहा है। हमारा प्रयास है कि लैंड जल्द उपलब्ध हो जाती है तो हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्टिक यूनिवर्सिटी का सेंटर इंस्टीट्यूशन व यूनिवर्सिटी के रूप में स्थापित किया जाए, क्योंकि यह आज की आवश्यकता है।

### प्राणि उद्यान में 30 लाख से अधिक लोगों ने किया प्रवेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर का प्राणि उद्यान 27 मार्च 2021 को लोकार्पण हुआ था। तबसे अब तक 30 लाख से अधिक लोगों ने यहां प्रवेश किया। इनमें 10 लाख से अधिक विद्यार्थी हैं। यह प्राणि उद्यान पर्यावरण व मनोरंजन के लिए सहायक है। सीएम ने कहा कि प्रकृति से जितनी अधिक तारतम्यता होगी, भविष्य उतना ही अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह ने हाथी रेस्क्यू सेंटर में गंगा प्रसाद नामक हाथी प्रदान किया है। अपने विधानसभा में प्राणि उद्यान होने के कारण इसे डोनेट करना नया प्रयोग है।

# जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण है सरकार की प्राथमिकता : मंडलायुक्त

**डॉ. रौशन जैकब की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर फरियादियों की समस्या सुनकर शिकायतों का निस्तारण करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण, जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है। जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। समस्या सुनवाई के दौरान प्रार्थी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम अमराई की सरकारी भूमि खसरा संख्या 960 स पर किए जा रहे हैं अवैध निर्माण को तत्काल रोक के जाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया। मंडलायुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व व नगर निगम की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचे कर उक्त भूमि का चिन्हांकन व सीमांकन करते हुए सरकारी भूमि से अवैध कब्जा मुक्त कराया जाए। शिकायतकर्ता विशाल कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम सभा हासेमऊ के गाटा संख्या 125/213 स्थित ग्राम हासेमऊ में राजस्व अभिलेख में मरघट व शमशान के नाम से दर्ज है। उपरोक्त भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके कुछ लोगों के द्वारा क्रय-विक्रय किया जा रहा है जिससे ग्राम वासियों को शव दफ्न करने में बहुत कठिनाइयों को सामना करना पड़ता है। कई बार प्रार्थना पत्र संपूर्ण समाधान दिवस में भी दिया जा चुका है परंतु किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मंडलायुक्त ने तहसीलदार को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। मंडलायुक्त ने जन सुनवाई के दौरान कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं व संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाये।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध हालात में मौसी-भांजी लापता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कुमारन टोला मदेयगंज के रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि शनिवार दोपहर 3 बजे से उनकी बेटी व नातिन लापता है। काफी खोजने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल सका। पिता ने इलाके के रहने वाले विक्रांत पुत्र रामलाल पर साथ ले जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बेटी ने विक्रांत की दुकान पर अपना मोबाइल बनवाने के लिए दिया था। मोबाइल रिपेयरिंग के दौरान विक्रांत ने बेटी की पर्सनल फोटो ट्रांसफर कर ली थी। इसके बाद विक्रांत बेटी की तस्वीर वायरल करने की धमकी दे रहा था। घटना की जानकारी होने पर उन्होंने विक्रांत को काफी समझाया था। घटना के बाद जब उन्होंने विक्रांत का पता लगाया तो मालूम हुआ कि दो दिन से वो घर नहीं आया है। इसके बाद पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए मदेयगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर मदेयगंज का कहना है कि शिकायत के आधार पर बच्चियों की तलाश की जा रही है।

### गोमती नदी में युवक ने लगाई छलांग, जांच में जुटी पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकारी के मुताबिक, मदेयगंज में सोमवार सुबह करीब दस बजे इलाके में रहने वाले कार्तिक (21) ने पक्के पुल से गोमती नदी में छलांग लगा दी। कार्तिक पैदल चलता हुआ पुल पर आया। इसके बाद छलांग लगाने के लिए रेलिंग पर चढ़ गया। वहां मौजूद लोगों ने रोकने का प्रयास किया लेकिन तब तक छलांग लगा दिया। आसपास अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्तिक की माता-पिता को जानकारी दी। पुलिस गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश के मुताबिक युवक के नदी में छलांग लगाने का कारण पता नहीं चल सका है। परिवार अभी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है।

### लगा कृत्रिम अंग सहायक उपकरण, चश्मा व कंबल भी वितरित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नर सेवा नारायण सेवा के मूल मंत्र के साथ ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने मिधानी ग्रुप के सहयोग से अपने स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, दिव्यांग कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरण ट्राई साइकिल, बैसाखी, छड़ी, कान की मशीन व कम्बल वितरण महाअभियान की श्रंखला में केआरके पैलेस रकाबगंज चौराहे में विशाल शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों मातृ शक्तियों, बुजुर्गों को चश्मा, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी कान की मशीन तथा हजारों की संख्या में गरीब जरूरतमंद मातृ शक्तियों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल ने स्वस्थ्य शिविर की भव्यता और ट्रस्ट के नर सेवा नारायण सेवा की मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि ममता चैरिटेबल ट्रस्ट इस तरह के विशाल शिविर लगाकर सेवा का कार्य कर जरूरतमंदों पर सेवा एवं सहायता के ममता की बारिश निरंतर कर रहीं है।

### कैसरबाग बस अड्डे पर चालक की पिटाई, एक गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में कैसरबाग बस अड्डे के गेट पर पेशाब कर रहे दबंगों ने हार्न बजाने पर बस ड्राइवर की पिटाई कर दी। बस में मौजूद कंडक्टर बीच बचाव करने आया तो उससे भी मारपीट कर बस का शीशा तोड़ दिया। ड्राइवर और कंडक्टर की आंख में चोट आई है। पुलिस ने दो नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। स्वामी विवेकानंद का जयंती समारोह आल से,

### छह दिनों तक चलेगा विवेकानन्द जयंती समारोह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में निरालानगर स्थित राम कृष्ण मठ में स्वामी विवेकानन्द की 162वीं जयन्ती समारोह मनाया जा रहा है। 21 से 26 जनवरी तक 6 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन मठ में होगा। इस दौरान प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। समारोह के सभी कार्यक्रम ऑनलाइन प्रसारित किए जाएंगे। रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने बताया कि जयंती समारोह का श्रद्धालुओं को विशेष इंतजार रहता है। लखनऊ समेत प्रदेश और अन्य राज्यों में बड़ी संख्या में रामकृष्ण मठ और स्वामी विवेकानंद के मानने वाले हैं। भक्तों की भावनाओं को ध्यान में रखकर जयंती समारोह के सभी कार्यक्रमों को ऑनलाइन प्रसारित करने का निर्णय लिया गया है।

### सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने 3 वारंटी को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा, राजधानी लखनऊ (दक्षिणी) क्षेत्र में,थाना सुशांत गोल्फसिटी पुलिस ने 3 वारंटीयों वांछित चल रहे थे, 1 राहुल सोनी निवासी खुर्दही बाजार थाना सुशांत गोल्फसिटी लखनऊ,2 विक्रान्त सोनी निवासी खुर्दही बाजार सुशांत गोल्फसिटी लखनऊ,3 अजय कुमार निवासी मकान नं 125,बक्कास थाना सुशांत गोल्फसिटी लखनऊ को हिरासत पुलिस लिया गया, इसी क्रम में (दक्षिणी) डीसीपी, दिशा-निर्देश पर पुलिस टीम लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है। जिसमें थाना सुशांत गोल्फसिटी प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्रा,के नेतृत्व में आरोपियों को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई।

# डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम व इटौंजा पुलिस ने स्नैचर को किया गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** इटौंजा इलाके में बीती 13 जनवरी को अपने पति के साथ बाइक पर बैठकर जा रही महिला की पर्स पर झपट्टा मारकर भागने वाले शातिर स्नैचर को डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम व इटौंजा पुलिस ने सोमवार को धर दबोचा।

एडीसीपी उत्तरी जितेन्द्र कुमार दूबे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि सतरिख रोड चिनहट निवासी स्नैचर पंकज शुक्ला को डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना इटौंजा मार्कण्डेय यादव और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर माधवपुर जाने वाली रोड से गिरफ़्तार कर लिया। जिसके कब्जे से पीली धातु की झुमकी व दो अदद सफ़ेद धातु की अंगूठी, 2150 रुपए नगद और एक स्कूटी बरामद हुई।

एडीसीपी उत्तरी ने यह भी बताया कि अभियुक्त ने पूछताछ में कबूला कि लगभग तीन महीने पहले बीकेटी इलाके में भी उसने अपने भाई सह अभियुक्त शुभम शुक्ला के साथ केटीएम बाइक से एक महिला से झपट्टामारी करते हुए सोने का कुण्डल लूटा था जिसे राह चलते किसी व्यक्ति से 5000 हजार में दोनों स्नैचर भाइयों ने बेच दिया था और बाराबंकी में भी उन्होंने इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया था जिसमें दो दिन पहले स्नैचर शुभम शुक्ला को थाना कोतवाली नगर बाराबंकी से गाड़ी सहित जेल भेजा जा चुका है।

स्नैचर पंकज शुक्ला को गिरफ़्तार करने वाली टीम में डीसीपी उत्तरी क्राइम टीम प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल मो. नदीम, अवधेश गिरी, आजम खान, सन्तोष कुमार, अमित गौतम, कांस्टेबल विशेष दुहुण और प्रभारी निरीक्षक थाना इटौंजा मार्कण्डेय यादव, उपनिरीक्षक धीरेन्द्र राय, नितिन कुमार, प्रवीण कुमार, कांस्टेबल चिराग त्यागी रहे।

### सरकारी अस्पतालों में बढ़े मरीज, पीडियाट्रिक वॉर्ड में भी बढ़ी बच्चों की संख्या

**लखनऊ।** लखनऊ समेत यूपी के लगभग सभी बड़े अस्पतालों में ठंड के कारण बच्चों में होने वाली समस्याओं में तेजी से इजाफा हुआ है। इनमें सर्दी, जुकाम और सांस की परेशानी के अलावा निमोनिया के लक्षण शामिल हैं। राजधानी के सिविल अस्पताल के अलावा राजनारायण लोकबंधु अस्पताल और बलरामपुर अस्पताल के पीडियाट्रिक वॉर्ड में बड़ी संख्या में नौनिहाल भर्ती हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सर्दी में बच्चों और बुजुर्गों को लेकर बेहद सतर्क रहना होगा। लखनऊ के सरकारी अस्पतालों की ओपीडी से लेकर इमरजेंसी में रोजाना 150 के करीब बच्चे सर्दी और जुकाम की शिकायतें लेकर आ रही हैं। गंभीर स्थिति न होने पर डॉक्टर दवा देकर लौटा रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि सर्दी और प्रदूषण बच्चों के फेफड़ों पर असर डाल रहा है। इससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलांबर श्रीवास्तव ने बताया कि सर्दी में बच्चों को लेकर बेहद सतर्क रहना होगा।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में 23 को सभी प्रांतों में होगा प्रदर्शन

**यूपी में बिजली कर्मियों का काली पट्टी बांधकर विरोध जारी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफइलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने उप्र और चंडीगढ़ में बिजली के निजीकरण के विरोध में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। इधर उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरे सप्ताह बिजली कर्मियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। 21 जनवरी को भी काली पट्टी बांधने का अभियान जारी रहेगा।

नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के निर्णय के अनुसार उप्र में निजीकरण हेतु होने वाली प्री बिडिंग कांफ्रेंस के विरोध में 23 जनवरी को देश के सभी प्रांतों की राजधानियों में बिजली कर्मी विरोध प्रदर्शन कर प्रेस कांफ्रेंस कर निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग करेंगे। इसी प्रकार 1 फरवरी को चंडीगढ़ की बिजली व्यवस्था निजी कंपनी द्वारा अधिग्रहीत किए जाने की योजना के विरोध में 31 जनवरी को देश के समस्त प्रांतों में जनपद एवं परियोजना मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया, इंडियन इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन, आल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन प्रमुख अखिल भारतीय फेडरेशन हैं। सप्ताह के पहले दिन उप्र के बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और अभियंताओं ने पूरे दिन काली पट्टी बांधकर निजीकरण का विरोध किया। समस्त जनपदों व परियोजनाओं पर भोजन अवकाश या कार्यालय समय के उपरान्त विरोध प्रदर्शन किए गए।

# गणतंत्र दिवस के सभी कार्यक्रमों को बनाया जाए प्रेरणादायक व आकर्षक

**गणतंत्र दिवस व यूपी दिवस को लेकर अफसरों ने की बैठक**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आगामी गणतंत्र दिवस और यूपी दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिव मुख्यमंत्री सूर्य पाल गंगवार और जिलाधिकारी विशाख जी भी उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों को प्रेरणादायक, आकर्षक और शिक्षाप्रद बनाया जाए। इस बार परेड में 66 टुकड़ियां भाग लेंगी, और 8 राज्यों के कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। 21 जनवरी को सभी कलाकार लखनऊ पहुंच जाएंगे, और 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। सचिव ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी राष्ट्रगान का लाइव प्रसारण आईटीएमएस और नगर निगम की एलईडी स्क्रीन पर होगा। राष्ट्रगान के समय सभी ट्रैफिक सिग्नल रेड किए जाएंगे, और जनता को सावधान मुद्रा में खड़े होने का आह्वान किया जाएगा। यूपी दिवस पर भी विशेष जोर दिया गया है। अवध शिल्पग्राम में आयोजित कार्यक्रम के लिए 8 अतिरिक्त रूटों पर बसों की व्यवस्था की जाएगी। पिकअप प्वाइंट्स का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। वीआईपी और आमजन के लिए अलग-अलग प्रवेश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। मंडलायुक्त ने नगर निगम को कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई, फॉगिंग, पानी के टैंकर और मोबाइल शौचालय की पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिए। परेड के समय की पाबंदी और कार्यक्रम की गरिमा बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। तैयारियों को समय पर पूरा करने के लिए सभी को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए।

### इंडिया ब्लॉक मिल्कीपुर में पूरी ताकत से चुनाव लड़ रहा : अजय राय

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा कि इंडिया ब्लॉक वहां पर पूरी ताकत से चुनाव लड़ रहा है। हम इंडी गठबंधन के प्रत्याशी की मदद कर रहे हैं। मिल्कीपुर में समाजवादी पार्टी के कैंडिडेट हैं और सपा को जहां भी हम सब लोगों की आवश्यकता पड़ेगी, वहां जाकर प्रचार करेंगे। बता दें कि मिल्कीपुर से इस बार सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को टिकट दिया गया है। वहीं अजीत प्रसाद के खिलाफ भाजपा ने चंद्रभानु पासवान को चुनाव मैदान में उतारा है। मिल्कीपुर सीट पर 5 फरवरी को वोटिंग होगी, जिसके नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। दिल्ली में जितना भी विकास कार्य दिख रहा है, चाहे मेट्रो हो, सड़क हो, बिजली हो, लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था हो, स्कूल-कॉलेज की व्यवस्था हो, सब पूर्व सीएम शीला दीक्षित जी के समय पर हुआ है।

# सड़क दोबारा बनाने पर जांच के आदेश

**महापौर ने अधिकारियों को मौके पर बुलाकर लगाई फटकार**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल सोमवार को लालबाग पहुंची। यहां बालाकदर रोड जोन-1 में बनी सड़क को दोबारा उखाड़कर बनाने की शिकायत पर निरीक्षण किया। वहीं निर्माण कार्य रुकवा दिया। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर बुलाकर फटकार लगाई। महापौर ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, नगर निगम के चीफ इंजीनियर महेश वर्मा, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार और जेई ने बताया कि यह निर्माण उनके संज्ञान में नहीं है।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मामले की जांच करें और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने कहा नगर निगम की सड़कों का निर्माण पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से किया जाना चाहिए। मेयर ने कहा कि यह रोड़ बनाने लायक है। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि ठेकेदार बना रहा है, जिसपर मेयर ने कहा कि एस्टीमेट आप बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर वासियों ने पांच साल के लिए मेयर की जिम्मेदारी दी है। इसमें गलत काम नहीं होगा। वहीं, मेयर का कहना है कि कौन सा विभाग सड़क बना रहा था। एस्टीमेट किसने बनाया है। अब मैं, काम नहीं करूंगी। कोई काम नहीं करूंगी। मैं, इधर पैसा निकालती हूं। इधर आप लोग पैसा हजम कर लेते हैं। वहीं, जांच में फिलहाल सामने आ रहा है कि सड़क को स्मार्ट सिटी के तहत बनाया जा रहा था।

मेयर कैंप कार्यालय से सटी इंटरलॉकिंग को निकालकर नया निर्माण हो रहा था। मेयर को देखते ही निर्माण कार्य करवा रहा ठेकेदार मौके से भाग गया। ठेकेदार के काम छोड़कर जाने के बाद निर्माण कार्य में लगे मजदूर भी काम भाग गए। चीफ इंजीनियर के निर्देश पर एई आलोक मेहता की ओर से कैसरबाग कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर करवाया गया है। साथ ही पीडब्ल्यूडी, सीडीओ ऑफिस, एलडीए और आवास विकास को भी पत्र लिखकर निर्माण कार्य से जुड़ी जानकारी मांगी गई है।

वहीं, मामले में अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य किस एजेंसी द्वारा किया जा रहा था। इसकी जांच की जा रही है। इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड में भी बगैर टेंडर जारी हुए पांच सड़कों का निर्माण कार्य हो गया था। मामले में खुलासे के बाद चीफ इंजीनियर ने जारी टेंडर को निरस्त कर दिया। साथ ही ठेकेदार के भुगतान को रोक दिया है। इस मामले में जेई को जोन से तबादला कर दिया गया। लेकिन अब जेई सदानंद के खिलाफ लापरवाही बरतने पर निलंबन की कार्रवाई तक के लिए शासन को पत्र नहीं लिखा गया। अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई के लिए जल्द नगर आयुक्त को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। जगदीश चंद्र वार्ड के पार्षद यावर हुसैन रेशू का कहना है कि निर्माण कार्य उनके कोटे से नहीं हो रहा है।

# महाकुंभ में सेवा का अवसर अनमोल : राज्यपाल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने महाकुंभ प्रयागराज के अंतर्गत रज्जू भय्या विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शिक्षकों और विद्यार्थियों के संवाद एवं आशीर्वचन कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद करते हुए उनके अनुभव और महाकुंभ में किए जा रहे शोध कार्यों को सराहा। उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि महाकुंभ में सेवा करने का अवसर एक अनमोल अनुभव है, जिसका हर संभव तरीके से लाभ लेना चाहिए। इस बार का प्रयागराज महाकुंभ पूर्ण महाकुंभ है, जो 144 वर्षों के पश्चात् आई विशेष ग्रह स्थिति में आयोजित हो रहा है। इसमें रहने और सेवा करने का अनुभव अद्वितीय है। इसे जीवन में बार-बार प्राप्त करने का अवसर नहीं मिलता। राज्यपाल ने समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गरीबों की सच्ची सेवा वही है, जो उनके भविष्य को बदलने में सहायक हो। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी मिलती है, जिससे वे उन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। यह केवल परिश्रम और अनुशासन से ही प्राप्त होती है। अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रखें और पूरे समर्पण के साथ अपने सपनों को साकार करें। इस कार्यक्रम में कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज प्रो. सत्यकाम, वित्त अधिकारी शशिभूषण सिंह तोमर, उपकुलसचिव प्रेमशंकर, सुनील कुमार सरोज, विवेक कुमार कनौजिया तथा परीक्षा नियन्त्रक प्रो विनीता यादव प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहें।

**निर्देश** — वैक्सीन व दवाईयों में मिलावट पर ब्लैक लिस्ट होगी संस्था : धर्मपाल सिंह

# गो आश्रयस्थल निर्माण में गुणवत्ता न रखने पर कार्रवाई तय



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधानभवन स्थित कार्यालय कक्ष में पशुधन विभाग की बैठक में निर्देश दिये कि गोआश्रय स्थलों के निर्माण कार्यों एवं पशुओं की वैक्सीन, दवाईयों, औषधि में मिलावट, गुणवत्ता की कमी आदि की शिकायतें प्राप्त होने पर संबंधित संस्थाओं की जांचकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए उन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाए।
अवस्थापना संबंधी कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का पूरा ध्यान रखा जाए। गोवंश शेड, पानी पीने की चरहिया, खडंजा आदि मजबूत एवं व्यवस्थित तरीके से निर्मित कराया जाए। पशुधन के स्वास्थ्य की सुरक्षा महत्वपूर्ण है और इसमें चारा, भूसा, औषधियों या वैक्सीन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा और संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।श्री सिंह ने निर्देश दिये कि 14 जनवरी से 02 फरवरी तक पशुकल्याण पखवाड़े के माध्यम से लोगों को पशुओं के प्रति जागरूक किया जाए और लोगों को बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा के बारे में सिखाया जाए। सड़क किनारे एवं अन्य स्थानों पर बीमार एवं घायल पशुओं के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित किये जाए। दूध निकालने के लिए पशुओं को दिये जाने वाले आक्सीटोसिन इंजेक्शन के हानिकारक प्रभाव के बारे में बताया जाए। प्लास्टिक बैग विरोधी अभियान शुरू कर लोगों को जागरूक किया जाए। गौशाला कर्मियों के लिए कार्यशाला आयोजित की जाए ताकि बायो गैस, वर्मी कम्पोस्ट, जैव कीटनाशक, अगरबत्ती एवं पंचगव्य औषधियों के उत्पादन हेतु गौजनित पदार्थों का उपयोग किया जा सके। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर आवारा एवं पालतू पशुओं के टीकाकरण के लिए एन्टी रैबीज शिविर का आयोजन किया जाए। गौवंश के उचित भरण पोषण के लिए आवश्यक है कि हरे चारे की बुआई वर्ष पर्यन्त व्यवस्थित ढंग से प्राथमिकता के आधार पर की जाए। चारागाहों भूमि को कब्जामुक्त कराते हुए मनरेगा से बहुवर्षीय और सीजनल चारा बुआया जाए।
महाकुम्भ में पशुधन विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए और देशी नस्ल की गायों की महत्ता से लोगों को जागरूक किया जाए। विभागीय योजनाओं से किसानों और पशुपालकों को बड़ी संख्या में जोड़ा जाए। गो आश्रय स्थलों पर गोवंश के ठंड से बचाव के लिए त्रिपाल अलाव आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। ठंड से किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो। पशुचिकित्साधिकारी गौ आश्रयस्थल पर जाकर गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
केयरटेकर रात्रि में गोआश्रय स्थल पर ही रुके और गौवंश हेतु आवश्यक कार्य सुचारू रूप से पूरे करें। जनपद के नोडल अधिकारी गौ आश्रय स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण कर चारा, भूसा, पानी प्रकाश आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के रवीन्द्र नायक ने मंत्री को विभाग की योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि उनसे प्राप्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।



योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों का अध्यापन
अल्फा स्क्वायर
कैरियर इंस्टीट्यूट
कोचिंग सेन्टर
Class:- 9th to 12th
Sub: Physics, Chemistry, Maths
अमित कुमार मौर्य
(डायरेक्टर)
के.बी. सिंह, प्रदीप मणि, सुश्री वर्षा व अभिलाषा
9521871812
9453652017
सिद्धार्थनगर

# डीएम-एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

▸ सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुये शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से करें निस्तारित अधिकारी : जिलाधिकारी



शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील तरबगंज में कुल 78 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 10 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान शीतलहर के दृष्टिगत जरूरत मंदों को कम्बल वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी तरबगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह, तहसीलदार/नायब तहसीलदार तरबगंज अनुराग पांडेय, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला कृषि अधिकारी, एक्सईएएन ग्रामीण अभियंता विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण, एसएचओ तरबगंज, नवाबगंज, उमरीबेगमगंज तथा वजीरगंज सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 479 जोड़ों का विवाह सम्पन्न



▸ रायल पैराडाइज में सामूहिक विवाह का आयोजन सफलतापूर्वक एवं सुचितापूर्ण ढंग से हुआ सम्पन्न

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के समस्त विकासखण्डों व नगरपालिका परिषद / नगर पंचायत को मिलाकर कुल 674 जोड़े पंजीकृत थे जिसमें से 479 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। इसमें 49 जोडों का इस्लामिक पद्धति से तथा शेष का हिन्दू रीति रिवाज से विवाह सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन के निर्देशानुसार मैरिज हाल की विद्युत सुरक्षा व्यवस्था हेतु अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत), भोजन की गुणवत्ता के लिए अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व टेण्ट आदि की सुरक्षा के लिए अधिशाषी अभियन्ता पी0डब्लूण्डी0 को अधिकृत किया गया था। उपहार सामग्री की गुणवत्ता तथा उपलब्ध कराये गये नमूनों से मिलान के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित कर जांच भी करायी गयी।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कीर्तिवर्धन सिंह, माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार ने विवाह मण्डप पर बैठे जोड़ों को आर्शीवाद देते हुए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ दी, तथा कहा कि हमारी सरकार में किसी भी गरीब की बेटी के हाथ पीले होने से नहीं बचेगें वो चाहे किसी जाति व धर्म की हो।

सामूहिक विवाह हेतु हमारी सरकार रूपये 51000/- प्रति जोड़े व्यय करती है, जिसमें रूपये 10000/- की उपहार सामग्री दी जाती है, तथा चांदी की पायल बिछिया, स्टील का डिनर सेट, पांच लीटर का प्रेशर कुकर, कन्या हेतु दो जोड़े कपडे, वर हेतु एक जोड़ा कपड़ा, दीवाल घडी, सौन्दर्य प्रशासन किट आदि गृहस्थी का सम्मिलित होता है तथा विवाह उपरान्त रूपये 35000/- कन्या के खाते में सीधे भेजे जाते है और रूपये 6000/- आयोजन पर व्यय किया जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, परियोजना निदेशक चन्द्र शेखर, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, डीसी मनरेगा जनार्दन प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोण्डा सहित समस्त विकासखण्डों के खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित थे।

# अनियमितता की शिकायत पर तीन सदस्यीय जांच टीम गठित

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र पंचायत के द्वारा इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में निविदा कार्य योजना के विपरीत अलग-अलग जगह पर कार्य कराए जाने को लेकर अनियमताओं की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी के द्वारा तीन सदस्य टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिए हैं ।



मामला विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत देवरिया कला से जुड़ा हुआ है जहां पर क्षेत्र पंचायत का कार्य शुरू होते ही मानकों के विपरीत सामग्रियों का प्रयोग कर निर्माण कार्य शुरू किए गए थे लेकिन निर्माण कार्यो में जमकर धांधली और मानक विहीन सामग्रियों का प्रयोग किया जाने के शिकायत ग्रामीणों के द्वारा उच्च अधिकारियों से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की। क्षेत्र पंचायत निधि के संचालन लगभग सात साल बाद जिला अधिकारी व खंड विकास अधिकारी के संयुक्त प्रयास से शुरू हुआ लेकिन क्षेत्र पंचायत का टेंडर के विपरीत निर्माण कार्य शुरू किया गया। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से की।खंड विकास अधिकारी के द्वारा चल रहें इंटर लॉकिंग निर्माण का स्थालीय निरीक्षण किया जिसमें मानक विहीन व टेंडर के विपरीत चल रहे निर्माण कार्य पाएं गए। लेकिन ग्रामीणों के द्वारा अनियमितता को लेकर जब खंड विकास अधिकारी से सवाल पूछा तो चुप्पी साद ली। लेकिन ग्रामीणों ने चल रहें मानकविहीन कार्यों की जांच कराने पर अड़े रहे।जिस पर खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्य टीम गठित कर जांच व कार्रवाई शुरू की खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि स्वयं के द्वारा तीन सदस्य टीम गठित कर जांच कराया जा रहा है।

## बजाज शुगर कुन्दरखी ने पेराई सत्र 2023-24 का किया सम्पूर्ण भुगतान

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि., कुन्दरखी ने गत पेराई सत्र 2023-24 में खरीदे गये गन्ने का समस्त अवषेष गन्ना मूल्य का भुगतान बैंको के माध्यम से किसानों के बैंक खातों मे कर दिया है। जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बजाज चीनी मिल द्वारा पेराई सत्र 2023-24 में कुल 85.19 लाख कुं. गन्ना खरीद किया था। जिसका वाजिब मूल्य 3 अरब 10 करोड़ 07 लाख रूपया होता है। जिसे सम्बन्धित कृषकों के बैंक खातों में भेज दिया गया है। बजाज चीनी मिल के इकाई प्रमुख पी.एन. सिंह ने बताया कि गत पेराई सत्र का सम्पूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया गया है। इसी सप्ताह से नये पेराई सत्र 2024-25 में खरीद किये गये गन्ने का भी भुगतान प्रारम्भ कर दिया जायेगा। उन्होने किसानो से अपील किया कि चीनी मिल को अधिकाधिक गन्ना आपूर्ति कर सहयोग प्रदान करें।

# मनकापुर थाने में नहीं सुना पाया पीड़ित अपनी पीड़ा

## 26 जनवरी को डीएम कार्यालय परिसर में करेगा आमरण अनशन


**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

▸ सूचना के बावजूद डॉ. भीमराव अंबेडकर विद्यालय की जमीन पर पीड़ित ने लगाया अवैध निर्माण होने का आरोप, मुख्यमंत्री सहित अनुसूचित जाति अध्यक्ष से लगाई गुहार

जनपद के कोतवाली मनकापुर अंतर्गत विद्यालयों की जमीन पर लगातार कब्जे निर्माण होते जा रहे हैं,और पुलिस के पास मामला पहुंचते ही थाने में बैठे बाहरी लोग पीड़ितों को पुलिस के सामने कभी पेश नहीं होने देते तो कभी कार्यवाही में बाधक बनकर सरकार की मंशा पर ठेस पहुंचा रहे हैं, और कोतवाली मनकापुर लगातार दलालों के साए में गोते लगा रही है। इसके बावजूद भी मनकापुर पुलिस की किरकिरी होने के साथ विद्यालय प्रबंधकों का आमरण अनशन तक बैठने की नौबत आ पहुंची फिर भी जिम्मेदार उच्च अधिकारी थाने के जिम्मेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने से कतराते नजर आ रहे हैं।इसी क्रम में थाना क्षेत्र के अशरफपुर महुवाडीह के घिराऊ लाल पुत्र द्वारिका प्रसाद ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे विद्यालय की गाटा संख्या 120 नवीन परती जो हरिजन आबादी के रूप में सुरक्षित है, उसी पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विद्यालय चल रहा है।

विद्यालय में गरीब घर के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। लेकिन उसके बावजूद विद्यालय की भूमि गाटा संख्या 120 पर कुछ विपक्षीगड़ अवैध निर्माण करके टंकी बनवा रहे हैं।और विद्यालय की इमारत व संपत्ति को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। इसके साथ ही पीड़ित का आरोप है कि इस संबंध में मैंने जब कोतवाली मनकापुर में जाकर अपनी दरखास्त देनी चाही तो वहां पर बैठे कुछ लोगों ने दरखास्त देने से पहले ही मेरे हाथ से ले लिया।और मुझे पेश नहीं होने दिया।इसके बाद पीड़ित ने अपनी आवाज उच्च अधिकारियों तक पहुंचाते हुए आगामी 26 जनवरी 2025 को सुबह 7:00 बजे जिलाधिकारी कार्यालय परिसर या उसके करीब जिला पंचायत के सामने स्थित तीन सेड में आमरण अनशन प्रारंभ करने की चेतावनी दी है।इस संबंध में पीड़ित गिराऊ लाल ने जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, आयुक्त व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश तथा अनुसूचित जाति जनजाति के अध्यक्ष समेत पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचित करके गुहार लगाई है।

# घंटाघर से चांदपुरा चौराहा तक चला बुलडोजर



▸ यातायात पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

शहर के घंटाघर से चांदपुरा मोहल्ले तक सोमवार को यातायात पुलिस ने अतिक्रमण हटवाया। 70 दुकानों के सामने हुए अतिक्रमण को बुलडोजर से गिरा दिया।

इस दौरान व्यापारियों ने नाराजगी भी जताई। शहर में यातायात पुलिस और नगर पालिका परिषद की ओर से अतिक्रमण हटवाने का अभियान निरंतर जारी है। 10 दिन पूर्व शुरू हुआ अभियान सोमवार को भी जारी रहा। यातयात निरीक्षक बीके मिश्रा की अगुवाई में पुलिस बल बुलडोजर लेकर घंटाघर चौक पहुंची। यहां पर घंटाघर से अतिक्रमण हटवाने का अभियान शुरू हुआ। यह अभियान चांदपुरा चौराहा तक तक चला।

अभियान के दौरान 70 से अधिक दुकानों के सामने हुए अतिक्रमण को बुलडोजर से गिरवा दिया गया। अतिक्रमण अभियान के दौरान पटरियों से पक्का निर्माण तोड़े जाने को लेकर व्यापारियों में नाराजगी भी दिखी। सभी ने यातायात पुलिस से नोंकझोंक की।

# एसडीएम के निर्देश पर ग्राम पंचायत में बांटे गए कंबल

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

कड़ाके की सर्दी के बीच गरीब और बेसहारा लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद (आईएएस), ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कैसरगंज के निर्देश पर ग्राम पंचायत मीरपुर में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सर्दी के प्रकोप को देखते हुए शासन की मंशा के अनुरूप जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए गए। उपजिलाधिकारी ने गांव-गांव जाकर ठंड से कांप रहे गरीब और असहाय लोगों की पहचान कर उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत मीरपुर के पंचायत भवन प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय लेखपाल मोहम्मद शाहनवाज





▸ गरीबों को ढूंढकर दी गई सर्दी से राहत

और ग्राम प्रधान मोहम्मद जावेद की अगुवाई में दर्जनों गरीब, असहाय और निर्धन परिवारों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मोहम्मद जावेद ने कहा कि शासन-प्रशासन गरीबों और बेसहारा लोगों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस पहल का उद्देश्य सर्दी के इस कठिन समय में लोगों को राहत पहुंचाना है। कार्यक्रम में अजय कुमार, आकांक्षा अवस्थी और ग्राम पंचायत के अन्य लाभार्थी भी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इस प्रयास के लिए शासन-प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त किया।

## एटीएम तोड़ते वक्त बजा सायरन, आरोपी गिरफ्तार

### सीसीटीवी में कैद हुआ कारनामा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के नानपारा नगर क्षेत्र स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम को तोड़ चोर ने पैसे निकालने की कोशिश की। इस दौरान सायरन बजने से वह मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी की मदद से उसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी की पहचान वकास अहमद उर्फ शब्बू उर्फ शुएब पुत्र यूनुस खान निवासी काजीपुरा थाना बहराइच के रूप में हुई है। नानपारा में एक्सिस बैंक के एसएम अरविंद रस्तोगी ने तहरीर देकर बताया कि शनिवार रात पौने 11 बजे एक युवक एटीएम में घुसा और चोरी की नियत से ईंट से एटीएम तोड़ने लगा। इसी बीच बैंक का सायरन बजने लगा, जिससे वह मौके से फरार हो गया। यह सारा कारनामा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इस बीच बैंक के कमांड सेंटर से एक व्यक्ति के एटीएम में होने की कॉल भी आई। सूचना सुरक्षा गार्ड और अन्य को दी गई। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर सीसीटीवी में कैद व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है पूछताछ की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### जरूरतमंदों को वितरण किया कंबल



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** सर्द मौसम से बचाव के लिए शशी भूषण शरण सिंह महाविद्यालय उज्जैनी कला की प्राचार्य डॉ. आभा सक्सेना ने अपने व्यक्तिगत खर्च से कालेज के अनुचर,परिचालक और माली को गर्म शाल भेंट किया ।प्राचार्य ने बताया कर्तव्य योगियों को पुरस्कृत और सम्मानित करना हमारी संस्कृति है। इससे संतोष और सुख प्राप्त होता है ।उक्त अवसर पर कालेज के माधव, राजू, गंगाराम गर्म शाल पाकर बहुत प्रसन्न दिखे।

### संभागीय परिवहन कार्यालय में अचानक छापे से कार्यालय व बाहर बैठे दलालों में हड़कंप

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के सम्भागीय परिवहन कार्यालय में अचानक पुलिस की गाड़ी पहुंचते ही परिवहन कार्यालय और बाहर बैठे दलालो में मचा हड़कंप। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी संदिग्ध दस्तावेज सहित अन्य अवैध कार्यों को लेकर गोन्डा जनपद के एआरटीओ कार्यालय में नगर कोतवाल सहित एसओजी टीम ने पहले छापेमारी की उसके बाद सीओ सदर भी आरटीओ कार्यालय पहुंचे। लगभग तीन घन्टो के छानबीन के बाद बाहर निकलते सीओ सदर आनंद राय ने कहा की कुछ जानकारी मिली थी उसी की जांच चल रही थी लेकिन खुलकर कोई बोलने को तैयार नहीं है ।अब सवाल यह उठता है कि जब अधिकारी तीन घन्टो तक आरटीओ विभाग में रहे तो जिन्न कहा गायब हो गया यह तो लोगो में चर्चा का विषय बना हुआ है ।वहीं सीओ सदर आनंद राय से मीडियाकर्मियों ने सवाल पूछने का प्रयास किया तो जवाब देने से कतराते हुए चले गये जो एक अनसुलझे सवाल की तरह था।

### सड़क हादसे में किशोरी गम्भीर रूप से घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रामपुर बैवाही मार्ग पर ट्रक चालक ने पैदल जा रही किशोरी को टक्कर मार दी। जिससे किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई है नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा। जिले के खैरीघाट क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरनवा के कुर्मिनपुरवा निवासी की अजबुन पुत्री मोगरे जो सोमवार की दोपहर दवा लेने के लिए घर से रामपुर बाजार आई थी। दवा लेकर पैदल अपने घर को जा रही थी तभी रामपुर बैवाही मार्ग पर गन्ने की एक ट्रक चालक ने जोर से टक्कर मार दी। जिससे किशोरी गंभीर रूप से घायल आनन फानन में किशोरी को इलाज के लिए रामपुर बाजार के एक निजी अस्पताल में लाया गया, जहां इलाज जारी है, हालत गंभीर बनीं हुई हैं।

# सपा का बुलडोजर पॉलिटिक्स पर पलटवार

▸ बहराइच में लगे पोस्टर 2024 में शुरू, 2027 में योगी सरकार को हटाएंगे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




जिले में समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच पोस्टर वार तेज हो गया है। सपा के बहराइच सदर विधानसभा प्रभारी गौरव यादव ने पुलिस लाइन इलाके में एक विवादास्पद पोस्टर लगवाए है जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को बुलडोजर के सामने खड़े दिखाया गया है। पोस्ट पर लिखा गया नारा न डरे थे, न डरेंगे, 24 में शुरू किया है 27 में खत्म करेंगे, सीधे तौर पर वर्तमान योगी सरकार की बुलडोजर कार्रवाई को चुनौती देता दिखाई दे रहा है। गौरव यादव का कहना है कि वर्तमान सरकार बुलडोजर का दुरुपयोग कर रही है और निर्दोष लोगों के घरों को निशाना बना रही है। सपा नेता ने दावा किया कि जिस तरह पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी ने सफलता हासिल की, उसी तरह 2027 में सत्ता में आकर बुलडोजर का सही इस्तेमाल करेंगे। यह पोस्टर स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है और राजनीतिक गलियारों में इसे सपा की ओर से योगी सरकार को दी गई खुली चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।

# भाजपा दलित बस्तियों में जाकर पहुंचा रही है अम्बेडकर के कार्यों की जानकारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

▸ 25 जनवरी तक चलेगा जनसंपर्क अभियान

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान गौरव अभियान पर भारत के संविधान को निर्मित 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संविधान के महत्वपूर्ण गौरव अभियान को एक उत्सव के रूप में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गांव के दलित बस्ती क्षेत्र में जाकर भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के द्वारा किए गए कार्यों व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बाबा साहेब के पंच तीर्थ स्थलों तथा अंबेडकर के द्वारा किए गए समाज के उत्थान के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य दिनांक 16/1/ 2025 से 25/1/ 2025 तक



विस्तृत रूप से जनसंपर्क करके जानकारी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा जन-जन तक पहुंचाई जा रही है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में तहसील महसी में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

▸ पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल दिलाएं न्याय : डॉ. मुकेश चन्द्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील महसी में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर सीडीओ श्री चन्द्र ने अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

सीडीओ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। सीडीओ ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद भी की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाय। उल्लेखनीय है कि तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस प्राप्त 20 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 02, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 07 के सापेक्ष 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 05 के सापेक्ष 01, पयागपुर में प्राप्त 45 के सापेक्ष 06, कैसरगंज में प्राप्त 48 के सापेक्ष 06 व नानपारा में प्राप्त 29 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 05 का मौके पर निस्तारण किया गया।

### गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, बच्चों को कराया अन्नप्रासन्न

तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण करते हुए सीडीओ मुकेश चन्द्र ने आईसीडीएस के स्टाल पर 06 गर्भवती महिलाओं गुमाना देवी, संजू देवी, सीमा देवी, अंजना, संजू व किरन की गोद भराई की तथा 03 बच्चों फूलचन्द्र, दुआ व पलक को अन्नप्रासन्न कराया।

# इंडियन बैंक में सेंध लगाने वाला गिरफ्तार

▸ दो सप्ताह पूर्व बैंक में चोरी का हुआ था प्रयास

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के दरगाह रोड पर स्थित इंडियन बैंक में सेंध लगाकर चोरी करने के प्रयास में एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़ा गया अभियुक्त शातिर अपराधी है।

दरगाह थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड पर इंडियन बैंक की शाखा स्थित है। बैंक में सात जनवरी को चोरी के लिए अज्ञात लोगों ने पीछे के हिस्से में सेंध लगा दिया था। लेकिन उसी समय पुलिस के आने से चोरी नहीं हो सकी थी। इसके बाद सेंध लगाने



वाले फरार हो गए थे। मामले में हेड कांस्टेबल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अयोध्या सिंह,हेड कांस्टेबल मृत्युंजय कुमार और आदित्य सिंह की टीम ने सोमवार दोपहर में शाहिद पुत्र अजीज निवासी बख्शीपुरा निकट धर्मपाल सिंह भट्ठा को गिरफ्तार किया गया। उसे जेल भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पहले से ही पांच मुकदमा दर्ज हैं।

# समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं अधिकारी : डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील ऊंचाहार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील ऊंचाहार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 61 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 11 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, एसडीएम ऊंचाहार सिद्धार्थ चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तहसील दिवस में आए 32 शिकायती पत्रों में चार का हुआ निस्तारण



**महराजगंज।** तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन हुआ ।शनिवार वाला तहसील दिवस निरस्त हो जाने के कारण आज सोमवार को एसडीम सचिन यादव की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न हुआ तहसील दिवस में कुल 32 शिकायती पत्र आये राजस्व विभाग के 15 शिकायती पत्र पुलिस विभाग के 9 शिकायती पत्र विकास विभाग से संबंधित तीन अन्य पांच शिकायती पत्र तहसील दिवस पर आए ।चार शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया अन्य शिकायती पत्रों की निस्तारण की बात जल्द से जल्द अधिकारियों द्वारा कही गई ।इस मौके पर तहसीलदार मंजुला मिश्रा सीओ यादवेंद्र पाल खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह समेत अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन



**सादुल्ला नगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

गूमाफातमाजोत के कांटा मैदान में आयोजित जी.एफ.जे. क्रिकेट ट्राफी के उद्घाटन मैच में खरिका मासूम पुर ने मनकापुर को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। विजेता टीम के वलीउल्लाह ने सर्वाधिक 25 रन बनाया अन्य लीग मुकाबले में अलाउद्दीनपुर की टीम ने मछलीगांव गोंडा को पराजित किया। अलाउददीनपुर के आलम ने तीस रन बनाया।
मुण्डा माफी ने गूमा फातमाजोत को पराजित किया। विजेता टीम के शुप्पाल ने 35 रन का योगदान दिया।
उक्त विजेता टीमों ने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त अल्युमिनियम हाउस के मालिक हेमंत कुमार ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि ने खिलाडीयों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। हेमंत कुमार, शहाबुद्दीन खां, अफजल खान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतियोगिता का आयोजन सराहनीय कार्य है। ऐसे आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलता है। उक्त मैचौं के उद्घाटन में सरफराज, करीम, राजाबाबू, अरबाज, फरहान, अफजाल खान, फैजान खान, अजमत अली, नसीम, दानिश आदि का विशेष योगदान रहा।

## तहसीलदार ने किया रैन बसेरे का औचक निरीक्षण

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति ने रैन बसेरा व नगर क्षेत्र में रात्रि में ठंड से बचाव के प्रबंध का जायजा लिया। रैन बसेरा की समुचित साफ सफाई , साफ सुथरे शौचालय , अलाव की व्यवस्था आदि की व्यवस्थाएं देखी। तहसीलदार सतपाल प्रजापति द्वारा रविवार रात्रि को तहसील क्षेत्र के लोगों को ठंड से बचाव की व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने उतरौला बस स्टेशन में बने रैन बसेरा का निरीक्षण किया। एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा। रैन बसेरों में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था, महिला व पुरुष के लिए अलग अलग साफ सुथरे शौचालय, एवं महिलाओं के लिए अलग से रास्ते का प्रबंध का मुआयना किया। ठंड से बचाव से दृष्टिगत श्यामा प्रसाद मुखर्जी व आंबेडकर चौराहा, बस स्टेशन, हाटन रोड तिराहा, गोंडा मोड़, डाक बंगला सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था को परखा। इस दौरान तहसीलदार ने जरूरतमंदों में कंबल भी वितरित किया ।अम्मार रिजवी, जैन खान आदि मौजूद रहे।

## वित्तविहीन विद्यालय संगठन ने गोष्ठी का किया आयोजन

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



वित्तविहीन विद्यालय संगठन रायबरेली के द्वारा खिचड़ी भोज एवं शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के तमाम बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई।सलोन विकास खंड के पारी पब्लिक स्कूल पारी में वित्तविहीन विद्यालय संगठन ओर से खिचड़ी भोज एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का कार्यक्रम किया गया।जो विद्यालय के डायरेक्टर के के शुक्ला के सौजन्य से किया गया। जिसमें प्रबंधकों ने विद्यालयों में किस प्रकार से शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाया जाय। इस विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त चर्चा की। वहीं सर्वसम्मति से सुनील कुमार पांडेय को संगठन मंत्री चुना गया।कार्यक्रम का सफल संचालन मीडिया प्रभारी सूरज यादव ने किया। कार्यक्रम संयोजक केके शुक्ला व अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कार्यक्रम में आए हुए सभी विद्यालय प्रबंधकों का हृदय से आभार व्यक्त किया।साथ ही सभी को एकजुट रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एल पी यादव, रमाकांत पांडेय, लालजी यादव, कमलेश यादव,पवन सिंह, सुरेंद्र मौर्य, भूपेंद्र सिंह, सुरेश यादव, कुसुमचंद्र यादव, भोला प्रसाद द्विवेदी, साहब लाल,विनय मौर्य, धीरेंद्र यादव, जितेंद्र वैश्य, कुलदीप कुमार, उमेश यादव, राजेश सिंह, अनुज मौर्य, अब्दुल बारिक खान आदि लोग उपस्थित रहे।

## विधानसभा उतरौला में अधिकांश सड़कें गड्डों में तब्दील, जनप्रतिनिधि मौन





**महुआ बाजार (बलरामपुर) , समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में कई सड़क की स्थिति अति दयनीय हो गई है जिससे राहगीरों को बहुत दिक्कत हो रही है। टूटी और धंसी हुई सड़कों पर चलने को मजबूर राहगीर, कुछ ऐसे मार्ग हैं जिन पर आज़ादी से लेकर अब तक कोई कार्य नहीं हुआ। उन्हीं कच्ची सड़क से ग्रामीणों का आना जाना होता है। श्रृंगार जोत मार्ग से बभनी बुर्जुग डीह से तिलखी होते हुए महुआ धनी मार्ग से जुड़े इस मार्ग पर आज तक कोई कार्य नहीं किया गया। लगभग 10 हजार से अधिक आबादी को जोड़ने वाला ऐ मार्ग पूरी तरह उपेक्षा का शिकार है। इस सड़क के बन जाने से दर्जनों गांवों के लोगों को फायदा पहुंचेगा। तिलखी से बढ़या, नगरिया तक महज तीन से किलो मीटर की सड़क की स्थिति बेहद दयनीय है। डामरीकरण मांग काफी समय से करते आए हैं, किंतु यहां भी आज तक कोई कार्य नहीं किया गया। हरकिशन, बभनी बुर्जुग, तिलखी बढ़या, देवरिया अर्जून, दुबौली, परसौना, समेत दर्जनों गांवों के लोगों का मार्ग इन सड़कों के बनने से सुलभ हो जाएगा। विनोद कुमार, राजा राम, जायसवाल, अनिल कुमार, राम मूरत, साधु शरण, कौशल कुमार, राधे श्याम यादव ने सड़क को बनाए और पटरियों को सही कराने की मांग सासन प्रशासन से किया है।

## शीतकालीन अवकाश के पश्चात प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**सादुल्लानगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**






सोमवार को शीतकालीन अवकाश के पश्चात प्राथमिक विद्यालय अचलपुर चौधरी द्वितीय शिक्षा क्षेत्र रेहरा बाजार के प्रथम दिवस पर पौधारोपण एवं गतिविधियों एवं शिक्षण अधिगम सामग्री के द्वारा बच्चों को पढ़ाने का कार्य किया गया। बच्चों में काफी उत्साह रहा।

प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्वेता ने बताया कि सहायक अध्यापिका नीतू यादव एवं दिलीप कुमार के द्वारा बच्चों को शिक्षण अधिगम सामग्री बनाने के लिए कहा गया था। सोमवार को बच्चों द्वारा बनाए गए टीएलएम का प्रदर्शनी विद्यालय के प्रांगण में लगाया गया और इसका प्रयोग गणित में कैसे करना है, जिससे बच्चे आसानी से समझ सके। नीतू यादव ने बताया कि बच्चों को शिक्षण अधिगम सामग्री एवं गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाया जाता है। नन्हे नन्हे बच्चों में अत्यंत उत्साह दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) का इस्तेमाल करने से बच्चों में उत्सुकता बढ़ती है। टीएलएम से बच्चों को नई चीज़ें सीखने में मदद मिलती है और उनका ध्यान भी केंद्रित रहता है। टीएलएम के ज़रिए बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।


### कार्यालय ग्रा0पं0 लउवा नगला मानपट्टी वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/मनरेगा योजनान्तर्गत/ 2024-25 — दिनांक 20/01/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा अन्तर्गत ग्राम पंचायत-लउवा नगला मानपट्टी विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजनाओं में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 21/01/2025 से 27/01/2025 की अपरान्ह 3.00 बजे तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 27/01/2025 को 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, तकनीकी सहायक एवं उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक दिनांक 21/01/2025 से 27/01/2025 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रू0 500-00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | शर्माजीत के घर से बॉबी के खेत तक नाला निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 5.70 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | प्रा0वि0 लउवा नगला मान पट्टी इंटरलाकिंग पाथवे निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 6.96 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तेः- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान- बड़ी बिटिया — ग्रा0पं0 लउवा नगला मानपट्टी वि0ख0 कमालगंज — सचिव- लक्ष्मीलता गौतम







## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

### दिनांक 21.01.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, झानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, झानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी जं., चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनन्दपुर साहिब, नंगल डैम, ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04661 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहानपुर, बरेली जं., रामपुर जं., मुरादाबाद जं., अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड जं., मेरठ शहर, मुजफ्फर नगर, देवबन्द जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., सरिहंद जं., ढंढारी कलां, जलंधर शहर और ब्यास स्टेशन |
| 06020 | वाराणसी जं. | 18:20 | मंगलूरू सेन्ट्रल | 02:30 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपररिया, इटारसी जं., नागपुर जं., चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामगुंडम, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर, गुडुर जं., पेराबूर, अरक्कोणम जं, कटपडी जं., जोलारपेटै जं., सेलम जं., इरोड जं., तिरुप्पूर, कोयंबटूर जं., पालक्काड जंक्शन, ओट्टापल्लम, शोरानूर जं., तिरुर, फेरोक, कोषिक्कोड, वडकरा, तलश्शेरी, कण्णुर, पय्यानूर, नीलेश्वर और कसारगोड स्टेशन |
| 06072 | गोमती नगर | 03:45 | सेन्ट्रल चेन्नै | 23:55 | अयोध्या धाम जं, वाराणसी जं., चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर और गुडुर जं. स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर और प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 04603 | श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:50 | फाफामऊ जं. | 21:50 | जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट, सहारनपुर जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ जं. एवं ऊँचाहार जं. स्टेशन |

### दिनांक 22.01.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, झानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, झानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनर जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, जुकेही, कटनी जं., रिती, बंदक्पुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नारिओली, खुरे, बीना मालखेड़ी, मुन्गोली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छाबरा गुगोर, अतरु, बारन एवं अन्ता स्टेशन |
| 01033 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 11:30 | मऊ जं. | 22:00 | दादर सेंट्रल, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बनापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनर जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:45 | इंदौर जं., उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बसोडा, बीना जं., ललितपुर, विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनर जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं. औंरिहर जं. एवं गाजीपुर सिटी |
| 08561 | गोरखपुर जं. | 14:20 | विशाखपट्टणम | 12:15 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनर जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी जं., उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जं., पेंड्रा रोड, बिलासपुर जं., चंपा जं., रायगढ़, झारसुगुडा रोड, संबलपुर सिटी, रैराखोल, बोंदा, अंगुल, धेनकनाल, नाराज मर्थापुर, भुबनेश्वर, खुर्दा रोड जं., बालूगांव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, प्लासा, श्रीकाकुलम रोड एवं विजयनगरम जं. स्टेशन |
| 06001 | चेन्नै सेन्ट्रल | 14:20 | गोमती नगर | 14:15 | गुडूर जं., नेल्लोर, ओंगोल, चिराला, तेनाली, न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वारंगल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं. मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद एवं हरिद्वार स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद जं., हापुर जं., गढ़मुक्तेसर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद जं., रामपुर, बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |

### दिनांक 23.01.2025 (गुरूवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, झानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, झानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04145 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 09:30 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं,, फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं.,छायापुरी एवं आणंद जं. |
| 01661 | रानी कमलापति | 11:10 | बनारस | 10:15 | मंडी दीप, ओबैदुल्ला गंज, बुदनी, नर्मदा पुरम, इटारसी जं., सोहागपुर, पिपरिया, गडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल, जबलपुर जं.,देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जं., जुकेही, मैहर,, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनर जं. स्टेशन |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनर जं. मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बनापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, खंडवा जं., भुसावल जं., तलवड़िया, जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं., ठाणे एवं दादर सेंट्रल, स्टेशन |
| 09372 | बलिया | 23:45 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 05:30 | गाजीपुर सिटी, औंरिहर जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनर जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, उरई, विरांगना लक्ष्मीबाई, ललितपुर, बीना जं., गंज बसोडा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं. एवं इंदौर जं. स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर,, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर, रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, राजपुरा, पटियाला, धूरी, बरनाला एवं रामपुरा स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन। |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — YouTube, Facebook, X पर हमें फॉलो करें

## मुफ्त स्कीमों वाले लॉलीपॉप

आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल दिल्लीवासियों को अपने पुराने मुफ्त स्कीमों वाले लॉलीपॉप को इस बार भी दिखा रहे हैं, 2020 के विधान सभा चुनाव में ऐसे ही मुफ्त स्कीमों वाले लॉलीपॉप लोगों को केजरीवाल ने खूब दिखाए थे, जिसे पूरी करने के बजाय केंद्र सरकार और मोदी को कोसने में बिता दिये। ईमानदारी के ऐसे सबूत पेश किए कि खुद केजरीवाल और उनके मंत्रियों और नेताओं को तिहाड़ का मेहमान बनना पड़ा। अब दिल्ली वासियों का विश्वास और आशीर्वाद एक बार फिर पाने के लिए वही मुफ्त स्कीमों वाले लॉलीपॉप इस बार भी दिखाये जा रहे हैं, साथ ही वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई भी दे रहे हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दी गई मुफ्त की सौगातें दिल्ली वासियों के लिए सिर्फ एक छलावा साबित हुईं। लोकतंत्र और संविधान की मर्यादा का भी इस पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं रखा। पूरा देश देख रहा है कि आज कल अरविंद केजरीवाल रोजना प्रेस के सामने आकर बड़ी–बड़ी बातें कर रहे हैं, जबकि आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले 5 वर्षों में मुख्यमंत्री रहते हुए अरविंद केजरीवाल ने कुछ काम ही नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी से लड़ने में बर्बाद कर दिया। दिल्ली विधानसभा को दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल निकालना था, उसको आम आदमी पार्टी की सरकार के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने रोजना मोदी सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास कराने का मंच बना कर रख दिया। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा को किस प्रकार अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति का मंच बनाकर रखा। इसको पूरी देश दुनिया ने देखा। आम आदमी पार्टी को आप इसी से समझ सकते हैं कि निवर्तमान विधानसभा ने पूरे 5 साल में मात्र 74 दिन ही कार्य किया। बता दें कि यह दिल्ली की विधानसभा के अब तक के सबसे कम कार्य दिवस का रिकॉर्ड है। इसके अलावा बड़ी–बड़ी बातें करने वाली इस आम आदमी पार्टी सरकार ने पूरे 5 साल में मात्र 14 विधेयक ही पारित किये, अर्थात दिल्ली की विधानसभा ने अपने इतिहास में 5 साल में सबसे कम विधेयक पारित करने का रिकॉर्ड भी बना डाला। खास बात यह रही है कि यह जो 14 विधेयक पारित किए गए, मजे की बात है कि उनमें से पांच, विधायकों के भत्ते, सुविधायें और उन्हें मिलने वाली सैलरी से संबंधित थे। आम आदमी पार्टी के विधायकों के कामकाज का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 2020 से 25 तक विधायकों ने विधानसभा में सालाना आधार पर औसततन 219 प्रश्न ही पूछे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के शासनकाल में विधानसभा में जिस दिन भी कार्यवाही चली, वह मात्र 3 घंटे तक चली, ये भी एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा विधानसभा के 74 कर दिवसों में से मात्र 9 दिन ही प्रश्नकाल हुआ। यही नहीं आम आदमी पार्टी की सरकार ने कभी विधानसभा का सत्रावसान नहीं किया, ताकि जब चाहे विधानसभा की बैठक बुला सके और वहां से अपनी राजनीतिक बयानबाजी कर सके। दरअसल विधान सभा का सत्रावसान होने पर सत्र को दोबारा आहूत करने के लिए उपराज्यपाल की अनुमति चाहिए होती है और उन्हें सदन की बैठक बुलाने का कारण भी बताना होता है। ऐसे में आम आदमी पार्टी को लगता था कि यदि उपराज्यपाल ने बैठक बुलाने की अनुमति नहीं दी तो कैसे अपने राजनीतिक हित सधेंगे। इसलिए वह कभी सत्रावसान करते ही नहीं थे और पूरा कार्यकाल भाजपा और मोदी के खिलाफ बोलने में ही बिताये।

# क्यों करोड़ों श्रद्धालु जुड़ते हैं कुम्भ से ?

**आर.के. सिन्हा**



**अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहां सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साधारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है। कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है।**

महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज पहुंच रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में संगम में डुबकी लगा रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दर्शाता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है।

कुंभ मेले की शुरुआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान नदियों में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है।

प्राचीन काल से ही 'तीर्थराज' के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। 'पद्म पुराण' में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। 'मत्स्य पुराण' में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

कुंभ मेला लाखों- करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहां विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा समय है जब लोग सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की भक्ति में लीन होते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है। यहां विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से लोग आते हैं, जिससे विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। मेले में लोक नृत्य, संगीत, कला और शिल्प का प्रदर्शन किया जाता है, जो इसे एक रंगीन उत्सव बनाता है।

अगर धर्म-कर्म स हटकर बात करें तो कुंभ मेला सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यहां सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ आते हैं और मिलकर प्रार्थना करते हैं। यह एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कुंभ मेले के पहले दिन बड़ी संख्या में सिखों ने भी स्नान किया। इसमें आने वाले लोग कई तरह के त्याग और अनुशासन का पालन करते हैं। वे साधारण जीवन जीते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। यह उन्हें अपने अंदर की शांति और संयम को बढ़ाने में मदद करता है। कुंभ मेला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो लाखों लोगों को आध्यात्मिक शांति और आनंद प्रदान करता है।

यह एक ऐसा पर्व है जो हिन्दू संस्कृति की विविधता और गहराई को दर्शाता है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, जब बृहस्पति कुंभ राशि में प्रवेश करते हैं और सूर्य मेष राशि में होते हैं, तब पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। यह खगोलीय संयोग इस मेले को और भी खास बना देता है। यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और शांतिपूर्ण जमावड़ा होगा, जिसमें विभिन्न संस्कृतियों और पृष्ठभूमि के लोग एक साथ आते हैं। कुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन भी नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक अनुभव भी है। यहां साधु, संत, नागा बाबा और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जो अपने ज्ञान और अनुभवों से लोगों को प्रेरित करते हैं। यह मेला आत्म-खोज और आध्यात्मिक विकास का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आते हैं और अपनी पारंपरिक कला, संगीत, नृत्य और वेशभूषा का प्रदर्शन करते हैं। कुंभ मेले का वैश्विक पर्यटन से संबंध है। दुनिया भर से पर्यटक इस मेले की भव्यता और आध्यात्मिकता को देखने के लिए आते हैं। यह भारत की संस्कृति और विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। आपको इस विशेष मेले का हिस्सा तो बनना ही चाहिए।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

## विचार

# हिंडनबर्ग रिसर्च बॉडी का बंद होना अडानी समूह के लिए राहत की बात

**अंजन रॉय**



विवादित इक्विटी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग अचानक बंद हो गयी है। संचालन को समाप्त करते हुए, फर्म के संस्थापक और शॉर्ट-सेलर ने कहा कि यह उनके जीवन का केवल एक अध्याय था, न कि एकमात्र अध्याय। हिंडनबर्ग के बंद होने की खबर ने तुरंत भारत में राजनीतिक मोड़ ले लिया। जहां एक ओर सत्तारूढ़ भाजपा ने कहा था कि हिंडनबर्ग जैसे एजंट आर्थिक आतंकवादी थे जिन्होंने भारत में मूल्यवान को नष्ट करने का काम किया, वहीं दूसरी ओर विपक्षी कांग्रेस ने कहा कि हिंडनबर्ग के बंद होने की इस घटना का अर्थ यह नहीं कि अडानी समूह पर भ्रष्टाचार और कदाचार के प्रयासों के सभी आरोप अब समाप्त हो गये हैं तथा समूह पाक-साफ हो गया है।

हिंडनबर्ग भारत में तब चर्चा में आया जब उसने अडानी समूह की उभरती कंपनियों पर रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें कहा गया कि समूह पर भारी कर्ज का बोझ है, जिसका बैलेंस शीट में उचित प्रावधान नहीं किया गया है। अडानी पर महत्वपूर्ण सरकारी मंजूरी और अनुबंध प्राप्त करने के लिए सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने जैसे अन्य आरोप भी थे। हिंडनबर्ग के इशारे पर, अमेरिकी अधिकारियों ने अडानी समूह के मामलों की जांच शुरू की थी, क्योंकि भारतीय समूह ने अमेरिका में धन जुटाया था। अमेरिकी अधिकारी उनके भतीजे गौतम अडानी को गिरफ्तार करने के आदेश जारी करने की हद तक चले गये थे। अडानी समूह ने कुछ अमेरिकी फंड वापस करके स्थिति को पुनः प्राप्त करने की कोशिश की थी। फिर भी, पीछे हटने की कार्रवाई के बावजूद, हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने अडानी समूह की कंपनियों के बाजार पूंजीकरण से भारी मूल्य मिटा दिया था।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट सार्वजनिक होने से पहले,अडानी समूह के प्रमुख प्रमोटर गौतम अडानी को मुकेश अंबानी से आगे धन की दुनिया में सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक माना जाता था। रिपोर्ट के प्रकाशन ने उनकी संपत्ति को इतना कम कर दिया कि वे नीचे गिर गये। अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद, समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई और निवेशकों ने अपनी इक्विटी होल्डिंग पर बड़ी रकम खो दी। हालांकि, बाद में शेयर की कीमतें पूरी तरह से ठीक हो गयीं। इस बीच, हिंडनबर्ग ने वह किया जिसे शॉर्ट सेलिंग के रूप में जाना जाता है, यानी, जब कोई निवेशक किसी शेयर की कीमत गिरने की उम्मीद करता है तो इस तरह कीमत गिरने की उम्मीद में उन्हें बेच देता है। इन निवेशकों को शॉर्ट सेलर या मंदी की स्थिति लेने वाले निवेशक कहा जाता है। अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने बिल्कुल इसी तरह की स्थिति पैदा की है और आम निवेशकों को बहुत नुकसान हुआ है। हालांकि, शोध फर्म संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ-साथ भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) में भी जांच के घेरे में आ गयी थी। अडानी शेयरों के अलावा, शोध फर्म ने कई अन्य कंपनियों पर भी इसी तरह की रिपोर्टें प्रकाशित की थी। अमेरिकी प्रतिभूति निरीक्षण निकाय, प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने भी अपनी रिपोर्टों के माध्यम से फर्म की प्रथाओं और बाजार में हेरफेर की जांच शुरू कर दी थी। संभवतः, इन सभी जांचों के दबाव में और आगे के खुलासों की प्रत्याशा में, फर्म ने अपने परिचालन को बंद करने का फैसला किया। हिंडनबर्ग भी भारी संकटग्रस्त मुद्रा व्यापारी जॉर्ज सोरोस के साथ अपने संबंधों के कारण जांच के घेरे में था। जैसे ही हिंडनबर्ग बंद होने की रिपोर्टें सामने आयीं, अडानी समूह के कर्मचारियों और निवेशकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। कुछ ने तो यहां तक कहा कि अडानी समूह की अजेयता की स्थिति सही साबित हुई। हालांकि, कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने इस बात पर जोर देने का बीड़ा उठाया कि इसका मतलब अडानी समूह को क्लीन चिट नहीं है। समूह भारतीय बाजार में कई आरोपों का सामना कर रहा है। कुछ की जांच सेबी द्वारा की जा रही है। भारत सरकार और उसकी जांच एजंसियों को यह सुनिश्चित करने में उचित काम करना चाहिए कि अडानी समूह की कंपनियां बाजार के सिद्धांतों का पालन करें और अपने बाजार पूंजीकरण को बढ़ाने के लिए शेयरों की कीमतों में हेरफेर न करें। भारत के लोग विदेशी एजंसियों की रिपोर्टों से प्रभावित होते हैं क्योंकि उन्हें सेबी जैसी भारतीय एजंसियों की निष्पक्ष कार्यप्रणाली पर संदेह है। यह खत्म होना चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि अडानी समूह को उसकी नियामक एजंसियों से किसी भी अन्य भारतीय कंपनी की तरह ही समान व्यवहार मिले। कोई वरीयता नहीं।

**हिंडनबर्ग रिपोर्ट सार्वजनिक होने से पहले,अडानी समूह के प्रमुख प्रमोटर गौतम अडानी को मुकेश अंबानी से आगे धन की दुनिया में सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक माना जाता था। रिपोर्ट के प्रकाशन ने उनकी संपत्ति को इतना कम कर दिया कि वे नीचे गिर गये। अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद, समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई और निवेशकों ने अपनी इक्विटी होल्डिंग पर बड़ी रकम खो दी। हालांकि, बाद में शेयर की कीमतें पूरी तरह से ठीक हो गयीं। इस बीच, हिंडनबर्ग ने वह किया जिसे शॉर्ट सेलिंग के रूप में जाना जाता है, यानी, जब कोई निवेशक किसी शेयर की कीमत गिरने की उम्मीद करता है तो इस तरह कीमत गिरने की उम्मीद में उन्हें बेच देता है। इन निवेशकों को शॉर्ट सेलर या मंदी की स्थिति लेने वाले निवेशक कहा जाता है। अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने बिल्कुल इसी तरह की स्थिति पैदा की है**

## औषधीय पौधा है आक

रमेश सर्राफ धमोराकुछ पेड़-पौधे ऐसे हैं जिनसे हम कई चमत्कारिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इन पेड़ों-पौधों में आक का पौधा भी है। आक एक औषधीय पौधा है। इसको मदार, आक, अर्क और अकौआ भी कहते हैं। इसे जानवर भी नहीं खाते है। यह बंजर भूमि में भी आसानी से उग आता है। इसके फल से गर्म तासीर की कोमल चिकनी रूई निकलती है। इसमें विषाक्त दूध भरा होता है। इसका वृक्ष छोटा और छत्तादार होता है।

पत्ते बरगद के पत्तों समान मोटे होते हैं। हरे सफेदी लिए पत्ते पकने पर पीले रंग के हो जाते हैं। इसका फूल सफेद और छोटा होता है। फूल पर रंगीन चित्तियां होती हैं। फल आम की तरह होते हैं, जिनमें रूई निकलती है। आक की शाखाओं में दूध निकलता है। वह दूध विष का काम देता है। आक गर्मी के दिनों में रेतीली भूमि पर होता है। चौमासे में पानी बरसने पर सूख जाता है। दुर्गम रेतीले टीलों में जहां मीलों दूर तक पेड़ की छांव नसीब नहीं होती है, उन जगहों पर आक का पौधा खूब फलता फूलता है। राजस्थान के थार मरूस्थल के अलावा आक का पौधा दक्षिण मध्य भारत के गर्म और शुष्क वातावरण में खुले और समतल मैदानों में पाया जाता है। आक के पत्ते मोटे और चिकने होते हैं तथा पत्तों के पृष्ठ भाग पर हल्का सफेद आवरण होता हैं जो कि हाथ से रगड़ने पर उतर जाता हैं। आक का पौधा प्राय हर मौसम मे हरा भरा रहने के कारण यह रेगिस्तान का सदाबहार पौधा कहलाता है। आक चार प्रकार के होते हैं (1) श्वेतार्क अर्थात सफेद आक (2) रक्तार्क व लाल आक (3) लाल आक का ही दूसरा प्रकार है जो ऊंचाई में सबसे छोटा और सबसे विषैला होता है (4) पर्वतीय आक। पहाड़ी आक पौधे के रूप में नहीं, बेल के रूप में होता है जो उत्तर भारत में बहुत कम किन्तु महाराष्ट्र में पर्याप्त मात्रा में होता है। लाल जाति का आक सर्वत्र सुलभता से प्राप्य है।



## कविता


**मां....**

मां पढ़ी लिखी नहीं है,
हस्ताक्षर करना नहीं जानती,
उसे याद हैं अनगिनत कहानियाँ
रामायण-महाभारत के किस्से
जिसे सुन- सुनकर
मैंने स्वयं को गढ़ने की कोशिश की।

**माँ**
ब्यूटीपार्लर नहीं जाती
या जानती ही नहीं,
या गोबर पाथने,
घर में मर्द न होने पर
जानवरों को चारा-पानी देने के आगे
यह छिछोरे......कृत्रिम..दिखावटी लगते।
अक्सर मैंने
सजने-संवरने के नाम पर
माँ को मांग में सिंदूर भरते देखा।
भरे-पूरे घर के लिए
गर्मी की भरी दुपहरी में,
कड़कड़ाते जाड़े में,
बारिश में
जब जलाने के लिए लकड़ी गीली हो,
धुआं से आंखों में पानी आ जाये.....,
कभी मां के चेहरे पर शिकन नहीं देखी।
मनुष्य तो दोगला है
पशुओं को
मां के लिए हंकरते देखा है।

**गुरू का पद**
भगवान से भी बढ़कर होता है,
किसी बिटिया पर कुदृष्टि मत डालना
माँ ने कहा
उनकी आवाज में
युगों से संचित आदर्श....नैतिक ज्ञान था
मैं अंदर तक सहम गया
या कांप गया।
कह नहीं सकता, मैं कितना सही था.....,
क्षण भर में मष्तिक में
अखबारों की अनगिनत खबरें कौंध गयी।

**डॉ. सत्येन्द्र मिश्रा**
**असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी)**
**दुर्गा नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, फतेहगढ़।**



## राशिफल

**मेषः–** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के ब्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**बृषभः–** शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढे.गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुनः–** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्कः–** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कायरे पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंहः–** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः–** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है।

**तुलाः–** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः–** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः–** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः–** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभः–** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीनः–** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# एमएसपी और आठवां वेतन आयोग

**पिछले अनुभव तो यही बताते हैं कि सरकार हद दर्जे की हठधर्मिता दिखाती है। वह हर हाल में किसानों को मजबूर और लाचार बनाकर झुकाना चाहती है। इससे पहले जब 2020-21 में किसानों ने ऐसा ही लंबा आंदोलन किया था, तो आखिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह कहकर तीनों कृषि कानून वापस लिए थे कि मेरी तपस्या में कोई कमी रह गई, जो मैं समझा नहीं पाया। यानी यहां भी सरकार ने अपनी गलती नहीं मानी, केवल यह स्वीकार किया था कि किसान कृषि कानूनों की उपयोगिता नहीं समझ सके। किसान तब कृषि कानूनों को वापस लेने के साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य अपनी फसलों के लिए मांग रहे थे, अब भी उनकी मांग वही है। लेकिन सरकार के तर्क भी वही हैं कि इससे सरकारी कोष पर भार बढ़ेगा।**

पिछले 55 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल आखिरकार चिकित्सा सहायता लेने के लिए राजी हो गए हैं। श्री डल्लेवाल ने यह मंजूरी तब दी जब केंद्र सरकार ने जानकारी दी कि आगामी 14 फरवरी को चंडीगढ़ में किसानों से वह बातचीत करेगी। हालांकि जगजीत सिंह डल्लेवाल अब भी इस बात पर अडिग हैं कि वह मांगें पूरी होने तक अन्न ग्रहण नहीं करेंगे। पिछले 11 महीनों से आंदोलन पर बैठे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के प्रतिनिधियों से केंद्रीय कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रिय रंजन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की।

बैठक के ऐलान के बाद किसान नेताओं ने डल्लेवाल से अनुरोध किया कि वे चिकित्सा सहायता लें ताकि वे इस प्रस्तावित बैठक में हिस्सा ले सकें। श्री डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता जा रहा है और इस पर अदालत भी चिंता जतला चुकी है, लेकिन सरकार इस बारे में सही में कितनी फिक्रमंद है, यह विचारणीय है। पिछले साल 13 फरवरी से शंभू और खनौरी सीमा पर आंदोलनकारी किसान डेरा डाले हुए हैं, क्योंकि सुरक्षा बलों ने उन्हें अपनी फसलों के लिए कानूनी एमएसपी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली तक मार्च करने की अनुमति नहीं दी थी। पिछले साल 8, 12, 15 और 18 फरवरी को केंद्रीय मंत्रियों और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच चार दौर की बैठकें हुई थीं, जो बेनतीजा रही थी। अब एक लंबे अंतराल के बाद फिर से किसानों के साथ बैठक प्रस्तावित हुई है, जिसका क्या नतीजा निकलेगा इस बारे में कुछ भी कहना कठिन है। पिछले अनुभव तो यही बताते हैं कि सरकार हद दर्जे की हठधर्मिता दिखाती है। वह हर हाल में किसानों को मजबूर और लाचार बनाकर झुकाना चाहती है। इससे पहले जब 2020-21 में किसानों ने ऐसा ही लंबा आंदोलन किया था, तो आखिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह कहकर तीनों कृषि कानून वापस लिए थे कि मेरी तपस्या में कोई कमी रह गई, जो मैं समझा नहीं पाया। यानी यहां भी सरकार ने अपनी गलती नहीं मानी, केवल यह स्वीकार किया था कि किसान कृषि कानूनों की उपयोगिता नहीं समझ सके।

किसान तब कृषि कानूनों को वापस लेने के साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य अपनी फसलों के लिए मांग रहे थे, अब भी उनकी मांग वही है। लेकिन सरकार के तर्क भी वही हैं कि इससे सरकारी कोष पर भार बढ़ेगा। आश्चर्य यह है कि जब सरकार आठवां वेतन आयोग के गठन की मंजूरी देती है, तब उसे इस वित्तीय भार की चिंता नहीं होती। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी गुरुवार को केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और पेंशनभोगियों के भत्तों में संशोधन के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी है। सरकार के इस फैसले से लगभग 50 लाख केन्द्रीय कर्मियों को लाभ होगा, साथ ही लगभग 65 लाख पेंशनधारकों की पेंशन में भी बढ़ोतरी होगी। अकेले दिल्ली में ही लगभग चार लाख कर्मचारियों को लाभ होगा, इनमें रक्षा और दिल्ली सरकार के कर्मचारी शामिल हैं। दिल्ली में अगले महीने की शुरुआत में ही चुनाव होने हैं, जिसमें भाजपा उम्मीद लगा कर बैठी है कि उसका 26 सालों का वनवास खत्म होगा और उसे दिल्ली की सत्ता भी मिलेगी। हालांकि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की तगड़ी तैयारियों के आगे भाजपा के लिए सत्ता हासिल करना कठिन चुनौती है। भाजपा की मुश्किल आसान करने के लिए ही शायद मोदी सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन का फैसला लिया, ताकि दिल्ली में सरकारी कर्मचारियों की एक बड़ी आबादी के वोट उसके लिए सुनिश्चित हो जाएं। जानकारी के मुताबिक, आठवें वेतन आयोग में न्यूनतम आधार वेतन को बढ़ाकर 34,650 रुपये किया जा सकता है, जो कि सातवें वेतन आयोग में 17,990 रुपये है। वहीं, पेंशन को 9,000 रुपये से बढ़ाकर 17,280 रुपये किया जा सकता है। हालांकि, ये सिर्फ संभावना है, अगले साल 2026 में जब आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होंगी, तब असल आंकड़े सामने आएंगे। पाठकों को बता दें कि सातवें वेतन आयोग का गठन 2014 में किया गया था और इसकी सिफारिशें एक जनवरी, 2016 से लागू हुई थीं, जो 2026 में समाप्त हो रही हैं। सातवें वेतन आयोग के तहत वित्त वर्ष 2016-17 में खर्च में एक लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। आठवें वेतन आयोग से सरकार पर करीब दो लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ने का अनुमान है। सरकारी कर्मचारियों ने वेतन या पेंशन बढ़ाने के लिए कोई आंदोलन नहीं किया, सड़कों पर दिन-रात नहीं बैठे, अपनी रोजी-रोटी दांव पर नहीं लगाई, फिर भी सरकार ने चलन के अनुसार हर दस साल में वेतन आयोग गठित करने की परिपाटी का पालन किया और वेतन बढ़ाने का रास्ता साफ कर दिया। अच्छी बात है कि जिन लोगों की वजह से सरकार का कामकाज सुचारू चलता है और देश में व्यवस्था बने रहती है, उनके हक का ध्यान सरकार ने रखा। लेकिन क्या सरकार का यही रवैया किसानों के प्रति भी नहीं होना चाहिए। किसान भी तो दिन-रात, सभी मौसमों में काम करके देश के लिए अनाज उगाते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो.नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

## जिलाधिकारी की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

# 38 शिकायतें प्राप्त छह का हुआ मौके पर निस्तारण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



तहसील महोबा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी जितेंद्र सिंह द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया।

इस मौके पर तहसील महोबा से कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में 20 में से 02 तथा तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 05 में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।यह भी कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

## प्रधान कोनिया ने तीन गरीब कन्याओं की शादी कर किया पुनीत कार्य



**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।** पनवाड़ी कस्बा के शिवम गार्डन में प्रधान कोनिया दमयंती राजपूत प्रधान प्रतिनिधि रोहित राजपूत ने गरीब कन्याओं के विवाह कर किया पुनीत कार्य। जिन कन्याओं की शादी हुई बबली रैकवार संग महेश कुमार द्वितीय जयबाई संग प्रकाश की तृतीय किरन संग रमेश तीनों शादियां कर कोनिया प्रधान दमयंती रोहित राजपूत ने दान स्वरूप अलमारी फ्रिज कूलर सीडी सहित दहेज देकर उनका कन्यादान लिया। इस शादी समारोह में कस्बा शहर में अजय पाल प्रधान टोला पातर प्रेमचंद प्रधान नगारा घाट मदन गोपाल राजपूत राजेश राजपूत शिक्षक ने कन्याओं को आशीर्वाद देकर सुखमय जीवन की कामना की इस मौके पर पनवाड़ी विकासखंड के प्रधान सहित गणमान्य संभ्रांत तथा सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# आपरेशन मुस्कान : पुलिस ने गुमशुदा को 24 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद महोबा में गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द करने हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के क्रम मे रामगोपाल पुत्र दीनदयाल अहिरवार द्वारा थाना श्रीनगर में सूचना दी गयी कि उनका पुत्र गौरीशंकर उम्र करीब 29 वर्ष जोकि मानसिक रूप से बीमार है, वह दिनांक 18.01.2025 को खेत से गायब हो गया था जिसको काफी ढ़ंढने पर भी कोई पता नहीं चला है।

उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना श्रीनगर पर गुमशुदगी क्रम 01/2025 दर्ज करायी गयी तथा उपरोक्त गुमशुदा व्यक्ति की बरामदगी हेतु जनपदीय एसओजी व थाना श्रीनगर की संयुक्त पुलिस टीमों का गठन किया गया, गठित पुलिस टीम द्वारा विभिन्न सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया, इस दौरान अनेक स्थानों पर व्यक्ति को सकुशल बरामदगी के लिए युद्ध स्तर पर सर्च अभियान चलाया गया। जिसके परिणामस्वरूप पुलिस टीमों के अथक प्रयास एवं परिश्रम से व्यक्ति को थाना कुलपहाड़ क्षेत्र अन्तर्गत सकुशल बरामद किया गया है।

गुमशुदा व्यक्ति को पाकर परिजन द्वारा महोबा पुलिस का धन्यवाद किया गया तथा आमजनमानस द्वारा पुलिस के इस मानवीय कार्य की भूरि भूरि प्रंशसा की गयी।

# इलाज कराने गई वृद्धा के घर का ताला तोड़ कर नकदी सहित जेवरात चोरी

▸ पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर चोरी के खुलासे की मांग की

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

इलाज कराने गई वृद्धा के घर का ताला तोड़ कर चोरों ने नकदी सहित जेवरात चोरी कर फरार हो गए। वृद्धा ने चोरों को पकड़ने के साथ माल बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। कस्बा निवासी रज्जन देवी ने बताया कि बीमारी के चलते वह इलाज करने के लिए कानपुर गई हुई थी। तभी रविवार की रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर नगदी सहित जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़िता ने बताया कि बेटी की शादी के लिए घर में रखें 35 हजार रुपए नकदए ढाई सौ ग्राम चांदी की एक जोड़ी पायलए छोटा मंगलसूत्र आदि चोरी कर ले गए हैं। घर का ताला टूटने की सूचना मिलने पर वृद्धा परिजनों के साथ अस्पताल से बीच में इलाज छोड़कर आई।घर में देखा तो बक्सा का सामान फैला पड़ा और जेवरात व नकदी गायब मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है।वृद्धा ने बताया कि पिछले वर्ष माह अगस्त में गल्ला चोरी चला गया था।तब उसने पुलिस को तहरीर दी थी।पुलिस ने पड़ोसी युवक का पकड़ा था।तब पुलिस ने उसके परिजनों से छह हजार रूपए दिलवा कर समझौता करवा दिया था।

# जिला पंचायत सदस्य ने किया मैच का उद्घाटन

▸ गौरहरी ने करहरा को 6 विकेट से हराकर जीता मैच

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**



चरखारी विकास खंड के ग्राम पंचायत गौरहरी में बाबा ब्रह्मदेव क्रिकेट टूर्नामेंट का आज उदघाटन मैच हुआ जिसमें रोशनी वर्मा जिला पंचायत सदस्य एवं मनोज राजपूत जिला पंचायत सदस्य ने फीता काटकर मैच का उदघाटन किया

मनोज राजपूत ने दोनों टीमों के कैप्टन के सामने टॉस किया जिसमें टॉस गौरहरी टीम ने जीता। कैप्टन हुसैन ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया जिसमें करहरा की तरफ से बल्लेबाजी के लिए आए नीलेश ने 13 रन व कृष्ण ने 12 रन बनाए गौरहरी की तरफ से विक्रम ने दो विकेट लगातार लिए जिससे खेल में रोमांच आ गया कुल दस ओवर के मैच में 87 रन 9 विकेट पर करहरा टीम ने बनाए इसके बाद जवाब में उतरी गौरहरी टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का नजारा पेश किया जिसमें दर्शकों ने खूब आनंद उठाया गौरहरी टीम के धाकड़ बल्लेबाज विक्रम ने 35 रन बनाए एवं रानू ने 20 रन बनाए कुल 8 ओवर में 88 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैच के कमेंटेटर मानसिंह परदेशी, गोविंद नारायण तिवारी एम्पायर मनीष पालीवाल ,कल्लू राजपूत रहे मैच की स्कोरिंग अंकित राजपूत व इंद्रेश राजपूत ने की मैच में गौरहरी टीम के सभी लोग उपस्थित रहे।

## जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

**सुमेरपुर(हमीरपुर)** थानाक्षेत्र के कुंडौरा गांव में पुलिस ने तीन लोगों को जुंआ खेलते हुए दबोच लिया। पुलिस ने इन लोगों से 2160 रुपए बरामद कर रिपोर्ट दर्ज की है।



हलका इंचार्ज दिशांत खोखर ने बताया कि कुंडौरा में शराब ठेके के पास ताश की पत्तों के साथ हार जीत की बाजी लगाकर जुंआ खेलने की सूचना मिली थी। जिस पर मौके पर पहुंचकर दरियापुर निवासी प्रमोद सिंह व कल्लन सिंहएकुंडौरा निवासी संजीव कुमार को जुंआ खेलते हुए मौके से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि फड़ एवं जामा तलाशी में कुल 2160 रुपए बरामद किए गए हैं। इन तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

**घाटमपुर समृद्ध न्यूज़।**



▸ समाधान दिवस में आई 55 शिकायतों में से 10 शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण

शनिवार को प्रधानमंत्री के स्वामित्व कार्ड योजना कार्यक्रम के कारण स्थगित किया गया संपूर्ण समाधान दिवस आज सोमवार को तहसील सभागार कक्ष में आयोजित किया गया, दिवस का संचालन उप जिलाधिकारी यादुवेंद्र वैंस ने किया गया। और शिकायते लेकर पहुंचे फरियादियों की शिकायते सुनी, तथा समय सीमा के अंदर निस्तरण का आदेश दिये, तहसील दार लक्ष्मी नारायण बाजपेई ने बताया की दिवस में कुल 55 शिकायते आयी जिसमे सबसे ज्यादा राजस्व विभाग की थी, पुलिस विभाग की 15, विकासखंड की 10, पूर्ति निरीक्षक की 02, नलकूप 02, वन विभाग की 01, जिनमें 10 शिकायतों का पर निस्तारण किया गया। शेष लंबित शिकायतों को संबंधित विभाग के कर्मचारियों को निस्तारित करने की निर्देश दिए गए। इस मौके पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार, तथा पुलिस विभाग, और अन्य संबंधित विभागों से अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिकायतों का निस्तारण न होने पर कमिश्नर नाराज

▸ जमीनी विवादों को प्राथमिकता से हल करने का दिया निर्देश

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



राठ में आज आयुक्त व पुलिस महानिरीक्षक चित्रकूटधाम मंडल की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे मंडलायुक्त अजीत कुमार ने पूर्व में आयोजित समाधान दिवस की समीक्षा करते हुए जानकारी प्राप्त हुई की 37 पुराने प्रार्थना पत्रों में से सिर्फ 05 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया था जो कि 32 प्रार्थना पत्र पेंडिंग थे जिस पर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी तीन दिनों के अंदर सारे प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्ता युक्त किया जाए निस्तारण करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए प्रार्थी को अवश्य सुना जाए समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों से कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं समाधान दिवस में फरियादियों ने अपनी समस्याएं संबंधित अधिकारियों के सामने रखी गई जिस पर मंडलायुक्त ने अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। खासतौर पर जमीनी विवादों के मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर शीघ्र समाधान करने की बात कही गई।आयुक्त ने इस दौरान कहा कि जमीनी विवादों के मामलों में अत्यधिक देरी से लोग परेशान होते हैं इसलिए इसे प्राथमिकता पर हल किया जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर अपर जिलाधिकारी हमीरपुर उप जिलाधिकारी राठ क्षेत्राधिकारी राठ सहित कई अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भूख व सर्दी से दम तोड़ रहे बेजुवान गोवंश, कोई नहीं है सुनने वाला

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



मौदहा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत परछछ अस्थाई गौशाला में गौबंशों की बुरी हालत है भूख व सर्दी से बेजुवान दम तोड रहे है। वही बगल में गौबंशों को फेक दिया जाता है जो कुत्तों का निवाला बनते है. जानकारी के मुताबिक परछछ व तिलसरस के बीच में बने गौशाला में एक या दो जानवर दम तोड़ रहे हैं इसके बाद जानवरों को कुछ ही दूर में गौशाला के बगल में फेंक दिया जाता है।

कुत्ते गिद्ध इसके बाद नोच नोच कर खाते हैं इस प्रकार से घिनौनी काम को रोक नहीं जा रहा सचिव ग्राम प्रधान के तालमेल से यह काम किया जा रहा है, दो दिन पहले गौशाला में दो जानवर पड़े मिले एक जानवर को गौशाला के अंदर ही कुत्तों ने अपना निवाला बना डाला, वहां के चौकीदार ने बताया कि आए दिन ही एक दो चार मरते ही रहते हैं इस विषय में अंशिका गौतम प्रधान गौशाला में कोई रुचि नहीं ले रही। गौशाला में जानवरों को खाने की सही व्यवस्था नही है। जबकि हर माह गौबंशों के नाम पर शासन से लाखों रुपये की धनराशि प्राप्त होती है।

# समस्याओं का होगा जल्द निपटारा : पार्षद

▸ पार्षद ने नौ सबमर्सिबल व नाली सहित इंटरलॉकिंग का किया भूमिपूजन

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज।**



महानगर के नौबस्ता पश्चिम वार्ड 65 के संजय गांधी नगर क्षेत्र में वरिष्ठ जनों के साथ पूजन कर पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने 9 सबमर्सिबल एवं नाली सहित इंटरलॉकिंग का भूमिपूजन किया। पूजन कर पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने मौजूद क्षेत्रीय लोगों के बीच उन्हें विश्वास दिलाया कि उनके शरीर की प्रत्येक सांस क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित है।

उनका पहला कर्तव्य सम्पूर्ण वार्ड का विकास कराना तथा हर समस्या को समाप्त करना है। श्री शर्मा के मुताबिक क्षेत्र के प्रत्येक पार्कों को उनके तथा नगर निगम के द्वारा सुंदरीकरण कराया जा रहा तथा कई पार्क मौजूदा समय में क्षेत्रीय आम जनमानस को व्यवस्थित करा सौंपे भी जा चुके हैं।क्षेत्रीय हरेंद्र सेंगर ने पार्षद योगेन्द्र शर्मा के द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें इसी तरह जनता के लिए समर्पित बने रहने की बात कही। वही योगेन्द्र शर्मा ने पूजन के दौरान सभी वरिष्ठजनों को सम्मानित करते हुए माल्यार्पण किया। श्री शर्मा के मुताबिक जल्द ही नगर महापौर प्रमिला पाण्डेय के द्वारा वार्ड 65 क्षेत्र में अन्य कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से हरेंद्र सिंह सेंगर दीप नारायण शुक्ला विजय वर्मा राजीव गुप्ता अनुज बाजपेई रितिक शर्मा अनिल शाक्य संजय त्रिवेदी अमित तिवारी देवेन्द्र सिंह नरेन्द्र शर्मा विजय वर्मा राजेश शुक्ला राजीव गुप्ता विकास कसेरा रजत अमित रोहित टिंकू वर्मा सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

# साहब पेयजल घरों में नहीं नालियों से बह रहा, गलियों में चलना मुश्किल

▸ समाधान दिवस में एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यज।**



नगर में आयोजित जिला स्तरीय समाधान दिवस होने की जानकारी के अभाव के चलते समाधान दिवस में फरियादियों का टोटा रहा हालांकि एक दर्जन से अधिक आए फरियादी मामलों में एक भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका।नगर के तहसील परिसर पर स्थित सभागार भवन पर आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला ने की।

इस मौके पर कुल 15 फरियादी मामले आए जिसमें एक भी मामले का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। सबसे अधिक मामले राजस्व व पुलिस से संबंधित रहे। मराठी पुरा निवासी राधा शरण ने शिकायत की कि माह अप्रैल 2024 में उसका विद्युत बिल अचानक एक लाख के ऊपर आ गया था तब से वह लगातार विद्युत अधिकारियों व समाधान दिवस में गुहार लगाकर न्याय मिलने की राह देख रहा है लेकिन अभी तक उसकी सुनने वाला कोई नहीं है इसी प्रकार ग्राम भमोरा के किसान यूनियन के नेता कबीरूद्दीन ने शिकायत की कि नमामि गंगे योजना के तहत गांव में बनवाई गई पानी की टंकी से लगातार पानी बहने से गांव की गलियों में दलदल की स्थिति उत्पन्न हो गई है क्योंकि वहां पहले से ही पाइपलाइन बिछाने को लेकर के सड़क खोद दी गई है। लोगों को पानी तो नसीब नहीं हो रहा है लेकिन इस योजना के चलते ग्रामीणों का निकलना चलना मुश्किल हो गया है। इधर ग्राम पढ़ोरी के रमेश कुमार ने बताया कि गांव के दबंग ने गली का खड़ंजा तुड़वाकर समरसेबल पंप लगवा लिया है उसने मुख्य विकास अधिकारी से मामले की जांच पड़ताल का आरोपी के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है समाधान दिवस सोमवार को होने की जानकारी न होने के चलते जिला स्तरीय समाधान दिवस में भी फरियादियों का टोटा रहा।

# रेलवे पुल पर रील बनाने का सिलसिला जारी युवती के बाद अब युवक का वीडियो वायरल

▸ रेलवे पुलिस घाटमपुर ने युवती पर दर्ज किया मुकदमा

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



यमुना ब्रिज पर रील बनाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। युवती का वीडियो वायरल होने के बाद अब एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है। वीडियो में युवक यमुना ब्रिज पर रील बनाते हुए अपनी दबंगई दिखा रहा है। अब देखना यह है कि युवती पर मुकदमा दर्ज होने के बाद आरपीएफ इस युवक के खिलाफ क्या कदम उठाती है। हाल ही में यमुना ब्रिज पर रील बनाकर वीडियो वायरल करने वाली युवती के खिलाफ आरपीएफ ने कार्रवाई करते हुए धारा 147 और 154 रेलवे अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। आरपीएफ के जूही थाना अंतर्गत घाटमपुर चौकी इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि युवती को नोटिस जारी किया जाएगा और जवाब संतोषजनक न होने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस कार्यवाही के बाद युवती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से रेलवे से जुड़े वीडियो हटा दिए हैं। वहीं अब वायरल हो रहे युवक के वीडियो को लेकर आरपीएफ की अगली कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस और आरपीएफ की सतर्कता के बावजूद रेलवे ट्रैक और ब्रिज जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में रील बनाने की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है। यह न केवल नियमों का उल्लंघन हैए बल्कि जान जोखिम में डालने वाला भी है। लोगो द्वारा संबंधित अधिकारियों से इस तरह की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने की उम्मीद की जा रही है।

## दबंग ने बीच चौराहा पर ड्यूटी में तैनात होमगार्ड को पीटा



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में इस समय दबंगों का कहर जारी है। रविवार देर रात दबंगों ने डियूटी में तैनात होमगार्ड को बेरहमी से पीट दिया पुलिस ने हिरासत में लिया है मगर रिपोर्ट दर्ज नही की गयी है। रविवार रात कोतवाली में तैनात होमगार्ड की कस्बे के मलीकुआं चौराहा मे ड्यूटी लगी हुई थी तभी कस्बे का शकील शराब के नशे में आया और होमगार्ड के साथ गाली गलौज करने लगा।होमगार्ड ने बताया कि जब उसने गाली गलौज का विरोध किया तो दबंग शकील ने उसे लात घूसों से पीटना शुरू कर दिया।पीड़ित ने बताया कि उसके साथ ही एक युवक जो अपने आप को पत्रकार बता रहा था उसने भी उसके साथ अभद्रता की और आरोपी को बाईक में बिठाकर ले गया जिसके बाद होमगार्ड की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को तो गिरफ्तार कर लिया है लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी है आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के पिपरी माफी गांव निवासी एक किशोरी ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। खैरीघाट थाना अंतर्गत पिपरी माफी गांव निवासी महेश पुत्र अलखराम वर्मा की 16 वर्षीय बेटी लक्ष्मी ने रविवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह परिजनों को बरामदे में लक्ष्मी की लाश छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई मिली। शव फंदे से लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी होते आसपास के तमाम लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर वैधानिक कार्यवाही पूरी करते हुए जांच शुरू की। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

# निरीक्षण में 30 कि.मी. नहर व कुलावे मिले ध्वस्त, दफ्तरों की स्थिति पाई गई चिंताजनक

▸ अर्जुन सहायक परियोजना की नहरों का हाल बेहाल, करोड़ों की बनी नहर में हमीरपुर जिले में तीन साल से एक बूंद नहीं आया पानी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



अध्यक्ष एवं प्रशासक ग्रेटर शारदा डा.हीरालाल ने अर्जुन सहायक परियोजना द्वारा संचालित महोवा व हमीरपुर नहर का स्थलीय निरीक्षण किया जिमसे मुख्य नहर कबरई में 53 किलोमीटर तक पानी चलना पाया गया। हमीरपुर इकाई के 6 कुलाबा और हमीरपुर राठ इकाई के 3 कुलावा में पानी चलने लगा है लेकिन मुख्य नहर से निकलने वाली 10 माइनरों की तीस किलोमीटर दूरी की स्थिति वेहद खराब पायी गयी है।न तो पानी चल रहा है न ही कुलावा लगा है। माइनर भी मौके पर सही नहीं पाया गया उसमे काफ़ी कमियाँ है। जिसपर प्रशासक द्वारा कड़ी नाराजगी जताई गई है और सिंचाई विभागों के अधिकारियों चेतावनी देते हुए ये आदेशित किया गया कि एक सप्ताह के अंदर 10 माइनरों का कार्य जल्द से जल्द पूरा करके किसानों के खेत तक पानी पहुंचाए। प्रशासक द्वारा हमीरपुर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें कार्यालय के रख रखाव और साफ सफाई पे नाराजगी व्यक्त किया गया और निष्प्रयोज्य सामग्रियों को जल्द से जल्द नीलामी कराने के आदेश दिए गए। प्रशासक द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत आने वाली बहुमूल्य परियोजना समेकित वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम फेज.2 के लिए हमीरपुर के कृषि विभाग के भूमि संरक्षण अधिकारी के कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया जिसमें योजना अंतर्गत कार्य में प्रगति लाने के लिए अधिकारी और कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी गई निरक्षण में वित्तीय स्तिथि ख़राब पायी गई शीघ्र कार्य कराकर पैसे को खर्च करने के लिए आदेशित किया गया । आगामी होने वाली वाटर शेड यात्रा की विधिवत समीक्षा किया गया और मौके पर प्रकाश में आई सारी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए।

# गांव के विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सुरेश राही



## प्रभारी मंत्री ने किया पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण

**बाराबंकी।** प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने विकास खंड हरख स्थित ग्राम बलछत में बने पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण निरीक्षण किया। पशु आश्रय स्थल पर प्रभारी मंत्री ने गायों की पूजा अर्चना की और उन्हें गुड़ खिलाया। इसके बाद यहाँ पर रखे गए पशुओं के विषय में सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी ली। प्रभारी मंत्री को बताया गया कि इस समय यहाँ पर 282 पशु है, प्रभारी मंत्री ने गायों के लिये बनाई गई चरही को देखा जो बहुत गहरी थी जिससे पशुओं को दिक्कत हो रही थी, प्रभारी मंत्री ने उसे सही कराने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बीमार गायों , नंदी गायों व दुधारू गायों को अलग-अलग रखा जाए जिससे वह आपस में लड़ने न पाए। उन्होंने पंचायत सचिव व गोशाला की देखरेख में लगे चिकित्सक को निर्देशित करते हुए कहा कि पशुओं के लिये पर्याप्त भूसा, हरा चारा सहित पानी व प्रकाश का समुचित प्रबंध किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जिला पूर्ति अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, परियोजना निदेशक, सहित समस्त सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## कैंप लगाकर निराश्रित, वृद्धों को पेंशन योजना का दिलाया जाए लाभ : प्रभारी मंत्री

### प्रभारी मंत्री ने विभागों की समीक्षा कर दिए निर्देश



**जैदपुर, बाराबंकी।** प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश राही आज से बाराबंकी के दो दिवसीय दौरे पर आए। मंत्री बाराबंकी के हरख ब्लॉक के बलछत स्थित गौ आश्रय स्थल पर पहुंचे जहां पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री को प्रशासन द्वारा गॉड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद गौवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने बताया कि गौ आश्रय स्थल की स्थिति संतोषजनक है। व्यवस्था ठीक है। छोटी-मोटी कमियों के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। वही हरख ब्लॉक के ही ग्राम पंचायत टेरा स्थित पीएचसी का भी निरीक्षण किया। तथा मरीजो की सुविधाओं के लिए संबंधित डॉक्टरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद ग्राम पंचायत कोला के कनक भारती परिसर में स्थित अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया।और संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात राज्य कारागार मंत्री ग्राम पंचायत बरायन के चांद पुरवा गांव के अंबेडकर पार्क पहुंचे जहां पर अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करके ग्राम वासियों से ग्राम चौपाल के माध्यम से संवाद किया एवं लोगों की समस्याएं को सुना तथा उनके निवारण हेतु एक-एक विभागों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने संबंधित अधिकारियों त्वरित कार्यवाही के आदेश दिए। राज्य कारागार और जनपद के प्रभारी मंत्री जनपद के 2 दिवसीय दौरे पर है।कल वह जिले के अधिकारियों के साथ जनपद के विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे।

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राज्यमंत्री कारागार/ प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने द्विदिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के प्रथम दिवस सोमवार को विकासखंड हरख के ग्राम बलछत में बने पशु आश्रय स्थल का निरीक्षण किया, उसके पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेरा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं को देखा, तत्पश्चात ग्राम पंचायत कोला गहबड़ी के अमृतसरोवर का निरीक्षण किया।

कंपोजिट विद्यालय बरायन का निरीक्षण किया। उसके पश्चात जल जीवन मिशन (ग्रामीण) बरायन पेयजल योजना का निरीक्षण किया। ग्राम चांदपुर, ग्राम पंचायत बरायन में स्थापित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा ग्राम चौपाल में प्रतिभाग करते हुए जनता की समस्याओं को सुना उसके पश्चात जनपद बाराबंकी की पुलिस लाइन में 100 व्यक्तियों हेतु हॉस्टल/ बैरक के निर्माण का निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ने निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

## घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** एक दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल 60 वर्षीय महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। कोतवाली व कस्बा हैदरगढ़ के लिल्हौरा वार्ड निवासी हरिमगन की 60 वर्षीय पत्नी ज्ञानवती रविवार शाम अपने पुत्र अनुज के साथ बाइक पर बैठकर अपने मायके नगर पंचायत सुबेहा स्थित अचली पुरवा गांव जा रही थी। सुबेहा हैदरगढ़ मार्ग पर चौधरी पुरवा गाँव स्थित बीना पेट्रोल पंप के पास आमने-सामने दो बाइकों में टक्कर हो गई। जिसके चलते बाइक पर बैठी वृद्धा घायल हो गयी। घायल महिला को एम्बुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया। जहां से गम्भीर चोट के कारण डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान सोमवार सुबह महिला की मौत हो गई।



## पूर्व प्रधान की पुण्यतिथि पर गरीबों को बांटे कम्बल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पूर्व प्रधान स्व भानु प्रताप सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर प्रधान राजन सिंह ने क्षेत्र के ओहरामऊ गाँव में अपने आवास पर गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कम्बल वितरण समारोह का आयोजन किया।इस समारोह में गांव सहित आसपास के इलाके से आए हुए हजारों गरीब जरूरतंद व्यक्तियों को कम्बल वितरित किये गए।प्रधान राजन सिंह ने कहा कि पिता के सपनों को साकार करने के लिए पिछले पंद्रह साल से कम्बल वितरित किए जा रहे हैं।गरीबों की मदद करने से आत्मा को शांति व सुकून मिलता है। इस पुनीत कार्य में धनाढ्य व्यक्तियों को बढ़चढकर हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिनेश प्रताप सिंह,रणविजय सिंह पिंकू, राजू सिंह,राहुल सिंह, मोहर्रम अली सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## हड़ियाकोल आश्रम में सेवा सहायता कार्य से जुड़े गोप



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

गरीब कमजोर वर्ग के लिए वरदान है हंडियाकोल आश्रम में आयोजित होने वाला निःशुल्क ऑपरेशन शिविर उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने श्री राम वन कुटीर हंडिया कोल स्थित स्वामी रामदास महाराज स्मृति चिकित्सालय मे आयोजित निःशुल्क ऑपरेशन शिविर में पहुंचकर ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर स्टाफ एवं सेवादारों द्वारा मरीजों की जा रही सेवा की सराहना कर आभार व्यक्त करते हुए कही। इसके पूर्व श्री गोप ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से शिविर में इलाज करने आए भर्ती रोगियों से मुलाकात कर उनकी कुशल छेम लेते हुए मरीजों की सेवा में निस्वार्थ भाव लगे डॉक्टर नर्स एवं सेवादारों का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप के साथ पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, मेराज प्रधान, हसमत अली गुड्डू, अमित चौरसिया के साथ आश्रम शिविर की देखरेख कर रहे पदाधिकारी व स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 295 मरीजों की हुई जांच

**मसौली, बाराबंकी।** शेख फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम पंचायत बड़ागाँव के पंचायत भवन में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 295 ग्रामीणों की आँखों की जाँच वरिष्ठ चिकित्सक नियाज खान एव उनकी टीम में शामिल लवकुश चौधरी, डॉ. राम खेलावन द्वारा की गयी जिसमे दो दर्जन मरीजो के मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को 50 रुपये में चश्मे दिये गये। निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद द्वारा किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि ईश्वर की सबसे बड़ी अनमोल तोहफा आँख है जिसकी हिफाजत के लिए समय समय पर जाँच कराना बहुत जरूरी है। प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि आँखों को बीमारियों से बचाना बहुत जरूरी है नहीं तो उम्र से पहले ही हमें आंखों से संबंधित बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अगर समय-समय पर इनकी साफ-सफाई और व्यायाम की तरफ ध्यान दिया जाए तो गंदगी से होने वाली इंफैक्शन को शुरू होने से पहले ही खत्म किया जा सकता है। ग्राम पंचायत सचिव जैसराम ने कहा कि इस दुनिया में जन्म लेने वाले जितने भी प्राणी हैं। उनके लिए आंखें अनमोल हैं। इसलिए इनकी देखभाल बहुत जरूरी है। आखिर आंखें हैं तो दुनिया की तमाम खूबसूरती का हमारे लिए मायने है। आंखें हमारे लिए अनमोल हैं और इसके बिना हम इस खूबसूरत दुनिया को नहीं देख सकते। यह जानते हुए भी अक्सर हम आंखों के स्वास्थ्य के बारे में बहुत गंभीरता से नहीं सोचते है जिसके कारण दिक्कते होती हैं इसलिए समय समय पर आंखों की जांच जरूर कराना चाहिए। शिविर में नेत्र चिकित्सक नियाज खान, सहायक लवकुश चौधरी, रामू ने 295 मरीजो की आंखों का निःशुल्क परीक्षण कर 50 रुपये में चश्मे वितरित किये गये तथा बच्चो को जमीटरी बाक्स, पेन्सिल, रबर, कटर का वितरण किया गया। इस मौके पर पंचायत सहायक सैय्यदा, कृष्ण कुमार गुप्ता, मतीन अंसारी, मुल्ला हलीम अंसारी, कल्लू यादव, डॉ मायाराम यादव, शाहिद अली, मो0 गुफरान, पप्पू गौतम राजेन्द्र यादव, इशरत अली, अंगद गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### निस्वार्थ भाव से सेवा ही मानवता की पहचानः चेयरमैन



**इटावा।** आज ज्ञानस्थली ग्रुप आफ स्कूल्स के चेयरमैन शिवप्रसाद यादव ने सर्दी के मौसम में पड़ रही कड़ाके की ठंड से निजात पाने के लिए अभावग्रस्त मजदूर व राहगीरों को कंबल व अन्य वस्त्र वितरित किये। उन्होंने इसने नेक कार्य में अपने पौत्र ज्योतिरादित्य यादव को सम्मिलित किया जिससे आगे आने वाले भावी पीढ़ियाँ निस्वार्थ भाव को जान सकें तथा अपने जीवन में इस भाव को आचरित कर सकें।

### एसबीएस कैम्पस नरौली में मना गणेश मूर्ति का स्थापना



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** एस बी एस कैम्पस नरौली में प्रत्येक वर्ष की भांती इस वर्ष भी प्रबंधक हर्षित राज कुमार की उपस्थित में विधि विधान के साथ गणेश प्रतिमा के स्थापना दिवस के मौके पर पूजा पाठ का आयोजन किया गया। ये गणेश मूर्ति की स्थापना संस्था के संस्थापक स्वर्गीय अशोक कुमार सिंह जी ने कि थी। इस मौके पर संस्था के समस्त स्टाफ कक्षा 12 के समस्त वर्ग के बच्चे मौजूद रहे, साथ में शंकर बक्स सिंह पवार प्रधान, जिला पंचायत राजस्व निरीक्षक त्रिवेणी दुबे, महेंद्र प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष भाकियू , राजू सिंह, मेराज अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

### दूध व्यवसाई सड़क दुर्घटना में घायल, ट्रामा रेफर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर बहुता गेट के सामने सोमवार की शाम हुए सड़क हादसे में 70 वर्षीय दुग्ध व्यावसायी गंभीर रूप से घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के बहुता गांव निवासी मुन्नू प्रसाद शुक्ला दूध का व्यवसाय करते हैं सोमवार की शाम साइकिल लेकर गांव से पशुपालकों से दूध लेने के लिए निकले थे कि तभी जब बहुता गेट से रायबरेली मार्ग पर हैदरगढ़ की ओर मुड़े तभी पीछे से आए मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वृद्ध मुन्नू प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी पहुंचाए गए वृद्ध को बाएं हाथ और बाएं पैर में गंभीर चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद केजीएमयू लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

### बुढियाबाडा कब्रिस्तान का होगा सुन्दरीकरण

**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर अन्तर्गत बुढियाबाडा कब्रिस्तान का लाखो की लागत से सुन्दरीकरण का कार्य होना सुनिश्चित हुआ है जैदपुर नगर पंचयात बोर्ड द्वारा मो कासिम सभासद की माँग पर कब्रिस्तान की दुर्दशा और जल भराव पर की समस्या पर ध्यान आक्रोशित करते हुए सुन्दरीकरण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से और अध्यक्षा नीलोफर की सहमति से शासन को भेजा गया था।वर्षो के इन्तजार के बाद अब कब्रिस्तान का सुन्दरीकरण होगा।अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम ने बताया इसकी पटाई भी कराई जाऐगी जिसमे लाखो का बजट लगेगा।यह ऐतिहासिक काम होगा।मौके पर कब्रिस्तान पहुच कर सभासद मो कासिम और नगर पंचायत टीम के संग जेई और समस्त अधिकारियो ने स्थलीय निरीक्षण कर कार्य का अन्तिम रूप दिया गया।

# राजस्व-पुलिस टीम निपटायें भूमि विवाद प्रकरण : डीएम

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील कोंच के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे शिकायकर्ताओं द्वारा कुल 50 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर ही 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण के लिए पांच विशेष टीमों का गठन कर उन्हें तुरंत मौके पर मुआयना कर शीघ्र निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान के अवसर पर जिलाधिकारी ने फरियादियों की



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी राजेश पांडेय।

समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनकर शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी ढंग से हो, शिकायत निस्तारण के उपरान्त शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए। शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद ही शिकायत का निस्तारण माना जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रार्थना पत्रों पर विस्तृत आख्या लगाई जाए, जिससे उसका डाटा कंप्यूटर में दर्ज किया जा सके और फरियादी को कार्यवाही का प्रिंट आउट उपलब्ध कराया जा सके। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील कोंच का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अंदर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित किया कि किसी भी थाना क्षेत्र से कोई भी फरियादी द्वारा किसी भी थानाध्यक्ष की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो निश्चित ही संबंधित थानाध्यक्ष के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कोंच ज्योति सिंह, क्षेत्राधिकारी कोंच, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी शर्मा आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अश्लीलता कर मांगे पांच हजार विरोध किया तो काटा कनेक्शन

### पीड़िता ने डीएम को संबोधित शिकायती पत्र सीएम को सौंपा

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

ग्राम कुकरगांव निवासी महिला ने विद्युत विभाग के कर्मियों पर आरोप लगाया कि वह 15 जनवरी को चेकिंग के नाम पर मेरे घर पर आये कनेक्शन काटने लगे जब मैंने उसका विरोध किया तो वह अश्लीलता कर पांच हजार रुपये की मांग की न देने पर कनेक्शन काटकर चले गये।

उक्त मामले की शिकायत उरई कोतवाली में की थी लेकिन पुलिस ने उक्त मामले में कुछ नहीं किया। इसके बाद ही पीड़िता ने जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र सीएम को सौंपते हुये दोषी विद्युत कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुकरगांव निवासिनी अनुराधा पत्नी हेमंत ने जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र में बताया कि 15 जनवरी को विद्युत विभाग के रवि कुशवाहा, संजय, इसरार अहमद जेई आदि मेरे घर पर आये और धमकाते हुये कहने लगे के तुम्हारा विद्युत बिल जमा नहीं हैं। इस पर मैंने कहा कि हमारे बिल संबंधी कागजात उरई में रखे है जिसे मैं अभी आपको मंगवाकर दिखाती हूं। लेकिन विद्युत कर्मी नहीं माने और कनेक्शन काटने लगे जब मैंने इसका विरोध किया तो उक्त लोग अश्लीलता पर उतारू हो गये और पांच हजार रुपये देने या फिर कुकरगांव आफिस में अकेले आकर मिलने की बात कहने लगे।

# सीडीओ ने सीएचसी की व्यवस्थाओं को परखा

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



सीडीओ व जिला क्षय अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। सफाई व्यवस्था व गेट पर जलभराव की समस्या के समाधान के निर्देश दिए। सीडीओ राजेंद्र प्रसाद श्रीवास व एसीएमओ देवेंद्र भिटौरिया ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, जनरल मरीज भर्ती वार्ड, प्रसव कक्ष आदि का निरीक्षण किया। प्रसव उपरांत भर्ती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं दुरूस्त मिलीं। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल के रिकॉर्ड को भी देखा और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में लगाए गए हेल्थ एटीएम मशीन का भी निरीक्षण किया। मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली दवाओं और जांचों के बारे में जानकारी की। जिसमें मरीजों द्वारा बताया गया कि अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा जो भी दवाएं लिखी गई हैं वह अस्पताल से ही मिली हैं। जांच भी अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में हुई है। अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था बेहतर न मिलने पर उन्होंने साफसफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश चिकित्सा अधीक्षक केडी गुप्ता को दिए। इसके अलावा मरीजों के तीमारदारों ने बताया कि अस्पताल के मुख्य गेट पर बारिश के दिनों में जलभराव हो जाता है। इसको लेकर उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि नगर पालिका से समन्वय कर गेट पर जलभराव की समस्या का समाधान कराया जाए। वहीं, अस्पताल के बाबई रोड पर स्थित गेट नंबर दो को न खुलने पर जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि अभी उपरोक्त रोड बना नहीं है।

## एसडीएम ने छापेमारी कर डंप की मौरम पकड़ी

**रामपुरा,जालौन।** विगत दिनों से चल रहे अवैध खनन की सूचना पाकर उपजिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज कुमार, क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ रामसिंह, थाना प्रभारी रामपुरा संजीव कुमार कटियार, सिद्धपुरा चौकी इंचार्ज रामकिशोर, खनन निरीक्षक कुलदीप कुमार ने संयुक्त रूप से सुल्तानपुरा गांव में छापा मारा। जहां पर करीब 1500 मीटर में 7.50 घन फुट की खुदाई मिली।

जिसकी निकली हुई 12 घन फुट बालू ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तेजसिंह (मंगल) को सुपुर्द की गई। जिसमें शिकायत के अनुसार मौके की नाप तौल की गई जिसमें राजस्व की टीम ने बताया कि किसानों का कोई नुकसान नहीं हुआ है। उक्त खनन की प्राथमिकी थाने में दर्ज करवा दी गई है।

## निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकासखंड शिवपुर के ग्राम पंचायत चौकसहार के 1- नूर अली दर्जी के खेत के पास नाले मे पुलिया निर्माण कार्य हेतु ईंट, मौरंग, गिट्टी बालू , सरिया,सीमेंट सहित अन्य निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए इच्छुक फर्में अपनी निविदा दिनांक 21.01.2025 को अपराहन् 12 बजे निविदा आमंत्रित की जायेगी।

निविदा 22.01.2025 को दोपहर 2 बजे खोली जाएगी। निविदा निःशुल्क होगी।

| प्रधान | सचिव |
| --- | --- |
| रेखा देवी | कृष्ण कुमार पुष्कर |
| ग्राम पंचायत चौकसाहार | ग्राम पंचायत चौकसाहार |
| विकास खंड शिवपुर | विकास खंड शिवपुर |

## कार्यालय ग्राम पंचायत नरोत्तमपुर विकासखंड शिवपुर, बहराइच

अवशेष वित्तीय वर्ष 2023/ 24 व वित्तीय वर्ष 2024 /25 में ओडीएफ व राज्य वित्त एवं केंद्रीय वित्त एवं अन्य योजना अंतर्गत ग्राम निधि में प्राप्त धन राशि से कराए जाने वाले विकास कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जो ग्राम पंचायत स्तर पर निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी आपूर्ति तथा सरिया सीमेंट गिट्टी बालम टाइल्स पेंट पुट्टी पाइप इंटरलॉकिंग ईट ह्यूम पाइप फर्नीचर लोहे के पाइप टीन, हैंडपंप सामग्री सोलर स्ट्रीट लाइट आदि की आपूर्ति हेतु फार्मो से सामग्री हेतु- दिनांक 19.1.2025 से 20.01.2025 तक टेंडर आमंत्रित किया जा रहा है।

**नोट**-पंजीकृत फॉर्म द्वारा निविदा फार्म ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत सचिव से किसी भी कार्यालय दिवस से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 21.01.2025 से सुबह 10 बजे तक तथा दिनांक 22.01.2025 शाम 3 बजे तक गठित के समक्ष खोली जाएगी।

| प्रधान | सचिव |
| --- | --- |
| राजेंद्र मौर्य | देवव्रत मिश्रा |
| ग्राम पंचायत नरोत्तमपुर | ग्राम पंचायत नरोत्तमपुर |
| विकास खंड शिवपुर | विकास खंड शिवपुर |

# उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की समीक्षा बैठक

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



### कन्या सुमंगला योजना को सभी अस्पताल व स्कूल में नोटिस बोर्ड पर लगाया जाए अपर्णा यादव

अपर्णा यादव उपाध्यक्ष उप मंत्री स्तर प्राप्त उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सिंचाई गेस्ट हाऊस में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। कन्या सुमंगला योजना, बाल विवाह रोकने हेतु, श्रम विभाग संबंधी ,सामूहिक विवाह योजना एवं अन्य सभी योजनाओं की समीक्षा की जिसमें उन्होंने बताया कि बाल विवाह को रोका जाए एवं जो भी छोटे-छोटे बच्चे होटल, रेस्टोरेंट आदि में श्रम कर रहे हैं उनकी टीम बनाकर निरीक्षण कर उनको रोका जाए।उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो बच्चे पढ़ाई में अच्छे है, ऐसे बच्चों पर विशेष कर ध्यान दिया जाए,उनकी पढ़ाई लिखाई का पूरा खर्चा उठाया जाए, ताकि वह भविष्य में और आगे अच्छा कर सके, उन्होंने बताया कि जो बच्चे स्कूल में जूते, मोजे पहन कर नहीं आते हैं ऐसे बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा अस्पताल में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सीएचसी पर स्टाफ की उपस्थिति को लेकर बहुत विशेष ध्यान दिया जाए, वहां हमेशा डॉक्टर उपलब्ध होना चाहिए,हमारी चिकित्सा सुविधा बहुत अच्छी होनी चाहिए। वन स्टॉप सेंटर पर काउंसलर रखे जायें।जो लड़कियाँ कम उम्र में शादी करके घर से भाग जाती हैं ऐसी लड़कियों पर विशेष ध्यान दिया जाए उनका माइंड वॉश किया जाए, जो बच्चे पढ़ना नहीं चाहते मेहनत नहीं करना चाहते घर से भाग जाते हैं ऐसे बच्चों का माइंड वॉश करके उन्हें सही रास्ते पर लाया जाए। उन्होंने कहा कि कन्या सुमंगला योजना को सभी अस्पताल व स्कूल में नोटिस बोर्ड पर लगाया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना से जुड़कर इसका लाभ उठा पाएं। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति किसी बाल विवाह संबंधित या किसी अनुचित कार्य की सूचना देता है, तो उसे प्रोत्साहन देने के लिए लिखित में दीजिए, और उसकी पहचान छुपाई जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाए जो पहले से विवाहित होने के बाद भी सामूहिक विवाह में जाकर योजना का दुबारा लाभ ले रहे है। बैठक के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, श्रम आयुक्त श्वेता गर्ग, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार ,जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार शशि सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टेरा का किया निरीक्षण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने विकास खंड हरख स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेरा का निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री को बताया गया कि आज 54 लोगों ने पर्चे बनवाये है और 4 मरीजों की जांच की गई है। ओपीडी में 34 मरीज देखे जा चुके थे, बाकी अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। प्रभारी मंत्री ने मरीजों की समस्याएं सुनी और बेहतर इलाज के लिये अधीक्षक को निर्देशित किया। नवनिर्मित भवन कक्ष की बाहरी फर्श खराब होने पर मंत्री जी ने सम्बन्धित निर्माण कार्यदायी संस्था के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार समुचित इलाज किया जाए। शौचालय सहित परिसर को स्वच्छ और साफ रखने के निर्देश दिये। अस्पताल परिसर में प्रभारी मंत्री ने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वही ग्राम पंचायत कोलागहबड़ी के कनक भारती अमृतसरोवर में विधि विधान से पूजा अर्चना की। सरोवर का निरीक्षण किया, सरोवर पर बनाई गई रंगोली की तारीफ की।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद वि.ख. हैदरगढ़ बाराबंकी

सूचना वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक-20.01.2025

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद वि.खं. हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी में मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत में तेज बहादुर अवस्थी के दरवाजे से तालाब तक नाली का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। नाली के निर्माण के लिए सीमेंट, मौरंग,बालू,ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म धारक से निविदा आमंत्रित की जाती है यह निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 21.01.2025 से 27.01.2025 को दोपहर 1 बजे तक डाली जाएगी। उसी दिन दोपहर 2 बजे निविदा टेंडर ओपन कमेटी द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय में खोला जाएगा। जिस फर्म की निविदा सबसे न्यूनतम होगी उस फर्म की निविदा स्वीकार्य करते हुए अन्य फर्मो की निविदा अस्वीकार कर दी जाएगी। निविदा प्रवक का मूल्य जो होगा नगद ड्राफ्ट के द्वारा ग्राम पंचायत के नाम पर देय होगा।

| प्रधान | सचिव |
| --- | --- |
| ग्रा.पं. मुस्तफाबाद वि.खं. | ग्रा.पं. मुस्तफाबाद वि.खं. |
| हैदरगढ़ | हैदरगढ़ |
| जनपद, बाराबंकी | जनपद, बाराबंकी |

# कागजों तक सीमित न रहे शिकायतों का निस्तारण : डीएम

- बोले, शिकायतों को गंभीरता से लें, और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें
- तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 73 में से कुल चार शिकायतों का हुआ निस्तारण



संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम व एसपी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में तहसील तिर्वा सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें। शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित न रहे। बल्कि शिकायतकर्ता को समय से न्याय मिलना चाहिये और वह समाधान से संतुष्ट हो। निस्तारित मामलों की सत्यता की जांच हेतु शिकायतकर्ताओं को फोन करके फीडबैक भी लिया जाये। पट्टे, भू-विवाद जैसे मामलो में जो लेखपाल व अन्य अधिकारी गलत कार्य करते हुये पाया जाता है तो बिना देरी किये हुये उस पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। राशन कार्ड न चढाये जाने की शिकायत फरियादी शकुल चन्द्र द्वारा दिये जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि तत्काल जांच कर फरियादी की शिकायत का निस्तारण किया जाये। शिकायत छोटी हो बड़ी किसी भी फरियादी को इधर-उधर न भटकाया जाये बल्कि प्राप्त शिकायतो का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि कानून पर लोगों का विश्वास बना रहे। इसलिए पूरी मुस्तैदी के साथ प्राप्त होने वाली शिकायतो का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस तिर्वा में कुल 73 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 04 शिकायतो का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभागीयी वनाधिकारी, उप जिलाधिकरी तिर्वा सहित संबंधित अधिकारीगण रहे।

# बाइक से टकराकर कार नहर में गिरी, चार घायल

- इंदरगढ़ के कटैया पुल के पास सोवमार की शाम हुआ हादसा

**तिर्वा समृद्धि न्यूज़।**

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कटैया पुल के निकट सोमवार की शाम एक बाइक से टकराकर ईको बैन असंतुलित होकर निचली गंग नहर में जा गिरी। इससे कार में सवार चार लोग घायल हो गए। जिनको उपचार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के बाद उनको छुट्टी दे दी गई। सौरिख थाना क्षेत्र के अरूहो गांव निवासी आकाश पुत्र सुरेन्द्र सिंह अपनी ईको कार लेकर उमर्दा से वापस घर जा रहे थे। कार में रामबेटी (70), कलक्टर सिंह (52), गीता देवी (45), जितेन्द्र सिंह (45) निवासी नगला मुइया थाना छिबरामऊ व कल्याणपुर निवासी बबलू (30) सवार थे। जब उनकी कार कटैया पुल के निकट पहुंची, तो सामने से आ रहे बाइक चालक से टकरा गई। इससे कार असंतुलित होकर निचली गंग नहर में जा गिरी। हादसा होते ही आसपास खेतों में काम कर रहे दर्जनों ग्रामीण दौड़े। कार में सवार घायलों को नहर से निकाला। पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। हादसे में बाइक सवार पवन कुमार भी चुटिहल हो गया।



घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़ का नजारा

# पश्चिमी बाई पास तिराहा राहगीरों को देगा तोप से सलामी

- राजस्थानी तोप, रंगीन फुव्वारा और आई लव छिबरामऊ होगा आकर्षक का केंद्र

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली और आगरा जैसे महानगर की तरफ से नगर में आने वाले राहगीरों का स्वागत राजस्थानी तोप करेगी, रात के समय रंगीन फुव्वारा और डिजिटल लाइटिंग आकर्षक का केंद्र होगी, इसके साथ ही आईं लव छिबरामऊ सेल्फी प्वाइंट होगा। उक्त जानकारी देते हुए चेयरमैन मनोज दुबे ने बताया कि हाइवे चौड़ीकरण के कारण पश्चिमी तिराहे से गांधी पार्क को आवास विकास कॉलोनी शिफ्ट करना पड़ा था जिस कारण ये तिराहा सुनसान था, इस जगह पर पिछले वर्ष यात्री प्रतीक्षालय बनवाया जा चुका है, सुंदरीकरण के क्रम में राजस्थानी पत्थरों से निर्मित फुव्वारा, तोप और डिजिटल लाइटिंग युक्त आई लव छिबरामऊ साइनिंग बोर्ड लगाया जायेगा, फुव्वारे के आस पास हस्तकला शिल्प से बनीं बैंचों पर बैठने के व्यवस्था होगी। आस पास पत्थरों की बाउंड्री बनाई जायेगी एवं फर्श पर ग्रेनाइट लगाया जा चुका है उन्होंने बताया कि करीब 18 लाख की लागत से डीलक्स शौचालय का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, सभी कार्यों को पूरा करने की डेड लाइन 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) तक है इस अवसर पर तकनीकी सलाहकार गौरव त्रिपाठी अमर, वार्ड सभासद नरेंद्र शर्मा, हरिओम दुबे, मुनीश गुप्ता इत्यादि मौजूद रहे।





## मजदूरी के रुपये मांगने पर युवक से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मजदूरी के पैसे मांगने पर आरोपितों ने युवक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम मझपुरवा निवासी अशोक कुमार पुत्र प्रीतम प्रसाद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसने गांव के अतुल कुमार उर्फ रिंकू, राम शंकर, उमाशंकर से अपनी मजदूरी के पैसे 13 जनवरी की शाम 7.30 बजे उसके दरवाजे पर आकर मांगे। तो युवकों ने उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अधिवक्ताओं ने धरने के पांचवे दिन किया प्रदर्शन

- धरने की अध्यक्षता रामचन्द्र मिश्रा ने तथा संचालन रजनीश यादव ने किया

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

धरना प्रदर्शन के पांचवें दिन सबसे पहले बार एसोसिएशन छिबरामऊ के अधिवक्ताओं ने महामंत्री ललित प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के विरूद्ध नारे बाजी कर प्रदर्शन कर क्षेत्राधिकारी का घेराव किया तत्पश्चात धरना स्थल पर पहुंच कर धरना दिया। धरने की अध्यक्षता रामचन्द्र मिश्रा ने तथा संचालन रजनीश यादव ने किया।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ को प्रेषित पत्र में साथी अधिवक्ता सचिन शाक्य पर थाना छिबरामऊ में पंजीकृत अभियोगों की पुनर्विवेचना क्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन में एवं थाना विशुनगढ़ में पंजीकृत अभियोग में विवेचना में समस्त तथ्यों को समायोजित कर तथ्यों के आधार पर साक्ष्य संकलन कराते हुए अपने निकट पर्यवेक्षण में अभियोग की विवेचना करायें तथा यह सुनिश्चित करें कि किसी निर्दोष पर कार्यवाही न हो। उक्त पत्र की छायाप्रति जो बार एसोसिएशन छिबरामऊ को उपलब्ध कराई गई थी, महासचिव द्वारा धरना प्रदर्शन में उपस्थिति अधिवक्ताओं को पढ़ कर सुनाई गई।

धरना प्रदर्शन को आमिर रिजवी, लालबहादुर, जयवीर सिंह यादव, राजकुमार सिंह, राजीव हजेला, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, रामप्रकाश यादव, घनश्याम यादव, शिवनाथ सिंह यादव, योगेन्द्र कुमार सहित कई अधिवक्ताओं ने संबोधित किया।इस दौरान प्रमोद दुबे, मुकेश पाण्डेय, विनीत कुमार चतुर्वेदी, संदीप चौहान, राजीव हजेला, दिनेश सिंह बैस, हरिशरण शाक्य, इवने अली, हिमांशु शर्मा, अंकुर मिश्रा, अमित दुबे,अनिल यादव, नरेंद्र शाक्य, राजवीर यादव, रूपेश दुबे, अनुज यादव, गुलाम हुसैन, सतेन्द्र बौद्ध, पुष्पेन्द्र सिंह, योगेन्द्र कुमार, अरवेश सिंह, विकास यादव, हरिनंदन यादव, राजेश यादव, योगेन्द्र यादव, स्नेहलता गुप्ता, अंजू पटेल , प्रियंका मिश्रा, सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।



## खबरें एक नजर में

### दो प्रमुख देव स्थान पर हुई चोरी से लोगों में आक्रोश

**छिबरामऊ, कन्नौज।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जीतू के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए 2 दिन के अंदर मां कालका देवी प्राचीन हनुमान मंदिर बाबा की बगिया की चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग की संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर नगर के हिंदू जागरण मंच के सभी पदाधिकारी और अन्य हिंदू संगठन के लोग और हिंदू समाज के लोगों ने तहसील पहुंचकर छिबरामऊ सीओ और एसडीएम को इस घटना को लेकर विरोध जताया और जल्द से जल्द खुलासा करके कार्रवाई करने की मांग की पुलिस प्रशासन में 2 दिन का समय मांगा है हम लोगों ने पुलिस प्रशासन को 2 दिन का अल्टीमेट दिया है। मौजूद लोग, आशु तिवारी, अनुराग अग्निहोत्री वरुण प्रताप सिंह अक्षय पाठक चंदन तिवारी कथावाचक सचिन दुबे अमित दुबे पिंकू पांडे और बाबा बगिया के महंत आदि लोग मौजूद रहे।

### 53 शिकायतों में से छह का हुआ मौके पर निस्तारण

**छिबरामऊ,कन्नौज।** अपर जिला अधिकारी के अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में किया गया संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में अपर जिला अधिकारी की अध्यक्षता में उप जिलाधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकार सहित तहसील स्तरीय विभाग अध्यक्षों की मौजूदगी में संपन्न हुआ जिसमें राजस्व संबंधी 29 शिकायत, तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया पुलिस संबंधी 6 शिकायतें आई एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया विकास विभाग संबंधित 7 शिकायतें आई दो का मौके पर निस्तारण किया गया विद्युत विभाग की पांच शिकायतें ई नगर पालिका की एक शिकायतें चकबंदी विभाग की स्टांप की दो पूर्ति विभाग की दो कल 53 शिकायतें दर्ज की गई 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

### शराब सहित पुलिस ने युवक को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को दबोच लिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। बीते शनिवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत उप निरीक्षक प्रदीप कुमार ने क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग स्थित विमला देवी बृजमोहन सिंह इंटर कॉलेज के समीप से 10 लीटर अवैध शराब सहित ग्राम सराय प्रयाग निवासी अजय पुत्र संजय गिहार को मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध दफा 60 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

### रंजिश में युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर आरोपित ने एक युवक के साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम गढ़िया कछपुरा निवासी राजीव पुत्र रामकिशन ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि 20 जनवरी की सुबह 09 बजे नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी युवक ने उसके दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नाली के विवाद में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नाली के पानी के विवाद को लेकर परिवार के ही लोगों ने महिला के साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और बीच बचाव में आई उसकी बेटियों से भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम उम्मेदपुर्वा निवासिनी सोनी देवी पत्नी अमर सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रविवार की शाम करीब 04 बजे उसके परिवार के ही रामनरेश, धीरज, रामनाथ और अखिलेश उसके दरवाजे पर आए और नाली के पानी के विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर फावड़े से मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आई उसके दो पुत्री नित्या व निधि पर भी फावड़े व लाठी डंडे से प्रहार कर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# समय से शिकायतों के निस्तारण की जानकारी दे अफसर : डीएम



फरियादियों की शिकायतें सुनते डीएम-एसपी

**तिर्वा समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील परिसर में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें फरियादियों की भारी भीड़ रही। इस मौके पर विभिन्न विभागों से संबंधित 86 फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखी। इनमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए सभी विभागाध्यक्षों को 10 दिनों को समय देकर गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के निर्देश दिए।

तहसील समाधान दिवस के दौरान मौजूद अफसरों को संबोधित करते हुए डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने कहा कि अक्सर देखा जा रहा हैं कि शिकायतों के निस्तारण हो जाने के बावजूद भी फरियादी फिर से अगले समाधान दिवस में अपनी शिकायत लेकर आ जाते हैं। जिससे काफी समय बर्बाद होता है। फरियादियों को भी दिक्कतें होती है।

उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि शिकायत के निस्तारण के बाद संबंधित फरियादी के मोबाइल नंबर पर फोन कर उसका शिकायत के निस्तारित हो जाने की जानकारी दे। जिससे फरियादी फिर से अफसरों के चक्कर न लगाएं। इस मौके पर विभिन्न विभागों से संबंधित 86 लोगों ने अपनी शिकायतें रखी। जिनमें चार का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर एसपी विनोद कुमार, एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश सिंह सहित कई अफसर मौजूद रहे।

# गौवंशो से भरा ट्रक पुलिस ने पकड़ा, आठ गिरफ्तार

**तिर्वा समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली पुलिस ने फगुहा गांव के निकट सोमवार को गोवंश से लदा एक ट्रक पकड़ लिया। इसमें सवार आठ पशु व्यापारियों को भी पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया। ट्रक में ले जाए जा रहे गौवंशो में दो गौवंशो की मौत हो गई थी। बाद में पुलिस ने सभी व्यापारियों को गिरफ्तार कर लिया है। बरामद गौवंशो को नगर पंचायत की कान्हा गौशाला में भेज दिया गया। कोतवाली पुलिस को अपनी मुखबिर से सूचना मिली कि गौवंशो से लदा एक ट्रक एक्सप्रेस-वे के रास्ते जा रहा है। इसमें सवार सभी गौवंशो गौकसी के लिए ले जाए जा रहे हैं। इनके साथ कुछ पशु व्यापारी भी मौजूद है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए फगुहा गांव के निकट एक्सप्रेस-वे पर चढ़ने से पहले ही ट्रक को रोक लिया। जब ट्रक की तलाशी ली, तो उसमें आठ गौवंश मौजूद थे। इसके अलावा तीन बछड़े भी थे। इनमें दो बछड़ो की मौत हो चुकी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि ट्रक पर सवार आठ पशु व्यापारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए व्यापारियों में साकिर, अलताफ व अनीस पुत्रगण लुकमान, राघवेन्द्र पुत्र हरीराम, कुंवर पाल पुत्र सुघर सिंह, सुरेन्द्र पुत्र निहाल, अनूप यादव पुत्र मलिखान व प्रांशू पुत्र हरीराम शामिल है।

## वकील को मारपीट कर गले में कसा मफलर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने मुकदमे की रंजिश को लेकर अधिवक्ता के घर में बने कार्यालय में घुसकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित अधिवक्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम निकोवनपुर्वा निवासी अधिवक्ता रावेंद्र कुमार पुत्र होरीलाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 19 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे गांव के जयवेंद्र, बबलू उर्फ कबरा, आनंद और रेशमा ने मुकदमे की रंजिश को लेकर उनके घर में बने कार्यालय में घुसकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जयवेंद्र और बबलू कबरा ने उसके गले में मफलर डालकर जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फर्जी आईडी बनाकर बदनाम करने की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सोशल मीडिया पर किशोरी की फर्जी आईडी बनाकर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर किशोरी के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी पुत्री की इंस्टाग्राम पर अज्ञात युवक के द्वारा फर्जी आईडी बनाकर अभद्र टिप्पणी करके इधर-उधर वायरल कर रहा है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# टेंपो चालक ने होमगार्ड से की हाथापाई



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शराब के नशे में धुत टेंपो चालक ने ड्यूटी पर तैनात के होमगार्ड के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। जिस पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने टेंपो चालक को कोतवाली ले आई और टेंपो को सीज कर दिया। सोमवार को सुबह नगर के तिराहा पर शराब के नशे में धुत एक टेंपो चालक अजय राज पुत्र जितेंद्र दुबे निवासी नौली महोई ने होमगार्ड के साथ अभद्रता कर दी। जिसको देख होमगार्ड ने टेंपो चालक को अपनी हिरासत में ले लिया। जिस पर टेंपो चालक ने ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड के साथ मारपीट करने पर आमादा हो गया।

जिसको देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शराब के नशे में धुत टेंपो चालक को कोतवाली ले गई और शांति भांग की धाराओं में कार्रवाई की और टेंपो सीज कर दिया।

# एआरटीओ ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

- बाइक चालकों से हेलमेट व कार चालकों से सीट बेल्ट लगाने की अपील की

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



नियमों के प्रति जागरूक करती एआरटीओ इज्या तिवारी व मौजूद डीएसओ

दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जनपद में नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान चलाया जा रहा है। बीते दिनों जिलाधिकारी ने सभी पेट्रोल पंप संचालको के साथ बैठक कर बिना हेलमेट पेट्रोल न देने का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। कुछ दिन नो हेलमेट नो फ्यूल का पालन किया गया।

उसके बाद जनपद में अधिकांश पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट तेल दिया जा रहा है। और डीएम के आदेशों का पालन होता नही दिखाई दे रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल के निर्देशन में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी इज्या तिवारी और जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र ने संयुक्त रूप से नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान के अन्तर्गत नगर में मेसर्स गायत्री पेट्रोल पंप, सतीश पेट्रोल पंप और सामवेदी पेट्रोल पंप जाकर आमजन को हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग करने हेतु जागरूक किया। और पेट्रोल पंप संचालको को नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। बताया कि दुर्घटनाओं में जनहानि की रोकथाम के उद्देश्य से नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान चलाया जा रहा है।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले को दिलाएं सजा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं नारकोटिक्स के सम्बन्ध में बैठक हुई। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार रेप, हत्या, लूट, डकैती, आदि गंभीर अपराधियों को सजा दिलाने हेतु आपरेशन कन्विक्शन अभियान चलाया है। सरकार की प्राथमिकता है कि महिला, बच्चों से संबंधित अपराधों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सजा दिलायी जाये।

कहा कि अपराधियों का घर जेल है। पैरवी कर सजा दिलायी जाये। उन्होनें कहा कि जनपद में गम्भीर अपराध के माह दिसम्बर में कुल 6807 प्रकरण लंबित थे। जिसमें 24 प्रकरणों की पैरवी कर सजा दिलाई गयी तथा 31 लोगों को रिहा हुये। इसी प्रकार महिला अपराध से संबंधित प्रकरणो में कुल 1293 मुकदमें लंबित थे। जिसमें 08 वादो का निस्तारण किया गया। इसमें 03 प्रकरणों में सजा हुई है। पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरणो में कुल 789 मुकदमें लंबित थे। जिसमें 03 को सजा एवं 03 रिहा हुये। गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम के अन्तर्गत 598 वादों में 10 को पैरवी कर सजा दिलायी गई एवं 03 रिहा हुये। डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को सजा दिलायी जाये। खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले प्रकरणो की पैरवी कर सजा दिलाई जाये। जनपद में नकली दवा की बिक्री पर रोक लगाई जाये। खनन से संबंधित प्रकरणों में न्यायालय जाकर पैरवी करें।

## रंजिश को लेकर चाचा-भतीजे को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दरवाजे पर खड़े चाचा भतीजे के साथ आरोपियों ने अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के ग्राम जसौरा निवासी संजय सक्सेना पत्र फूलचंद ने बताया है कि 19 जनवरी 2025 की शाम 07 बजे वह अपने भतीजे अनूप के साथ दरवाजे पर खड़ा था। तभी पड़ोस के ही रामेंद्र, सुरजीत, संदीप और अजीत ने रंजिश को लेकर उसके भतीजे अनूप के साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वही मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए संजय सक्सेना को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# लापरवाही की भेंट चढ़ा सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आम जनता की सुविधा के लिए बने सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय मैं बैठे चिकित्सा के आम जनता की खुलेआम कर रहे हैं शोषण 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय मैं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की पोस्ट पर तैनात चिकित्सा के परिसर में कैंपस होने के बावजूद भी कन्नौज से अप डाउन करते हैं आम चर्चा है कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक नसबंदी के भी प्रभारी है तो उनके पास 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय के लिए पर्याप्त समय नहीं है जितने चिकित्सकों की पोस्टिंग है उसमें कई चिकित्सक तो चिकित्सालय आते ही नहीं है जो चिकित्सक ड्यूटी करते हैं वह बाहर की दवाइयां लेने के लिए मरीजों को मजबूर करते हैं एक तीमारदान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मरीज देखने के बाद एक लंबा चौड़ा पर्चा बाहर के लिए थमा दिया गया। जिसकी कीमत बाहर मेडिकल स्टोर पर एक से डेढ़ हजार रुपए के बीच में होती है उसमें चिकित्सक वार्ड बॉय नर्स स्टाफ सभी का कमीशन तय होता है वही पूर्व में चिकित्सक रहे चिकित्सा अभी तक सालों बाद आवास पर कब्जा जमाए हुए बैठे हुए हैं प्रशासनिक स्तर पर उक्त चिकित्सा को के खिलाफ कोई कार्रवाई अमल में नहीं हो रही है क्योंकि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पास समय की बहुत कमी है पूर्व में तैनात रहे चिकित्सक मेडिकल स्टोर पर मरीजों को भर्ती कर उपचार करते अक्सर देखे जा सकते हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस: 28 शिकायतें प्राप्त दो का निस्तारण



अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते एडीएम

**अधिकांश फरियादी सम्पूर्ण समाधान दिवस से लौटे मायूस**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में यूं तो दर्जनों शिकायतें आती हैं, लेकिन अधिकारी मात्र एक दो समस्याओं का समाधान कर सम्पूर्ण समाधान की इतिश्री कर लेते हैं। फरियादियों का कहना है कि अधिकांश को आश्वासन की घुट्टी पिलाकर चलता कर दिया जाता है। हालांकि अधिकारी विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का समस्या निस्तारण करने के निर्देश देते हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं होता है। जिससे उन्हें कई बार सम्पूर्ण समाधान दिवस के चक्कर काटने पड़ते हैं। कुल मिलाकर सम्पूर्ण समाधान से ग्रामीण खुश नहीं हैं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन बीते शनिवार को होना था, परंतु अन्य कार्यक्रम आयोजित होने के चलते इस कार्यक्रम को सोमवार के दिन 20 जनवरी को तहसील सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम सुभाष प्रजापति के द्वारा की गई। इनके साथ में तहसीलदार कर्मवीर सिंह, एसडीएम अतुल कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी सहित राजस्व कर्मचारी एवं संबंधित थानों की पुलिस मौजूद रही। इस दौरान कस्बा अमृतपुर से प्रशांत दुबे ने होली की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर, अमैयापुर से सुरेश चंद्र ने चकमार्ग खुलवाने, अमृतपुर से प्रदीप अवस्थी ने बिजली का बिल अधिक आने एवं उसको सुधारने के लिए, ग्राम सुंदरपुर से नन्हेंलाल ने गेहूं की फसल दबंगों द्वारा नष्ट किए जाने, ग्राम खंडौली से दारा सिंह ने खेत पर अवैध कब्जे को लेकर प्रार्थना पत्र दिए। 28 प्रार्थना पत्रों में दो का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। अन्य प्रार्थना पत्रों के जल्द निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रतियां सौंप दी गईं।

# चोरों के आतंक से ग्रामीण भयभीत, खाकी पर उठ रहे सवाल

**एक स्थान से पांच बकरे व तीन बकरी तथा दूसरी जगह से बाइक चुराई**

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।



चोरों द्वारा तोड़ा गया टट्टर

कोतवाली क्षेत्र के मदनपुर चौकी क्षेत्र में नव निर्मित आदर्श नगर पंचायत खिमसेपुर के वार्ड नंबर 8 आवंतीबाई नगर निवासी राम बहादुर के पुत्र सोलंकी के मकान में बने कमरे के अंदर ग्यारह बकरी बंधी हुई थीं। कमरे में गेट नहीं था। कमरे के बाहर बांस का टट्टर लगा रखा है। जिसे अज्ञात चोर दरांती से काट कर पांच बकरे, तीन बकरी तथा दो बकरी के मेमने अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। जिसकी कीमती लगभग एक लाख से ऊपर होगी। जिस दरांती से बांस के टट्टर को काटा गया वो मकान से 100 मीटर दूरी पर पड़ी मिली। सोलंकी ने जिसकी तहरीर चौकी मदनपुर में दी। वहीं पास में रोशन पुत्र हरिलाल की खड़ी पिकअप का पेंचकस द्वारा लॉक खोलने का प्रयास किया गया। जो कि लॉक न खुलने के कारण उसे अज्ञात चोर नहीं ले जा सके। चोरों की इस घटना से नगरवासी अधिक भयभीत है और पुलिस की गस्त पर सवाल उठा रहे है। वहीं वार्ड नंबर 5 उदित नारायण में अनिल पाल पुत्र भवेंद्र सिंह को उनके रिश्तेदार श्यामपाल ने उपहार में दी हीरो हॉंडा मोटर साइकिल नंबर यूपी 76जे3167 को अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। जिसकी तहरीर पुलिस को नहीं दी गई। गाड़ी मालिक बाहर होने के कारण तहरीर नहीं दे पाए। पिता भवेंद्र सिंह ने बताया जब पुत्र लौट कर आएगा तब तहरीर दी जाएगी।

# जिला औषधि निरीक्षक ने दो मेडिकल स्टोरों से संदिग्ध औषधि के भरे नमूने

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



आज अपर जिला अधिकारी के निर्देशानुसार जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय द्वारा हथियापुर स्थित शिफा मेडिकल एंड फार्मा क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। जहां से दो संदिग्ध औषधि के नमूने भरे गए।

तत्पश्चात डॉक्टर मेडिकल स्टोर एवं योगेश मेडिकल स्टोर फैजाबाद का निरीक्षण किया गया। इसके बाद शमशाबाद तहसील स्थित रितिका मेडिकल स्टोर एवं अंबर मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण कर दो-दो संदिग्ध औषधीय के नमूने संकलित किए गए। निरीक्षण के दौरान विकृय हेतु भंडारित, नॉनस्ट्राइडल एंटी इन्फ्लेमेटरी की दवा का नमूना संकलित किया गया। फर्मों के द्वारा विक्रय अभिलेख नियमित जारी नहीं किया जा रहा था एवं दुकान के अंदर कालातीत औषधीय को भंडारण हेतु नियमानुसार लेविल लगाया नहीं गया था। जिसके लिए सभी प्रमुख संचालकों को निर्देशित किया गया कि कालातीत औषधीय एवं पशु चिकित्सा प्रयोगार्थ औषधियां का भंडारण उचित लेविल के अनुसार ही किया जाएगा। संकलित किए गए तीन औषधीय के नमूने राजकीय प्रयोगशाला उत्तर प्रदेश लखनऊ भेजे गये। फर्म पर विद्यमान कमियों के निराकरण हेतु कारण बताओं नोटिस निर्गत कराया जाएगा।

# पुलिस ने घटना को किया नजरंदाज, दबंगों ने पुनः पीड़िता को पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

दुकान पर सौदा लेने गए किशोर का मुंह दबाकर घर में खींच ले जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित मां ने थाने में तहरीर दी थी। आज पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और मामले को शांत कराकर लौट गयी। पुलिस के जाते ही पुनः दबंगों ने मारपीट की। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव परमनगर निवासी रोशनी देवी पत्नी राम शरण ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि रविवार शाम लगभग 7.00 बजे पीड़िता का सात वर्षीय पुत्र आरएन मोहल्ले में दुकान पर सौदा लेने गया था, तभी पीड़िता के बताए अनुसार गांव का ही निवासी पीयूष पुत्र सुखेंद्र उसके पुत्र का मुंह दबाकर और अपने घर में खींचकर ले जाने लगा।

जब पुत्र के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनी, तो पीड़िता पुत्र को बचाने के लिए दौड़ी, तभी पीड़िता के बताएं अनुसार उसके साथ आरोपी ने जमकर मारपीट की। तब पीड़िता अपने पुत्र के साथ थाने आई और थाना पुलिस को गांव के ही नामजदआरोपी के विरुद्ध तहरीर दी थी। दिनांक 20 जनवरी को हल्का इंचार्ज इंद्रजीत सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच पड़ताल की। जांच में मामला सही पाया गया। हलका इंचार्ज मामले को शांत कर वापस चले आए, तभी दबंग पीयूष कुमार पुत्र सुखेंद्र सिंह, अंकित कुमार पुत्र जोगेंद्र सिंह, अंकुल पुत्र जोगेंद्र, सिंह अमर सिंह पुत्र तिलक सिंह आदि लोगों ने पुनः मारपीट की। जिसमें रोशनी देवी पत्नी रामशरण के अंदरूनी काफी चोटें आईं। इसके तुरंत बाद हल्का इंचार्ज फिर पहुंचे, लेकिन तब तक दबंग भाग चुके थे। पुलिस ने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा।

## सर्दी से बच्चे की हालत बिगड़ी, मौत



लोहिया में बच्चे का चिकित्सीय परीक्षण करते डॉ. वैभव यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेलवे स्टेशन पर मासूम बच्चे की हालत बिगड़ने पर उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार जनपद उन्नाव निवासी सुरजीत अपनी पत्नी पिंकी के साथ 2 माह के पुत्र रियांश को लेकर बांद्रा एक्सप्रेस से जा रहे थे। खिड़की के पास बैठे रहने से बच्चे को सर्दी लग गई। फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन से एंबुलेंस से बच्चे को जिला अस्पताल लोहिया लाया गया। जहां डॉ0 वैभव यादव ने रविवार रात चिकित्सीय परीक्षण करने के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया है। वहीं चिकित्सकों का कहना है कि सर्दी की चपेट आने से बच्चे की मौत होने का अंदाजा लगाया जा रहा है। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सुरजीत ने बताया कि वह पत्नी और बच्चे संग गुजरात राज्य के सूरत जा रहे थे। मुंबई से ट्रेन बदलनी थी। रियांश उनका इकलौता पुत्र था।

# पीडब्लूडी के अधिकारियों ने किया पैंटून पुल का निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



पैंटून पुल का निरीक्षण करते पीडब्लूडी के एक्सियन और जेई

जिलाधिकारी के निर्देश पीडब्लूडी के एक्सियन और जेई ने पुरानी घटिया पर बने पैंटून पुल का निरीक्षण किया। साथ ही पुल को जल्द दुरुस्त कराने की बात कही। जानकारी के अनुसार सोमवार को थाना कादरीगेट क्षेत्र स्थित पुरानी घटिया पर पैंटून पुल का निर्माण कराया गया था, ताकि पैदल चलने वाले लोगों को कोई दिक्कत न हो, लेकिन मरम्मत व रखरखाव के अभाव में पुल की हालत खस्ता हो गयी है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को पीडब्लूडी के एक्सियन और जेई ने पहुंचकर पैंटून पुल का निरीक्षण किया। अधिकारियों को कई स्थानों पर पुल में दरारें व खामियां मिलीं। बताते चलें कि इस समय मेला रामनगरिया चल रहा है। जिसके चलते इस पुल से ज्यादा आवागमन हो रहा है। जिसके मद्देनजर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने पुल की मरम्मत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों ने पुल का निरीक्षण किया और शीघ्र ही मरम्मत कराने की बात कही।

## खबरें एक नजर में

### जिलाधिकारी ने की फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने कृषि विभाग को शासन की मंशा के अनुरूप जल्द से जल्द लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये निर्देशित किया। बैठक में बताया गया कि जनपद में फार्मर रजिस्ट्री के लिये 152 टीमें कार्य कर रही है। डीएम द्वारा टीमें बढ़ाने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देशित किया कि किसान सहायक, पंचायत सहायक व रोजगार सेवकों को ग्रामवार लगाकर कार्य कराये व सभी कार्मिको का लक्ष्य निर्धारण किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी सभी उपजिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### गैंगेस्टर एक्ट के मामले में दो को छह-छह माह का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गैंगेस्टर एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगेस्ट एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त विजय पाल व पंजाबी को दोषी करार देते हुए 6-6 वर्ष का कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। 27 मार्च 2004 को तत्कालीन थानाध्यक्ष कमालगंज विनय कुमार सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया था कि गैंग लीडर विजय पुत्र मैकूलाल निवासी देवधरापुर व उसका साथी पंजीबी पुत्र मैकू लाल 26 मार्च 2004 को डीएम द्वारा अनुमोदितशुदा प्राप्त हुआ। अभियुक्तगण जघन्य अपराध करके लोगों का उत्पीड़न कर जीवन को संकट में डालकर आर्थिक व अनुचित लाभ अर्जित करते है। जिसके तहत 27 मार्च 2004 को गैंगेस्टर के तहत कार्यवाही की गयी थी। जिसकी सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश गैंगेस्ट एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त विजय पाल व पंजाबी को दोषी करार देते हुए 6-6 वर्ष का कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके साथ ही न्यायाधीश ने केंद्रीय कारागार को आदेश दिया है कि अभियुक्तगणों को अपनी अभिरक्षा में इस वारंट सहित लेकर उक्त दण्ड को विधि अनुसार निष्पादित करें। साथ ही अभियुक्तों द्वारा जेल में बितायी गई अवधि को सजा में समायोजित की जायेगी।

# ट्रैक्टर चालक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, हुआ क्षतिग्रस्त

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

अवैध खनन कर आ रहे ट्रैक्टर चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी दशरथ पुत्र सूबेदार कठेरिया ने थाना पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि सोमवार सुबह 6.00 बजे मैं अपना ई-रिक्शा लेकर सवारी भरने के लिए कस्बा नवाबगंज के चौराहे पर खड़ा था और पड़ोस में ही आग से हाथ तपने लगा, तभी मोहम्मदाबाद रोड की अवैध खनन कर तेजी से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पीड़िता का ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। तब वहां पीड़ित के बताए अनुसार काफी लोग इकट्ठे हो गए, तो ट्रैक्टर चालक ने ई-रिक्शा सही कराने की बात कही, लेकिन दोपहर तक बात न बनने के कारण पीड़ित ई-रिक्शा चालक थाने आया और थाना पुलिस को अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# ठाकुरदास महाराज बोले चार साल से नहीं उपलब्ध कराया जा रहा टीन शेड

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



घटनास्थल पर मौजूद ठाकुरदास महाराज व पुलिस

अपरा काशी से निकली मां भागीरथी की गोद में आबाद मेला रामनगरिया में समस्यायें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

संतों द्वारा विरोध प्रदर्शन करने के बावजूद भी मेला व्यवस्थापक हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं। वह किसी की न सुनकर अपने मनमाने तौर पर कार्य कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार माघ मास में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला रामनगरिया पांचाल घाट गंगा तट पर आबाद है। यहां पर स्थानीय जनपद के अलावा कन्नौज, इटावा, मैनपुरी, हरदोई आदि के कल्पवासी व साधु संत आकर एक माह तक कल्पवास करते हैं और पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। उनकी सुख सुविधाओं के लिए प्रशासन एक दो महीने पहले की तैयारी शुरु कर देता है। जिससे मेले में आने वाले साधु संतों व कल्पवासियों को मेले में किसी भी प्रकार जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि की कोई समस्या न हो, लेकिन मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित की हठधर्मिता के चलते मेले में व्यवस्थायें दम तोड़ रही हैं। सोमवार को समृद्धि न्यूज के संवाददाता के पूछने पर संत ठाकुरदास महाराज ने अपना दुख दर्द बयां किया। उन्होंने कहा कि मेले में उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उनका रास्ता बंद कर दिया गया। जिससे वह आवागमन नहीं कर पाते हैं। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। दरोगा सुरेंद्र सिंह ने कहा कि आपकी समस्या का समाधान शीघ्र किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि मेला व्यवस्थापक करीब चार साल से उन्हें टीनशेड मुहैया नहीं करवा रहे हैं। उन्होंने कई बार मेला व्यवस्थापक से अनुनय विनय की, लेकिन उनका दिल नहीं पसीजा। इसके अलावा शौचालय की भी समस्या है। उनका कहना है मेला व्यवस्थापक पूरी तरह से अपनी मनमानी कर रहे हैं। संतों का कहना है कि प्रतिवर्ष मेले में व्यवस्थायें कम होती जा रही हैं।



आवास का ताला तुड़वाते एसीएमओ

# एसीएमओ ने सरकारी आवास को कराया कब्जा मुक्त

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रभारी चिकित्साधिकारी शमसाबाद की शिकायत पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ताला तुड़वाकर आवास को कब्जा मुक्त कराया। जानकारी के अनुसार इसे स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों की लापरवाही कहें तो ज्यादा बेहतर होगा, क्योंकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद के पूर्व चिकित्सक डॉक्टर शिव प्रसाद का दो वर्ष पूर्व दूसरे जनपद में स्थानांतरण हो गया था। स्थानांतरण के बावजूद भी उनका यहां सरकारी आवास पर कब्जा था। बताते हैं सरकारी आवास जिसमें पूर्व चिकित्सक निवास कर रहे थे। स्थानांतरण के बाद ताला लगा था। वहीं चार्ज लेने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को सरकारी आवासों के लिए भटकना पड़ रहा था। मजबूरन उन्हें किराए के मकानों में रहना पड़ रहा था। बताते हैं प्रभारी चिकित्साधिकारी शमशाबाद डॉक्टर सरबर इकबाल द्वारा उच्च अधिकारियों से शिकायत कर सरकारी आवास जिसे कब्जा मुक्त कराई जाने की मांग की थी। आखिरकार प्रभारी चिकित्साधिकारी शमशाबाद की मेहनत रंग लाई। सोमवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी टीम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद पहुंचे तथा मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल की। जिस आवास पर पूर्व चिकित्सक का कब्जा था का ताला तुड़वाकर आवास की जिम्मेदारी प्रभारी चिकित्साधिकारी को सौंप दी गयी।

# उधरनपुर लीलापुर के कोटेदार का अनुबन्ध पत्र निलंबित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक प्रत्येक राशन कार्डधारक के राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य जो यूनिट के रुप में दर्ज हो की ईकेवाईसी उचित दर विक्रेताओं द्वारा की जानी हैं। उचित दर विक्रेता जगदीश सिंह ग्राम पंचायत उधरनपुर लीलापुर विकास खण्ड राजेपुर तहसील अमृतपुर को ईकेवाईसी के प्रतिशत में वृद्धि करने हेतु पूर्व में जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव के द्वारा कई बार चेतावनी नोटिस जारी किये गये। इसके साथ ही पूर्ति निरीक्षक अमृतपुर अमित चौधरी के व्हाट्सअप पर जगदीश सिंह के पुत्र राहुल सिंह राठौर के द्वारा धमकी दी गई। कार्यालय उपजिलाधिकारी अमृतपुर के पत्र पत्रांक 484 दिनांक 20 दिसम्बर 2024 को उचित दर विक्रेता को कई बिन्दुओं पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। विक्रेता जगदीश सिंह के द्वारा न तो ईकेवाईसी में कोई संतोषजनक प्रगति की गई और न ही जारी किये गये कारण बताओ नोटिस के किसी बिन्दु का संतोषजनक उत्तर दिया गया। इसके साथ साथ विक्रेता के द्वारा उत्तर के साथ कोई भी अभिलेखीय साक्ष्य संलग्न नहीं किया गया। दिनांक 19.01.2025 तक कार्डधारको की ईकेवाईसी करने में जनपद फर्रुखाबाद में विक्रेताओं द्वारा की गई ईकेवाईसी का औसत लगभग 70 प्रतिशत है। किन्तु उचित दर विक्रेता जगदीश सिंह के द्वारा ईकेवाईसी में जनपद एवं तहसील के औसत से भी कम है। शासन की मंशानुरूप कार्य न करने के कारण विक्रेता की दुकान के अनुबंध पत्र को निलंबन करने की संस्तुति के साथ पत्रावली जिलाधिकारी को प्रेषित की गई। जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त जगदीश सिंह उचित दर विक्रेता ग्राम पंचायत ऊधरनपुर लीलापुर का अनुबंध पत्र निलंबित किया जाता है।

# मेले के स्वास्थ्य कैंप में मरीजों ने कराया परीक्षण, लीं दवायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



संत का ब्लडप्रेशर चेक करते चिकित्सक

मेला रामनगरिया में स्वास्थ्य कैंप लगाकर कल्पवासियों को दवायें वितरित की गयीं। इस दौरान खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज ज्यादा पहुंचे। जिन्होंने चेकअप करवाकर दवायें लीं।

जानकारी के अनुसार मेला रामनगरिया में सोमवार को स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। फार्मासिस्ट दीपक राजपूत, राजेश सपोर्टेड स्टाफ, एएनएम जया द्विवेदी ने कैंप में आये मरीजों का परीक्षण किया। जिसमें ज्यादातर मरीज खांसी, जुकान, बुखार, बदन दर्द आदि के आये। जिन्हें दवायें वितरित की गयीं। तकरीबन सुबह से शाम तक 200 से 250 मरीजों को देखा गया और उन्हें उसी के अनुसार दवायें वितरित की गयीं। साथ ही कुछ गम्भीर रोगी भी पहुंचे। जिन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बताते चलें कि सर्दी के चलते कल्पवासियों को दिक्कतें हो रही हैं। मरीजों में शिवदयाल, हरिओम, संतराम, शिवकुमार, मुन्नी देवी, विमला देवी, राधारानी, शान्ती आदि का का चेकअप कर दवायें दी गयीं। वहीं संतों ने अपना ब्लडप्रेशर आदि का चेकअप भी करवाया। इस दौरान चिकित्सकों ने सर्दी के मौसम को देखते हुए विशेष एतियात बरतने की सलाह दी। इस दौरान पुष्पेंद्र सिंह, फार्मासिस्ट पंकज कुमार, सपोर्टिंग स्टाफ रामकिशोर, वालंटियर प्रबल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# थाने से चंद कदमों की दूरी पर तीन घरों से लाखों की चोरी

कंपिल, समृद्धि न्यूज।



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

पुलिस सर्दी में ठंडी होती दिख रही है। जिसका फायदा चोर उठाने लगे हैं। नगर में चोरों की धमाचौकड़ी से नगरवासियों की नींद उड़ी हुई है।

रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि शातिर चोरों ने थाने से कुछ दूरी पर स्थित घरों को निशाना बनाया। चोर तीन घरों के ताले तोड़कर 12 लाख की कीमत के सोने चाँदी के आभूषण व नगदी समेत 15 लाख की चोरी कर ले गये। पीड़ित की सूचना पर लेट पहुँची पुलिस ने डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाना भी उचित नहीं समझा। पुलिसकर्मी खानापूर्ति कर वापस लौट गए। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया है। रविवार रात चोरों थाने के पीछे मोहल्ला माझगाँव पश्चिम निवासी रामलखन दुबे के घर का ताला तोड़कर चोर अंदर प्रवेश कर गये। कमरे में रखी अलमारी और बक्शे का ताला तोड़कर सोने व चाँदी के आभूषण और 1 लाख 45 हजार की नगदी पार कर दी। रामलखन दुबे रविवार शाम को ही शिक्षक पुत्र रजनीकांत दुबे के साथ अपना इलाज कराने पड़ोसी जनपद एटा गये थे। सुबह पड़ोसियों को घर का ताला टूटा मिला। जिसकी सूचना उन्होंने मकान मालिक को दी। रजनीकांत दुबे तत्काल घर पहुँचे। उन्होंने घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। सूचना के बाद काफी विलंब से पुलिस घटनास्थल पर पहुँची और खानापूर्ति के बाद चली गई। उन्होंने चोरी की बड़ी वारदात की जानकारी देना उच्चाधिकारियों को मुनासिफनहीं समझा। उधर इसी मोहल्ले के रामसिंह के बंद घर के ताले तोड़कर बदमाशों ने जेवर व नगदी चुरा ली। रामसिंह घर में ताला डालकर अपनी दवाई लेने 15 दिन पूर्व दिल्ली गये थे। रामसिंह के भतीजे अजय राठौर ने मामले की सूचना थाने व रामसिंह को दी।

पुलिस ने मौके पर जाँच पड़ताल की। तीसरी चोरी माझगाँव पूर्व निवासी पप्पू के दूसरे बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घुस गये। 15 हजार की नगदी, पीतल के वर्तन, जेवर चोरी कर फरार हो गये। सुबह पप्पू को चोरी की जानकारी हुई। जानकारों ने बताया कि पहली बार माझगाँव में एक साथ तीन चोरी की घटनाएं हुई है। पूर्व में इस प्रकार की कोई घटना नहीं घटी है। पुलिस की लचर कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गए है। लोगों का कहना है कि पुलिसकर्मी रात 9 बजे के बाद नगर में कम ही दिखाई देते है। थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्या ने बताया की घटनाओं की जाँच की जा रही है। अतिशीघ्र मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# ई-रिक्शा पलटने से चालक की मौत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



ई-रिक्शा पलटने से चालक की मौके पर मौत हो गयी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव उम्मरपुर निवासी राजेश पुत्र वीरेंद्र सक्सेना जो की ई-रिक्शा चलाने का कार्य करते थे। सोमवार दोपहर 2.00 बजे मंझना रेलवे स्टेशन पर सवारी लेने के लिए अपना ई-रिक्शा लेकर गए थे। वहां सवारी न मिलने के कारण वह वापस लौट रहे थे, तभी नवाबगंज थाना क्षेत्र के मंझना रोड पर निकट कोल्ड स्टोरेज के पास अचानक ई-रिक्शा पलट गया। जिससे 50 वर्षीय राजेश पुत्र वीरेंद्र सिंह की ई-रिक्शा पलटने से मौके पर ही मौत हो गयी। आसपास मौजूद दुकानदारों तथा राहगीरों ने थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे हलका इंचार्ज दरोगा इंद्रजीत सिंह, कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर मृतक की पत्नी इंदिरा देवी, पुत्र दीपेश कुमार तथा पुत्री हर्षित कुमार तथा मृतक के भाई प्रेम किशोर, संजय कुमार आदि परिजन मौके पर पहुंचे तथा मृतक की पत्नी इंदिरा देवी, पुत्री हर्षिता, पुत्र देवेश का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। वहीं हलका इंचार्ज दरोगा इंद्रजीत सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा।

# अधिवक्ता ने डीएम को पत्र सौंपकर की पक्का बांध बनवाने की मांग

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा कटरी क्षेत्र में दर्जनों गांवों तथा सैकड़ो किसानों की हजारों बीघा फसलों को विनाशकारी बाढ़ से बचाने के लिए अधिवक्ता ने डीएम को पत्र सौंपकर पक्का बांध बनवाये जाने की मांग की।


डीएम को पत्र सौंपते अधिवक्ता व ग्रामीण

ढाई घाट शमशाबाद की गंगा नदी जिसकी परधि में लगभग सैकड़ों गांव जो हर वर्ष गंगा में आने वाली विनाशकारी बाढ़ में बर्बाद हो जाते है। गांव के गांव जलमग्न हो जाते है। आने-जाने वाले रास्ते भी बंद हो जाते है। हजारों बीघा फसलें भी जलमग्न होकर बर्बाद हो जाती है। किसानों को हर वर्ष बाढ़ की तबाही में हजारों लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है। गांव गुटैटी दक्षिण निवासी अधिवक्ता विमलेश कुमार ने सोमवार को समाधान दिवस कायमगंज में जिलाधिकारी को पत्र पत्र सौंपा। जिसमें कहा कि गंगा कटरी क्षेत्र के दर्जनों गांव जो हर वर्ष बाढ़ की तबाही में बर्बाद हो हो जाते हैं। यहां तक की ग्रामीण क्षेत्र के किसानों की हजारों बीघा फसले भी बाढ़ की चपेट में आने से बर्बाद हो जाती सड़कों पर भी आवागमन लगभग ठप्प हो जाता है। विनाशकारी बाढ़ के कारण गंगा कटरी क्षेत्र के अधिकांश किसान आर्थिक तंगी के शिकार है, बच्चों को अच्छे स्कूलों में पढ़ा नहीं पाते हैं कही न कही आर्थिक तंगी आड़े आ जाती। शिकायती पत्र में यह भी कहा गया तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा मौजा गंगलई की गाटा संख्या 05 में पुलिया का निर्माण तथा ढाई घाट पक्के पुल से समौचीपुर चितार, पैलानी दक्षिण, होते हुए मुंशी नगला, भगवानपुर तक पक्का बांध बनवाये जाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

ढाई घाट से जलालाबाद संपर्क मार्ग पर मौजा गंगलई के गाटा संख्या 05 में पक्की पुलिया निर्माण तथा ढाई घाट पुल से मौजा सुलेमपुर होते हुए समुचीपुर चितार पैलानी दक्षिण बांसखेड़ा तथा भगवानपुर ग्राम पंचायत के मुंशी नगला तक पक्के बांध का निर्माण कराया जाए तो कटरी क्षेत्र के सैकड़ो गरीब मजदूर किसानों की बर्बादी रुक सकती है। अधिवक्ता ने पुलिया निर्माण के साथ पक्का बांध बनवाए जाने की मांग की।

# रोजगार मेले में 23 अभ्यार्थियों का जॉब हेतु हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर सोमवार को अप्रेंटिसशिप मेले का प्रधानाचार्य राजवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजन हुआ। मेले में 5 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 110 रिक्तियों के सापेक्ष 46 अभ्यार्थियों ने भाग लिया। विभिन्ना कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यार्थियों का साक्षात्कार कर 11 अभ्यार्थियों का चयन अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु किया।


प्रमाण पत्र के साथ मौजूद अभ्यार्थी

साथ ही 23 अभ्यार्थियों का जॉब हेतु चयन किया गया। मेले की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने कहा कि विद्यालय द्वारा समय-समय पर शासनादेश के नियमों के अनुसार अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन होता है। अभ्यार्थी मन लगाकर पढ़े और ट्रेड में अच्छे नम्बर लाये। जिससे उन्हें रोजगार परक बनने में आसानी मिले। सभी युवा पढ़ाई पर ध्यान दें और अपने परिवार का नाम रोशन करें। इस मौके पर कार्यदेशक बृजेश कुमार, अप्रेंटिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा व सत्संग ये दो राष्ट्र के मूलभूत आधार स्तम्भः आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रातःकाल अन्नप्राशन संस्कार के साथ विशाल यज्ञ किया गया। आर्य परिवारों के बालकों का अन्नप्राशन किया गया। साथ ही सन्तान के निर्माण में संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। यजमान प्रत्यूष आर्य ने अपने परिजनों सहित यज्ञ में आहुतियां प्रदान कर विद्वानों का आशीर्वाद लिया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि मनुष्य जीवन की उन्नति के दो ही प्रकार हैं-शिक्षा और सत्संग। नैमित्तिक ज्ञान के बिना मनुष्य की उन्नति नहीं हो सकती, इसलिए ईश्वर ने सृष्टि के आदि में मनुष्य मात्र के कल्याण के लिए वेदों का ज्ञान दिया। शिक्षा और सत्संग ही हमारे परिवार, समाज और राष्ट्र की दशा और दिशा निश्चित करते हैं। जैसी शिक्षा व्यवस्था हमारे समाज में होगी वैसा ही समाज का निर्माण होगा। शिक्षा और सत्संग ये दो राष्ट के मूलभूत आधार स्तम्भ हैं। आचार्य ने बताया कि जिसके संग से सत्य की अच्छे प्रकार से प्राप्ति हो, उसे सत्संग कहते हैं। सत्यवादी व्यक्ति का शत्रु भी विश्वास करते हैं और मिथ्यावादी व्यक्ति का अपने भी विश्वास नहीं करते। प्रत्येक मनुष्य को सत्य का ही व्यवहार करना चाहिए। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने सत्संग की गंगा में जो नित्य नहाते हैं, पापी से पापी भी पावन बन जाते हैं।


हवन में आहूतियां देते कल्पवासी

भजन के माध्यम से बताया कि सत्संग रूपी साबुन से व्यक्ति का मन पवित्र बनता है। सभा मे पंडित शिवनारायण आर्य, पंडित धनीराम बेधड़क ने अपने मधुर भजनों के माध्यम से सन्मार्ग में चलने की प्रेरणा दी। कु0 उदिता आर्या ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वामी महेन्द्रानंद ने सभा का संचालन किया। सभा में आचार्य ओमदेव, उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार दीक्षित की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने बैकों में लम्बित आवेदनों को प्रत्येक दशा में दो कार्य दिवस के भीतर निस्तारित करने हेतु जिला समन्यवकों को निर्देशित किया। विभागों को आवंटित लक्ष्यों की समीक्षा की गई। जिसमें डूडा ने 50 के सापेक्ष ४१, कौशल विकास मिशन ने 200 के सापेक्ष 30, आरसेटी ने 100 के सापेक्ष 30, उद्योग विभाग ने 200 के सापेक्ष 67 आवेदन कराने गये। 10 राजकीय पॉलीटेक्निक द्वारा कोई भी आवेदन नहीं कराने पर नोटिस जारी करने को निर्देशित किया। साथ ही कौशल विकास मिशन एवं अन्य विभाग को लक्ष्य पूर्ति करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग इत्यादि उपस्थिति रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने लाभार्थियों को वितरित किये कम्बल व प्रमाण पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 21, पुलिस की 38, विकास विभाग की 12, विद्युत विभाग की 25, आपूर्ति 03 व अन्य विभागों की 17, कुल 116 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से 14 का मौके पर निस्तारण किया गया।


कम्बल वितरित करते जिलाधिकारी

डीएम ने प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संवंधित अधिकारियो को दिये गए। विधायक कायमगंज व जिलाधिकारी ने 25 लाभार्थियों को कंबल, 10 लाभार्थियों को घरौनी, 10 को राशनकार्ड, 04 लाभार्थियों को विरासत प्रमाण पत्र व 02 को संशोधन प्रमाणपत्र प्रदान किये। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी कायमगंज व

**▸ आयी शिकायतों 116 शिकायतों में 14 का मौके पर किया गया निस्तारण**

क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा, तहसीलदार विक्रम सिंह नायब तहसीलदार मनीष वर्मा, कायमगंज चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कम्पिल थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, शमशाबाद थानाध्यक्ष तरुण कुमार, नवाबगंज थानाध्यक्ष विद्या सागर तिवारी, मेरापुर थानाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हत्या के मामले में दो पर दोषसिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्ध न्यूज।** हत्या के मामले में विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त लालाराम व तेजराम उर्फ तेजा को दोषी करार दिया। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए २४ जनवरी की तिथि नियत की गई है। वर्ष १९९९ में रामजी पाल जनपद कन्नौज ने मुकदमा दर्ज कराया था। अभियुक्त लालारम पुत्र फूल सहाय निवासी खिदिरपुर बाग थाना कन्नौज, तेजराम उर्फ तेजा पुत्र चुन्ना निवासी मो0 रानीचाह कन्नौज, अवधेश पुत्र फूल सहाय, गिरन्द पुत्र फूल सहाय द्वारा पंचम लाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पंचम लाल की दोनाली बंदूक व कारतूस की पेटी लूट ली गई थी तथा जान से मारने की नियत से मेरे ऊपर फायर किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। मुकदमाविचारण के दौरान गिरंद व अवधेश की मौत हो चुकी है। साक्ष्य व गवाहों के आधार पर विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त लालाराम व तेजराम उर्फ तेजा को धारा 397, 302, 504, 506, 307 के आरोप में दोषी करार दिया। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए 24 जनवरी की तिथि नियत की गई है।

# युवा महोत्सव समिति ने विजेताओं को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

21वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव 2 जनवरी से 16 जनवरी तक आयोजित हुआ। विभिन्न प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई थी। जिसके तहत सोमवार को समिति के सभागार में विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही मीडिया कर्मी भी सम्मानित हुए।


कार्यक्रम में मौजूद युवा महोत्सव के विजेता व अतिथि

कार्यक्रम में मिस, मिस्टर, मिसेज फर्रुखाबाद सहित कानपुर रीजन, उत्तर प्रदेश विजेता को सम्मानित किया गया। अतिथि के रुप में पधारे डॉ0 प्रशांत श्रीवास्तव एवं डॉ. शिवानी शुक्ला ने मिस फर्रुखाबाद रिया सिन्हा, मिस फर्रुखाबाद प्रिंसेस शिल्पी सिंह, मिसेज फर्रुखाबाद मिसेज कंचन खर्कवाल, मिस्टर फर्रुखाबाद रॉयल अग्निहोत्री, मिस्टर फर्रुखाबाद प्रिंस लक्ष्य कश्यप, मिस्टर ग्रैंड फर्रुखाबाद अर्जुन दुबे, मिस्टर कानपुर रीजन अभय तिवारी, मिस्टर प्रिंस कानपुर रीजन अभिषेक कटियार, मिस्टर उत्तर प्रदेश ऋतम कुलश्रेष्ठ का माल्यार्पण व उपहार देकर सम्मानित किया। डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को निरंतर क्रियाशील रहना चाहिए। समिति अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने कहा कि युवा समाज उपयोगी कार्यों से जुड़े, कार्यक्रम प्रभारी हर्ष दुबे ने विजेताओं को वार्षिक कार्य योजना की जानकारी दी। डॉ0 कृष्णकांत अक्षर ने काव्य पाठ करके युवाओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम संचालन हर्षित मिश्रा ने किया। वीरेंद्र त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व मिस फर्रुखाबाद मुस्कान ने डॉ. शिवानी शुक्ला का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समिति अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने एवं् कार्यक्रम प्रभारी डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं उत्तर प्रदेश रत्न सम्मान प्रदान किया गया।

# सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जागरुक कर दिलायी शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत संविलयन कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला पजाबा याकूतगंज में सड़क सुरक्षा शपथ का आयोजन किया गया।


सड़क सुरक्षा की शपथ देते शिक्षक व विद्यार्थी

एसआरजी यदुराज सिंह पाल द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा, स्काउट मास्टर वैभव सोमवंशी, जितेंद्र सिंह, साधना सिंह, रागनी भारद्वाज, वंदना, मीनू यादव आदि ने यातायात नियमों की जानकारी दी। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने विद्यार्थियों को अपने-अपने घरों में बाइक चलाने वालों को बाइक समय हेलमेट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित कहा। 1 जनवरी से 31 जनवरी के मध्य सड़क सुरक्षा माह चल रहा है। जिसमें पूरे महीने जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा के उपरांत अध्यापकों को सड़क सुरक्षा शपथ कराए जाने की निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए हैं।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी कराया जाएगा। जिसमें निबंध प्रतियोगिता, प्रश्न मंच प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन विद्यार्थियों के मध्य कराया जाएगा। कितने जनसाधारण के मध्य सामाजिक उत्पन्न की जा सके तथा लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके।

# सोमवार को आलू मण्डी में आमद बढ़ने के बाद भी बिक्री रही सुस्त


मण्डी में लगा आलू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आलू मण्डी सातनपुर में सोमवार को आमद लगभग 90 मोटर रही। भाव 1001 रुपये से 1101 रुपये कुंटल रहा। सुपर सिल्चर क्वालिटी का आलू 1151 रुपये कुंटल तक बिका। सोमवार को मण्डी में व्यापारी कम होने के कारण बिकवाली सुस्त रही। कुछ आलू किसान अपना आलू खेत में ही बेचने लगे है। व्यापारी लाभ कमाने के चलते खेतों में ही जाकर आलू की खरीददारी कर रहे है। आलू आढ़तियों ने कहा कि इस तरह से आलू बेचना व खरीदना दोनों गलत है।

किसी भी किसान का कोई पैसा नहीं मिल पाता है वह मण्डी में आढ़तियों के पास शिकायत न करें। जिस किसान का आलू आढ़ती द्वारा बेंचा जायेगा उसी किसान से पैसे दिलाने का जिम्मा आढ़ती का होता है। ऐसे में डायरेक्ट आलू बेंचने वाले किसान स्वयं जिम्मेदार होंगे। खेतों में डायरेक्ट आलू खरीददारी होने के कारण मण्डी में सोमवार को आलू की बिक्री सुस्त रही।

## पांचाल नगरी संस्था कार्यालय का उद्घाटन 22 जनवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला श्रीरामनगरिया में सेवा पांचाल नगरी संस्था के कार्यालय कैम्प का उद्घाटन 22 जनवरी दोपहर 12 बजे को डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी करेंगे। जिसकी अध्यक्षता दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास करेंगे। यह जानकारी राहुल वर्मा ने दी है।

# टीबी मुक्त अभियान के तहत दस मरीजों का किया गया परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय आजाद भवन में सभी रोगियों एवं उनके परिजनों को टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने परीक्षण कर दवाईयां वितरित की। डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने टीबी से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि ऐसे सभी व्यक्तियों को अपने बलगम की जांच करवाने की सलाह दी, जिनका वजन लगातार घटता जा रहा हो, रात में पसीने के साथ बुखार रहता हो, दो हफ्ते से ज्यादा वाली खांसी हो, शुगर के रोगी, तंबाकू शराब के आदी, टीबी के पुराने रोगी और उनके परिजनों को भी जांच कराने की सलाह दी। क्योंकि ये सभी व्यक्तियों को टीबी के इन्फेक्शन का खतरा सर्वाधिक रहता है। इन सभी व्यक्तियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कमजोर हो जाती है, ये बलगम की जांच सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क हो रही है और जांच में इन्फेक्शन की पुष्टि होने पर उसका संपूर्ण इलाज मुफ्त है। उन्होंने बताया कि कुल 10 संवेदनशील रोगियों को बलगम की जांच के लिए सिविल हॉस्पिटल लिंजीगंज भेजा गया है।


स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद मरीज

सभी रोगियों को बताया कि अपने देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। टीबी का इलाज सभी सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क है। टीबी रोगियों को उचित पोषण के लिए एक हजार रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता भी की जा रही है। इस मौके पर कक्ष सेवक रजत गंगवार व राजेश कुमार मौजूद रहे।


बैठक लेते सीओ मौजूद व्यापारी

## सीओ ने व्यापारियों के साथ बैठक कर सुनी समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस लाइन सभागार में सीओ रविंद्र नाथ रॉय की अध्यक्षता में व्यापारियों की जनवरी माह की पहली बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व युवा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने भाग लिया। युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल व जिला महामंत्री प्रबल महेश्वरी ने चाइनीज मांझे को प्रतिबंधित करने की मांग उठायी, साथ ही जो चाइनीज मांझा बेंचता पाया जाये उस पर कड़ी कार्यवाही की जाये। साथ ही मछली अड्डे पर सुलभ शौचालय होने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी व्यापारियों की बात सुनेगा, समस्या का निदान करेगा व्यापार मण्डल हमेशा उनका साथ देगा। इस मौके पर अर्पण अग्रवाल, डॉ0 कुलदीप सिंह, मुकेश गुप्ता, संदीप सक्सेना, राहुल श्रीवास्तव, किशन वर्मा, शिवम ठाकुर, सत्येंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्रीराम नगरिया में लगे पाण्डालों में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ। जिसमें कल्पवासी व साधु-संतों ने बढ़-चढ़कर कथा का रसपान किया। मेला क्षेत्र में अखाड़ा स्वामी रोहितानंद छोटू बाबा के पांडाल श्री बांकेबिहारी अन्न में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ। कथा वाचक आचार्य अनुज अग्निहोत्री व विश्वनाथ दीक्षित ने श्रीमद् भागवत सुनाई। कथाव्यास ने कथा सुनाते हुए कहा कि श्रृंगी अपने पिता ऋषि शमीक के आश्रम में अन्य ऋषिकुमारों के साथ रहकर अध्ययन कर रहे थे। एक दिन की बात है कि सब विद्यार्थी जंगल गए हुए थे और आश्रम में शमीक ऋषि समाधि में अकेले बैठे हुए थे, तभी अचानक वहां प्यास से व्याकुल राजा परीक्षित पहुंचे। वह प्यास से बहुत व्याकुल थे और आश्रम में पानी खोजने लगे। जब उन्हें कहीं से पानी नहीं मिला तो उन्होंने समाधि में बैठे शमीक ऋषि को प्रणाम कर विनम्रता से कहा-मुझे प्यास लगी है, कृपा मुझे पानी दीजिए। वहीं विश्वनाथ दीक्षित ने कथा सुनाते बताया कि राजा के दो-तीन बार कहने पर भी ऋषि ने उन्हें कोई जवाब नहीं दिया, उन्हें बहुत बुरा लगा और तो और उन्हें लगा कि ऋषि ध्यान का ढोंग कर रहे हैं। क्रोध में आकर राजा परीक्षित ने एक मरा सांप उठाकर ऋषि के गले में डाल दिया और वहां से चले गए, परंतु उन्हें आश्रम से जाते हुए एक ऋषि कुमार ने देख लिया और जाकर श्रृंगी को इसके बारे में खबर दी। सभी राजा के स्वागत के लिए आश्रम पहुंचे, परंतु जब तक सब पहुंचे, राजा वहां से जा चुके थे और ध्यान में बैठे शमीक ऋषि के गले में मरा सांप पड़ा था। ये देखकर ऋषि श्रृंगी को बहुत क्रोध आया और उन्होंने हाथ में पानी लेकर परीक्षित को श्राप दे दिया कि मेरे पिता का अपमान करने वाले राजा परीक्षित की मृत्यु आज से सातवें दिन नागराज तक्षक के काटने से होगी। इसके बाद ऋषिकुमारों ने ऋषि शमीक के गले से सांप निकाला, जिस बीच शमीक की समाधि टूट गई। शमीक ऋषि ने पूछा क्या बात है, तब श्रृंगी ने सारी बात बताई। शमीक बोले कि बेटा राजा परीक्षित के साधारण अपराध के लिए तुमने जो सर्पदंश से मृत्यु का भयंकर शाप दिया है, यह बहुत बुरा है। हमें यह शोभा नहीं देता, इसका मतलब ये है कि अभी तुझे ज्ञान प्राप्त नहीं हुआ। अब तू भगवान की शरण जा और अपने अपराध की क्षमा मांग। राजा परीक्षित को राजभवन पहुंचते-पहुंचते अपनी गलती का अहसास हो चुका था। थोड़ी देर बाद शमीक ऋषि का एक शिष्य राजा परीक्षित के पास पहुंचा और उसने कहा राजन, ब्रह्मसमाधि में लीन शमीक ऋषि की ओर से आपका उचित सत्कार नहीं हो पाया। जिसका उन्हें बहुत दुख है, किंतु आपने बिना सोचे-समझे जो मरे सांप को उनके गले में डाल दिया। इस कारण उनके पुत्र श्रृंगी ने आपको आज से सातवें दिन सांप काटने से मृत्यु का शाप दे दिया है, जो असत्य नहीं होगा। इसलिए आप मेरी बात मानें तो सात दिन तक अपना पूरा समय ईश्वर-चिंतन में लगाएं, ताकि आपको मोक्ष मिल सके, ये सुनकर राजा को संतोष हुआ कि मेरे द्वारा हुए अपराध के लिए मुझे उचित दंड मिलेगा। इसके बाद राजा परीक्षित व्यासपुत्र शुकदेव मुनि के पास पहुंचे और उन्हें भागवत कथा सुनाने के लिए कहा, शुकदेवजी ने परीक्षित को सात दिन भागवत-कथा सुनाई, तभी से श्रीमद् भागवत कथा सुनने की परंपरा प्रारंभ हुई थी। इस दौरान कल्पवासी व साधु-संत मौजूद रहे। वहीं संत डंडी स्वामी के पाण्डाल में भी श्रीमद् भागवत कथा का आचार्य राम मनोहर मिश्रा ने अपने मुखार बिन्दु से वर्णन किया। इस दौरान संत डंडी स्वामी, सुदामा आश्रम, बालेश्वर, श्वेताम्बर, मुंशीराम आदि मौजूद रहे।


कथा सुनाते आचार्य मौजूद कल्पवासी

# तहसील मड़िहान में 72 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर मात्र छह का निस्तारण

▸ डीएम व एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, आश्वासन

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर।** जिले के तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियों की जन समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 72 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 6 का मौके पर निस्तारण करते हुए, शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया गया कि प्रार्थना पत्रों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता व गुणवत्ता ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त हो रही शिकायतों का निस्तारण अधिकारी कार्यालय से ही न करके बल्कि मौके पर स्थलीय निरीक्षण करते हुए फोटोग्राफ के साथ आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस की 4 संयुक्त टीम गठित कर प्रार्थना पत्रो का निस्तारण आज सायं तक करने का निर्देश दिया। जनपद के अन्य तहसीलों में प्राप्त प्रार्थना पत्र यथा-तहसील चुनार में 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त 3 का निस्तारण, तहसील सदर में 112 प्रार्थना पत्र प्राप्त 17 का निस्तारण एवं तहसील लालगंज में 81 प्रार्थना पत्र प्राप्त 11 का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर मड़िहान में उप जिलाधिकारी मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीएल वर्मा, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार, तहसीलदार मड़िहान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## गायक मन्टू मिश्रा बने राष्ट्रीय सचिव सांस्कृतिक प्रकोष्ठ

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों को जोड़ना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में सुप्रसिद्ध गायक सन्तोष मिश्रा उर्फ मन्टू मिश्रा को समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष काशीनाथ यादव ने अपने संगठन में राष्ट्रीय सचिव का दायित्व सौंपा है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर आयोजित प्रेस वार्ता में नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव मन्टू मिश्रा ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अपने गायिकी के माध्यम से लोगों को पार्टी की नीतियों के अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यों का गुणगान जन-जन के बीच पहुंचाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो गायकों का सम्मान करती है। लगे हाथ उन्होंने भाजपा पर हमलावर होते हुये कहा कि भाजपा ने कभी भी गायकों का सम्मान नहीं किया है।

## वित्तीय अनियमितता के आरोप में प्रधानाध्यापक निलंबित

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** निचलौल तहसील क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय सड़कहवा के प्रधानाध्यापक पर पर वित्तीय अनियमितता और सूचना छिपाने के आरोप में निलंबन का आदेश जारी किया गया है। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिकायत और जांच के आधार पर कार्रवाई किया है।

निचलौल ब्लाक के ग्राम पंचायत रामनगर की शिकायतकर्ता द्वारा व जनसूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत 16 नवंबर 2024 को प्राथमिक विद्यालय सड़कहवा धमौली से छह बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। लेकिन समय सीमा के भीतर जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद उन्होंने आईजीआरएस संदर्भ संख्या 40018724020394 के तहत शिकायत दर्ज की। जिस पर खण्ड शिक्षा अधिकारी, निचलौल ने 24 दिसंबर 2024 को विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। पाया गया कि प्रधानाध्यापक द्वारा आवेदिका को अधूरी और भ्रामक जानकारी दी गई थी। प्रधानाध्यापक द्वारा 11 मई 2023 को चेक नंबर 23933 के माध्यम से 88,000 की धनराशि किसी अन्य खाते में हस्तांतरित की गई। ग्राम प्रधान द्वारा चेक पर हस्ताक्षर न करने के कारण 23,000 की राशि बच्चों के अभिभावकों के खाते में स्थानांतरित नहीं हो पाई। आवेदिका को धनराशि निकासी और हस्तांतरण का पूरा विवरण मांगे जाने के बावजूद उपलब्ध नहीं कराया गया। मामले में जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि आवेदिका द्वारा लगाए गए आरोप सत्य व सही है। प्रधानाध्यापक ने वित्तीय अनियमितताओं के साथ सूचना छिपाने का प्रयास किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महराजगंज ने मामले की गंभीरता लेते हुए प्रधानाध्यापक राजेश कुमार जायसवाल को निलंबित कर उन्हें प्राथमिक विद्यालय सोबड़ा टोला किशुनपुर से सम्बद्ध कर दिया है।

## सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आर एस ग्लोबल की छात्राओं को मिला दूसरा स्थान

**कुरावली (एसएनबी)।** राज्य स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में आर एस ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने मनमोहक नाटक प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया। छात्रों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्षेत्र के आर एस ग्लोबल स्कूल जीरौली बिछवां के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम मे प्रतिभाग लिया। प्रतिभागी छात्र छात्राओ ने नाटक मे भाग लिया। जिसमे उत्कृष्ट नाटकीय मंचन करते हुए द्वितीय स्थान पर विजेताओ मे दिव्यांशी व हिमांशी तथा काजल शगुन आये। विद्यालय छात्र व छात्राओं के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए निदेशक राजवर्धन सिंह चौहान ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य अंजनी पाण्डेय, अंजली तोमर, आरजू सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# साफ-सुथरे वातारवरण के संकल्प को पूरा करने में लगा अदाणी ग्रुप

समृद्धि न्यूज

**महाकुंभनगर।** पूरा देश महाकुंभ 2025 के रंग में रंगा है। आम इंसान हो या सिलेब्रिटी सब कम से कम एक दिन के लिए महाकुंभ 2025 में आने का मौका खोज रहे हैं। कुछ बिजनेस ग्रुप इस मौके को आध्यात्मिक संकल्प के तौर पर देख रहे हैं। महाकुंभ 2025 में अदाणी ग्रुप भी इस्कॉन के साथ मिलकर ऐसे ही आध्यात्मिक संकल्प को पूरा कर रहा है।

ग्रीन एनर्जी के लिए देश और दुनिया भर में अदाणी ग्रुप का नाम जाना जाता है। महाकुंभ के मौके पर अदाणी ना सिर्फ अध्यात्मिक बल्कि ग्रीन एनर्जी और साफ-सुथरे वातारवरण के संकल्प को पूरा करने में भी लगा है। अदाणी द्वारा महाकुंभ मेले में प्रतिदिन 1 लाख लोगों को महाप्रसाद के वितरण का कार्यक्रम पूरी तरह से ग्रीन एंड क्लीन के मंत्र से चल रहा है।



महाकुंभ्स में प्रतिदिन एक लाख लोगों को महाप्रसाद के वितरण का कार्यक्रम ग्रीन एंड क्लीन के मंत्र से चल रहा

महाकुंभ में अदाणी-इस्कॉन के महाप्रसाद वितरण की पहल को लोकल दुकानदारों की भागीदारी से ही पूर्ण किया जा रहा है। लाखों लोगों के लिए प्रतिदिन खाना बनाने के लिए सब्जियों की खरीदारी पूरी तरह से लोकल दुकानदारों से की जाती है। हर रोज एक रसोई में 150 क्विंटल सब्जी की खपत होती है। पूरी महाकुंभ सिटी में इस तरह से 3 विशाल रसोई बनाए गए हैं। इस लिहाज से प्रतिदिन लोकल दुकानदारों से 450 क्विंटल सब्जी की खरीदारी होती है।

# पिता की पुण्यतिथि पर समाजसेवी ने 210 गरीबों में बांटे कंबल



समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत बंजारी कला गांव में सोमवार को समाज सेवी सपत्नी ग्राम प्रधान बेटी तथा बेटे के साथ पिता की तीसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर 210 गरीबों में कंबल के साथ मिष्ठान वितरित किए।

हलिया विकास खंड के बंजारी कला गांव में समाजसेवी संजय सिंह पत्नी ग्राम प्रधान ज्योति सिंह बेटा उज्जवल प्रताप सिंह तथा बेटी यशस्वी के साथ पिता लोकेंद्र प्रताप सिंह की 30वीं पूर्ण तिथि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 210 निरीह गरीबों निराश्रितों में कंबल वितरण कर पूर्ण का काम किए हैं।समाजसेवी संजय सिंह ने कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीब और असहाय लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या ठंड से बचाव की होती है। ऐसे में जरूरतमंदों को पिता की पुण्यतिथि पर राहत देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान नीरज सिंह, विनीत सिंह, तौलन शर्मा, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

## सीखड़ मे हुआ एक हजार कम्बल वितरण



**सीखड़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** श्री केदारनाथ इंद्रावती देवी सत्य प्रकाश अमित कुमार के स्मृति में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि एमएलसी श्याम नारायण सिंह रहे। कार्यक्रम में 1000 लोगों को कंबल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि श्याम नारायण सिंह ने कहा कि गरीबों को कंबल बांटना पुण्य का काम है। कंबल वितरण कार्यक्रम एक ऐसा का आयोजन है जो जरूरत मंदों को ठंड के प्रकोप से बचाने में मददगार होता है। ऐसे आयोजनों में सभी समाज के लोगों को अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशुतोष मिश्र ने किया। संचालन अखिलेश त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य के के सिंह, खंड विकास अधिकारी शशिकांत पांडेय, कृपा शंकर चतुर्वेदी, महिमा द्विवेदी, मुकेश पाण्डेय, सतीश उपाध्याय, ओमप्रकाश दुबे, हीरालाल मिश्रा, ताड़केश्वर मिश्रा, नागेंद्र तिवारी, शीतलेश्वर पाठक सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम आयोजक प्रधान अश्विनी मिश्रा ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डॉ. दीप नारायण को मिला युवा शक्ति सम्मान



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विषय के सहायक प्रोफेसर डॉ. दीप नारायण को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश काशी महानगर इकाई द्वारा शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा कार्य हेतु युवा शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ काशी महानगर इकाई द्वारा कर्तव्यबोध पखवारा-2025 के अन्तर्गत यह सम्मान समारोह शेपा संस्थान, वाराणसी में आयोजित किया गया। समारोह के अध्यक्ष प्रोफेसर पृथ्वीश नाग, निदेशक शेपा, मुख्य अतिथि प्रोफेसर आनन्द कुमार त्यागी, कुलपति, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर संजीव कुमार, कुलपति, महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के कर कमलों से सम्मान प्रदान किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला, समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने डॉ0 दीप नारायण को इस सम्मान हेतु बधाई दी।

# नि:शुल्क कथक नृत्य कार्यशाला का समापन

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर।** पाल्क संस्था द्वारा विंटर विकेशन में आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं को निःशुल्क कथक नृत्य का प्रशिक्षण लालडिग्गी स्तिथ संस्था के शाखा पर किया गया। जिसमें 40 बालिकाओं ने भाग लिया, कथक नृत्य के समापन समारोह कार्यक्रम में इंडियन डेंटिस्ट एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ रश्मि बरनवाल, सदस्य डॉ सुरभि कसेरा, समाजसेवी मुक्ति रैदानी ने नटराज के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

बच्चों द्वारा कथक के माध्यम से गणेश वंदना व अन्य कथक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखायी जिसके बाद संस्था ने यह निर्णय लिया कि बच्चों को आगे भी निःशुल्क रूप से कथक में आगे बढ़ने के लिए सहयोग करती रहेगी क्योंकि व्यवस्था के अभाव में बालिकाओं ने इतनी अच्छी प्रस्तुति दी यदि इनको व्यवस्था मिले तो यह जीवन में बहुत आगे जाये। सभी बालिकाओं को पुरस्कृत कर डेंटल के क्षेत्र में हर संभव मदद का वादा किया, साथ ही संस्था की ओर से रिया रैदानी ने कथक कलाकार शिवांगी उमर को सम्मानित करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने निःशुल्क रूप से बच्चों को कथक सिखाया। कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ अमित केशरवानी व अमित सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था की ओर से मंशा कुमारी, पूर्णिमा गुप्ता, कुमारी महिमा, अंशिता मिश्रा, अदिति सेठ, यशवी सेठ, उन्नति वर्मा, आर्य मोदनवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार संस्था की अध्यक्ष अर्चना खंडेलवाल ने किया।

## पीड़ित ने गुमशुदगी की थाने में दी तहरीर

**किशनी (एसएनबी), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव खि़दरपुर निवासी होशियार सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह शाक्य ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि विदा करने उनके साथ शादी कराने के लिए दीपमाला उम्र करीब 32 वर्ष 7 में हुए उनके घर आई थी। उनके न होने पर दीपमाला दिनांक 30 दिसंबर 2024 दिन के करीब 11रू30 बजे घर से चली गई और 20000 व घर में रखें सभी जेवरात अपने साथ ले गई है। पीड़ित ने पुलिस से गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग की है।

# सभी को मिले जन-कल्याणकारी योजना का लाभ

समृद्धि न्यूज



**मैनपुरी (एसएनबी)।** समाधान दिवस के अवसर पर तहसील कुरावली में जन शिकायतें सुनने के दौरान जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह के सम्मुख जब जुन्हैसा नि. रेखा, नगला सुम्मेर नि. प्रमिला एवं साधना देवी ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्रों के माध्यम से बताया कि पात्र होने के बावजूद उनके बच्चों को उ.प्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, शिकायतकर्ताओं ने अपने प्रार्थना पत्रों के माध्यम से बताया कि कई बार प्रोबेशन कार्यालय के चक्कर भी लगाए लेकिन प्रोबेशन कार्यालय द्वारा कोई सहयोग नहीं किया गया।

02-03 बार तो कार्यालय में कोई भी कर्मी उपस्थित नहीं मिला, जिस पर जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल जिला प्रोबेशन अधिकारी से जानकारी करना चाही लेकिन वह संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद नहीं थे, जिस पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से जिला प्रोबेशन अधिकारी का वेतन रोके जाने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की जन-कल्याणकारी, लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, संबंधित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें कि योजना का लाभ पाने के लिए प्राप्त आवेदन किसी भी स्तर पर लंबित न रहें, संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी मान आवेदन पत्रों पर औपचारिकताएं पूर्ण कराकर तत्काल पात्र होने की दशा में योजना में लाभान्वित कराना सुनिश्चित करे।सिंह ने कहा कि अनाधिकृत कब्जों के प्रकरण में राजस्व, पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर समस्या का निदान कराएं, दोनों पक्षों की मौजूदगी में अनाधिकृत कब्जा हटवाकर पात्र व्यक्ति को कब्जा दिलाया जाए, गरीब, कमजोर व्यक्ति की भूमि पर भी कोई दबंग काबिज न रहे, भूमि पर अनाधिकृत कब्जा करने वालों विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाये, अधिकारी जन शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में करें, निस्तारण में गुणवत्तापरक का विशेष ध्यान रखा जाये, शिकायत के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से वार्ता करने व उसके संतुष्ट होने के उपरांत ही निस्तारण आख्या अपलोड की जाये, जिन शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण संभव न हो तो टिप्पणी अंकित कर वापस की जाये।

किसी भी दशा में शिकायती प्रार्थना पत्र को कार्यालय में लंबित न रखा जाये।इस दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.सी. गुप्ता, उप जिलाधिकारी आर.एन. वर्मा, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, परियोजना निदेशक सतेंद्र कुमार, उप कृषि निदेशक नरेंद्र त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारी, अग्रणी जिला प्रबंधक रामचंद्र शाहा, जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूर्य प्रताप सिंह, अधिशाषी अभियंता जल निगम अंकित यादव, जिला रोजगार सहायता अधिकारी विकास मिश्रा सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## अनियमितता के आरोप में सचिव को नोटिस जारी

**महराजगंज ।** शासन द्वारा भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जारी की गई गाइडलाइनों की ग्राम पंचायतों में खुलेआम अनदेखी की जा रही है। मिठौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत खोस्टा में जून 2024 से दिसंबर 2024 के बीच करीब ?64,21,591 का भुगतान बिना बिल-बाउचर पोर्टल पर अपलोड किए कर दिया गया। आरोप है कि बिल-बाउचर के स्थान पर सादे पन्ने अपलोड कर शासन को गुमराह किया गया। इतना ही नहीं, 10 दिसंबर 2024 को नहर के पास हैंडपंप रीबोर के नाम पर ?30,000 का भुगतान किया गया, जबकि पोर्टल पर ?30,140 का बिल-बाउचर अपलोड किया गया। परफॉर्मेंस ग्रांट की धनराशि का भी कथित रूप से बंदरबांट किया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड बिलों पर जीएसटी का उल्लेख नहीं है। वहीं, हैंडपंप रीबोर के लिए जो लोकेशन फीड की गई है, वह खोस्टा से 35 किलोमीटर दूर फरेंदा रोड का है। खंड विकास अधिकारी ने मामले में अनभिज्ञता जताते हुए जांच कराने की बात कही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने शासन की गाइडलाइनों की अनदेखी और करोड़ों रुपये की हेराफेरी की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

# सी.एम. डैशबोर्ड पर जनपद की रैंक में निरंतर गिरावट, डीएम नाराज

समृद्धि न्यूज

▸ सीएम की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की हुई मासिक समीक्षा

**मैनपुरी (एसएनबी)।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने सी.एम. डैशबोर्ड, मुख्यमंत्री के प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ विभागों की संचालित योजनाओं की खराब प्रगति के कारण सी.एम. डैशबोर्ड पर जनपद की रैंक में निरंतर गिरावट आ रही है, सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, अनुसूचित जाति के पूर्वदशम् दशमोत्तर छात्रवृत्ति, बाल विकास परियोजना, जल जीवन मिशन ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के भवन, सड़क निर्माण, फैमिली आई.डी., स्वच्छ भारत मिशन फेस-2, लोक निर्माण विभाग के सेतु, नई सड़कों का निर्माण, सड़कों के अनुरक्षण, एंबुलेंस संचालन की प्रगति निराशाजनक है, संबंधित अधिकारी माह के अंत तक प्रगति सुधारें अन्यथा उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही होगी।

उन्होने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि पोषण अभियान में जनपद 75वीं, पर्यावरण में 62 वीं, एंबुलेंस संचालन में 49वीं, दुग्ध विकास में 46वीं, निराश्रित गोवंश संरक्षण, मुख्यमंत्री गौधन सहभागिता योजना में 29वीं रैंक, विद्युत आपूर्ति ग्रामीण में 25वीं रैंक पर है जबकि माह दिसम्बर में लोक निर्माण विभाग की सड़क अनुरक्षण में 10 में से 03, सेतु निर्माण में 10 में से 05, नयी सड़क निर्माण में 10 में से 04, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा की सड़क निर्माण में 10 में से 05 एवं भवन निर्माण में 10 में से 04 अंक प्राप्त हुये हैं, जिस कारण प्रदेश में जनपद की रैंक खराब हुयी है।

मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने कार्यदायी संस्था के अभियंताओं से कहा कि जनपद में जो भी निर्माणाधीन कार्य संचालित हैं, उनकी समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें, 05 करोड़ से अधिक की लागत की परियोजना हेतु नामित नोडल अधिकारी समय-समय पर परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता देखें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कार्यदायी संस्था सी.एन.डी.एस., यू.पी.पी.सी.एल. के कार्यों की धीमी प्रगति पर संस्था के परियोजना प्रबंधकों को निर्देशित किया कि लेबर बढ़ाकर तत्काल निर्माणाधीन परियोजनाओं को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# खबरें एक नजर में

## महाकुंभ में पुण्य के भागी बनेंगे गौतम अदाणी



**महाकुंभनगर, समृद्धि न्यूज।** दुनिया के जाने माने उद्योगति गौतम अदाणी मंगलवार को महाकुंभ में पुण्य के भागी बनेंगे। वह महाकुंभ 2025 के मौके पर प्रयागराज की यात्रा कर रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह इस्कॉन पंडाल में भंडारा सेवा करेंगे। इसके साथ-साथ त्रिवेणी में पूजा-अर्चना के बाद अतिप्रसिद्ध बड़े हनुमान जी के दर्शन करेंगे। अदाणी समूह इस वर्ष इस्कॉन और गीता प्रेस के साथ मिलकर महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। इस्कॉन के साथ मिलकर अदाणी समूह प्रतिदिन 1 लाख श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण कर रहा है। इसके अतिरिक्त गीता प्रेस के साथ मिलजुल कर अदाणी समूह 1 करोड़ आरती संग्रह का वितरण कर रहा है। सुबह 10.30 बजे से 11.20 बजे तक स्थान- इस्कॉन मंदिर सेक्टर 19 11.30 पूर्वाह्न-12.20 अपराह्न स्थान-वीआईपी बोट जेट्टी 12. 25 अपराह्न-12.45 अपराह्न-स्थल- हनुमान मंदिर 12.45-दोपहर 1 बजे-चेयरमैन सर गीता पैगोडा का दौरा करेंगे। वह गीता पैगोडा के पास मीडिया को संबोधित करेंगे।

## गड़बड़ा धाम में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** विकास खंड के सुप्रसिद्ध स्थल गड़बड़ा धाम में सोमवार को भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही ठंड की परवाह किए बिना भक्तों ने सेवटी नदी में स्नान किया। मंदिर का कपाट खुलते ही पुरुष महिला भक्त अलग-अलग कतारों में खड़े हो कर दर्शन पूजन किया। मंदिर परिसर मां की जयकारेसेगूंज रहा था। सेवटी नदी सेजल भरकर देवी धाम मेंदर्शन-पूजनके लिए भक्त पहुंचे। स्नान के लिए घाट पर भी भीड़ उमड़ी रही। मंदिर पुजारी मंगल धारी मिश्र व रामाश्रय मिश्र नेबताया कि भोरसेमंगल आरती के पश्चात सेही मंदिर का पट खोल दिया गया था तब सेअनवरत श्रद्धालुओं के आने-जानेका सिलसिला पूरेदिनजारी रहा। लगभग बीस हजार भक्तों नेमां के दरबार मेंशीश नवाया।

## महिला को बचाने के चक्कर में बाइक पलटी, घायल

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चक कोटार बौध मंदिर के पास सोमवार को तीन बजेदिन में बाइक सवार पैदल जारही महिला को बचाने में असंतुलित होकर गिर गया। बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहाँ उपचार चल रहा है। थाना क्षेत्र के अहुगी कला गाँव निवासी 35 वर्षीय श्याम लाल अपने रिश्तेदार के यहाँ बाइक से जा रहे थे। अदवा पुरवा नहर के चककोटार गाँव स्थित बौध मंदिर के पास पहुंचे कि सड़क पर पैदल जा रही थाना क्षेत्र के सगरा गाँव निवासी 24 वर्षीय लीलावती को बचाने में खुद बाइक सहित गिर गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहाँउपचार चलरहा है। इस संबंध में डाक्टर विवेक खरेनेबताया कि घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## क्रय केन्द्रों पर गेहूं की खरीद एक मार्च से 15 जून

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।।** सम्भागीय खाद्य नियंत्रण विन्ध्याचल सम्भाग ने मण्डल के मिर्जापुर, सोनभद्र एवं भदोही में 1 मार्च से 15 जून 2025 तक जिलाधिकारी द्वारा गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ की खरीद प्रारम्भ होगी। गेहूँ का समर्थन मूल्य 2,425 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। गेहूँ क्रय केन्द्र प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक संचालित रहेंगे। किसान भाई गेहूँ विक्रय के पूर्व किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साईबर कैफे एवं मोबाइल एप के माध्यम से खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराकर अपने गेहूँ का विक्रय अपने नजदीकी क्रय केन्द्र पर कर सकते है। मूल्य का भुगतान 2,425 प्रति कुन्तल की दर से पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से किसानों के आधार से लिंक एनपीसीआई पोर्टल पर मैप्ड नये खाते में किया जायेगा।

## हृदय गति रुकने से अधेड़ किसान की मौत

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव निवासी एक अधेड़ किसान की रविवार को देर रात हृदय गति रुकने से मौत हो गई। परिजनों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने अधेड़ किसान को मृत घोषित कर दिया परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए किसान अंतिम संस्कार कर दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव निवासी 52 वर्षीय लाल बहादुर सिंह उर्फगुड्डू सिंह रविवार को शाम गाँव में एक कार्यक्रम में शरीक होने गए थे। वहां से देर शाम खेत के पास से वापस लौट रहे थे कि रास्ते में अचेत होकर गिर गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर चिकित्सक विवेक खरे ने मृत घोषित कर दिया मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया परिजन शव लेकर घर चले गये और अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक अधेड़ किसान के पास चार बेटियां हैं पत्नी सीमा सिंह पति के मौत की सूचना पर रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि परिजन मृत अवस्था में लेकर आए थे। प्रथम दृष्टया हृदय गति रुकने से मौत हुई है।


## 317 जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह भटवारी में होगा

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकास खंड के भटवारी गाँव स्थित पहडी पर मैदान में मंगलवार को चार ब्लॉकों का मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह में 500 के सापेक्ष कुल 317 जोड़ों की शादी संपन्न होगी। जिसमें हलिया विकास खंड के 117, पटेहरा से 72, लालगंज से 94, छानवे विकास से 34 जोड़ों की शादी किया जाना है। इस संबंध में बीडीओ डाक्टर राजीव कुमार शर्मा व समाज कल्याण अधिकारी रणजीत ने बताया कि 500 के सापेक्ष चार ब्लॉकों से 317 जोड़ों की सूची फाइनल है एक दो जोडे बढ़ भी सकते है। शादी के लिये सभी तैयारियां पूर्ण है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी की व्यवस्थाओं व तैयारियों का खंड विकास अधिकारी राजीव शर्मा व सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं व तैयारियों का जायजा लिया है।

## बोल्डर लदे ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार घायल, रेफर

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के चौखड़ा गांव निवासी 40 वर्षीय बिरजू रविवार की रात लगभग दो बजे बाइक से अपने घर चौखड़ा जा रहा था। राजगढ़ गांव में कर्बला के पास मिर्जापुर-सोनभद्र मुख्य मार्ग पर बोल्डर लदा ट्रैक्टर ट्राली खड़ा था स रात के अंधेरे में दिखाई नहीं दिया और बाइक सवार बिरजू ट्रैक्टर ट्राली में जाकर पीछे से टकरा गया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां घायल की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने उसे ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। इस संबंध में राजगढ़ थाना प्रभारी महेंद्र पटेल ने बताया कि बोल्डर लदे ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वन विभाग के दबंग दरोगा की हलिया रेंज में हुआ तैनाती



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** वन विभाग के दबंग वन दरोगा सूरज पाण्डेय का शासन से तैनाती हलिया रेंज में हुई है। वन दरोगा सूरज पाण्डेय द्वारा हलिया रेंज में चार्ज लेते ही अवैध कार्य करने वाले लोगों में तेजी के साथ खलबली मच गई है। वन क्षेत्र में अवैध खनन, परिवहन, शिकारियों, अवैध लकड़ी कटान सहित अन्य अवैध कार्य करने वाले लोगों में खलबली मच गई है सूरज पाण्डेय पूर्व में हलिया रेंज में 2021 में वन दरोगा के पद पर तैनात रह चुके है वन दरोगा के तैनाती के समय हलिया रेंज में अवैध कार्य पर पूरी तरह से अंकुश लग गया था। वन दरोगा सूरज पाण्डेय वन विभाग के तेजतर्रार वन दरोगा माने जाते है।